रांची ● वर्ष : 02 ● अंक : 185 ● हजारीबाग से भी प्रकाशित ● पृष्ठ : 12 ● मंगलवार ● 30.04.2024 ● मूल्य : 4 रुपया ● TV.awazdailyharshit tv & www.pratahawazlive.com ● सुझाव या शिकायत : pratahawajranchi@gmail.com

रांची संस्करण

# प्रातः आवाज

हम बनेंगे आपकी आवाज, निर्भीक एवं निष्पक्ष हिन्दी दैनिक

लोस चुनाव में झारखंड का मतदान प्रतिशत बेहतर रहने की संभावना : रवि कुमार




पेज - 03

## संक्षिप्त समाचार

### जैक इंटर का रिजल्ट आज

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) इंटर का रिजल्ट 30 अप्रैल को जारी करेगा। जैक पूर्वाह्न 11 बजे इंटर साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स सभी का रिजल्ट एक साथ जारी करेगा। झारखंड बोर्ड इंटरमीडिएट के 94 हजार 433 विद्यार्थियों ने विज्ञान की परीक्षा दी थी। इनके अलावा 25 हजार 907 विद्यार्थी 12वीं कॉमर्स व 02 लाख 24 हजार 502 परीक्षार्थी आर्ट्स की परीक्षा में शामिल हुए थे। झारखंड बोर्ड 12वीं का रिजल्ट छात्र जैक की ऑफिशियल वेबसाइट jacresults.com और jac.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है। झारखंड बोर्ड 12वीं की परीक्षा में करीब चार लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। झारखंड बोर्ड इंटर की परीक्षाएं छह फरवरी से 26 फरवरी तक दूसरी शिफ्ट में आयोजित की गई थीं।

### ब्राउन शुगर के साथ दो नशा कारोबारी गिरफ्तार

**रांची।** रांची के लोअर बाजार थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो नशा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारियों में अंकित लकड़ा और नितीन खलखो शामिल है। दोनों लालपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनके पास से 6.13 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि लोक सभा चुनाव के मद्देनजर मादक द्रव्यों की बरामदगी एवं कारगर कार्रवाई के दृष्टिकोण से चले रहे लगातार छापेमारी के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर सिटी डीएसपी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने ब्राउन शुगर के साथ दो युवको को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### रिमांड अवधि पूरी होने के बाद अंतू तिर्की सहित अन्य आरोपितों को भेजा गया जेल

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले मामले में सोमवार को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद झामुमो नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहमद इरशाद, प्रियरंजन सहाय और अफसर अली को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी की ओर से इनसे और पूछताछ के लिए रिमांड का आग्रह नहीं करते हुए उन्हें जेल भेजने का आग्रह किया गया। इसके बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने इन सभी पांचों आरोपितों को जेल भेज दिया।

### हाईकोर्ट ने दिया गढ़वा के कांडी थाना को सील करने का आदेश

रांची : झारखंड हाईकोर्ट में गढ़वा के निजी जमीन पर थाना भवन बनाने के बाद मुआवजा नहीं देने के मामले को लेकर सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने कांडी थाना को तुरंत सील करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह निर्देश दिया है कि जब तक निजी जमीन पर बनाए गए थाना भवन का मुआवजा नहीं दिया जाता है तब तक यह सील रहेगा। जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में गढ़वा जिले में निजी जमीन पर थाना बनाने और मुआवजा नहीं देने के मामले में सुनवाई हुई।

# राज्य में भीषण गर्मी एवं लू के कारण केजी से कक्षा आठ तक की कक्षाएं स्थगित

एजेंसी

**रांची ।** राज्य में अत्यधिक गर्मी पड़ने एवं लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में केजी से कक्षा आठ तक की कक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों पर यह आदेश लागू नहीं होगा। शिक्षकों-शिक्षकेत्तर कर्मियों को देय ग्रीष्मावकाश के लिए अलग से आदेश निर्गत किया जायेगा। यह



आदेश सोमवार को सरकार के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने जारी की है। यह अगले आदेश तक लागू रहेगा।

उल्लेखनीय है कि अभिभावक संघ ने स्कूलों में छुट्टी करने की मांग की थी। इस संबध में झारखंड अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने ईमेल के माध्यम से एक ज्ञापन शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रधान सचिव को सौंपा था, जिसमें मांग की गयी है कि तापमान में अत्यधिक वृद्धि को देखते हुए सभी सरकारी गैर सरकारी स्कूलों में छुट्टी दी जाये। इन परिस्थितियों में छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल भेजना अभिभावक के लिए चिंतनीय है।

## शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी करेंगे ये काम

- कक्षा एक से सात तक की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए परीक्षाफल प्रकाशन, रिर्पोट कार्ड की तैयारी, छात्रवार विद्यार्थियों के प्राप्तांक को ई-विद्यावाहिनी में ऑनलाईन कार्य पूरा करेंगे।
- यू-डाईस प्लस में विद्यार्थियों के आंकड़ों की शत-प्रतिशत प्रविष्टि का कार्य पूर्ण करेंगे।
- विद्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों की केटलागिंग करते हुए इसे संधारित करना सुनिश्चित करेंगे।
- विद्यालय के सभी प्रकार के पंजी, बैंक पासबुक, कैशबुक इत्यादि का अद्यतन संधारण करेंगे।
- शैक्षणिक सत्र-2024-25 के लिए आने वाले विद्यार्थियों का नामांकन का कार्य करेंगे।
- शैक्षणिक सत्र-2024-25 के लिए कक्षावार एवं विषयवार पाठ्य योजना तथा संबंधित शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण करेंगे।
- सभी शिक्षक क्षमता निर्माण के लिए जे-गुरुजी एप्लीकेशन में स्वयं को पंजीकृत कराते हुए उस पर उपलब्ध वीडियो सामग्री का अवलोकन करेंगे।
- सभी प्रकार के आवासीय विद्यालय पूर्व की भांति यथावत संचालित रहेंगे।
- कक्षा 09 से ऊपर की कक्षाएं सुबह सात बजे से 11:30 बजे तक संचालित की जाएंगी। इस अवधि में प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य घर के बाहर गतिविधियां संचालित नहीं की जाएगी।

### पपराटांड़ खेल मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा

# दो चरणों के मतदान के बाद पीएम और भाजपा का उत्साह पड़ा ठंडा

प्रातः आवाज

**गिरिडीह ।** गांडेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद समाहरणालय के समीप पपराटांड़ खेल मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया।

चम्पाई ने तंज कसते हुए कहा कि पिछले कई महीनों से 400 पार का नारा लगाया जा रहा था लेकिन दो चरणों के मतदान के बाद अब मोदी और भाजपा का उत्साह ठंडा



पड़ता जा रहा है। इनका बस चलता तो ये 543 सीटों पर जीत का दावा कर देते लेकिन दो चरणों के मतदान के बाद अब भाजपा जान चुकी है कि उनका क्या होने वाला है।

मुख्यमंत्री से पहले कल्पना सोरेन ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए पति हेमंत सोरेन और ससुर शिबू सोरेन के नामों का जिक्र करते हुए कहा कि वो भाग्यशाली हैं कि झारखंड के एक आंदोलनकारी नेता की बहू हैं। क्योंकि, गिरिडीह की धरती से शिबू सोरेन ने जो आंदोलन किया था, वो हर एक झारखंडी की अस्मिता और वजूद से जुड़ा था। जनसभा में उमड़ी भीड़ ने इस दौरान जमकर नारे भी लगाये। कल्पना सोरेन ने समर्थकों के जोश और उत्साह को बढ़ाये रखा और मंच से जमकर हेमंत सोरेन के समर्थन में नारे लगाये।

कल्पना ने कहा कि हेमंत सोरेन राज्य के युवा नेता हैं और भाजपा ने उन्हें जेल भेज दिया। ये राज्य के युवा कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा कि वो पिछले कई दिनों से गांडेय का भ्रमण कर चुकी हैं और उन्हें सबसे अधिक परेशानी तब होती है जब वो इलाके में पानी के लिए लोगों को परेशान होते देखती हैं। इसलिए यदि वो उप चुनाव जीतीं, तो सबसे पहले पीने के पानी के साथ सिंचाई के लिए पानी की व्यस्था कराने का प्रयास करेंगी।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मिथलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख, हफीजुल हसन, आलमगीर आलम, सांसद सरफराज अहमद, मंत्री बसंत सोरेन, विधायक इरफान अंसारी, सदर विधायक सुद्विया कुमार सोनू, पूर्व सांसद महुआ माजी, जेएमएम के सुप्रियो भट्टाचार्य, गिरिडीह जेएमएम, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेता कृष्ण मुरारी शर्मा, जेएमएम के संजय सिंह, अजीत कुमार पप्पू, शाहनवाज अंसारी, जमुआ कांग्रेस की प्रभारी डॉक्टर मंजू कुमारी समेत इंडी गठबंधन के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए कल्पना ने दाखिल किया नामांकन



प्रातः आवाज

**गिरिडीह ।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत करते हुए सोमवार को गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बेबी देवी, राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद, मंत्री आलमगीर आलम, सदर विधायक सुद्विय कुमार सोनू, बगोदर विधायक और कोडरमा का इंडी गठबंधन के प्रत्याशी बिनोद सिंह भी उपस्थित थे। आचार संहिता के कारण ही गिरिडीह जिला समाहरणालय में स्थित जिला निवार्ची पदाधिकारी गुलाम समदानी के समक्ष सिर्फ प्रस्तावक और समर्थक ही शामिल हुए थे। शुभ मुहूर्त 12 बजकर 20 मिनट में कल्पना सोरेन ने एक सेट में नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इससे पहले उनका काफिला गिरिडीह के उत्सव उपवन रिसोर्ट से निकला। इस दौरान उनके समर्थको की भीड़ भी उन्हें जीत की शुभकामनाएं दी।

# प्रशासन या सरकार किसी भी व्यक्ति के घर को जबरदस्ती नहीं तोड़ सकती : झारखंड हाई कोर्ट

प्रातः आवाज

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट ने गढ़वा सदर में अतिक्रमण बताकर एक घर को तोड़ने की नोटिस दिए जाने से संबंधित अशोक कुमार की याचिका की सुनवाई के बाद आदेश में कहा कि प्रशासन या सरकार किसी भी व्यक्ति के घर को जबरदस्ती नहीं तोड़ सकते, चाहे वह अवैध अतिक्रमण ही क्यों ना हो।

कोर्ट ने कहा कि कानून के द्वारा विधि सम्मत तरीके से प्रोसिडिंग चलाएं बिना घर तोड़ने



की कार्रवाई नहीं की जा सकती है, चाहे वह अतिक्रमण का क्यों ना हो। कोर्ट ने आदेश दिया कि यदि राज्य सरकार को लगता है कि याचिकाकर्ता का घर अवैध अतिक्रमण का है तो झारखंड पब्लिक लैंड एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत कार्रवाई कर करके ही उसे हटा सकती है। बगैर इसके याचिकाकर्ता का घर नहीं हटाया जा सकता है।

याचिकाकर्ता के गढ़वा सदर स्थित आवास में 10 मार्च को गढ़वा सीईओ ने नोटिस निर्गत कर 24 घंटे के अंदर उनके घर के दस्तावेज को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, अन्यथा उसके घर को अवैध अतिक्रमण मानते हुए उसे अतिक्रमण मुक्त करने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही थी। इसके बाद 11 मार्च को याचिकाकर्ता ने गढ़वा सीओ के पास समुचित कागजात जमा कर दिए थे। इसके बाद भी सर्किल इंस्पेक्टर, गढ़वा सदर पुलिस बल के साथ उनके घर आए थे और उनके घर की नापी ली और लाल दाग लगा दिया था। याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में इसके खिलाफ याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने मामले में दिशा-निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी।

# रांची लोकसभा सीट के लिए संजय सेठ सहित आठ ने खरीदा नामांकन पत्र, एक ने भरा पर्चा

प्रातः आवाज

**रांची।** रांची लोकसभा सीट के लिए सोमवार को नामांकन के पहले दिन आठ प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन फॉर्म खरीदा। छट्ठे चरण में होने वाले चुनाव को लेकर सोमवार को ही अधिसूचना जारी हुई है।वहीं सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) के प्रत्याशी मिंटू पासवान ने समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में नामांकन दाखिल किया।



**इन अभ्यर्थियों ने खरीदा नॉमिनेशन फॉर्म**

- मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय
- संजय सेठ, भारतीय जनता पार्टी
- मिंटू पासवान, एसयूसीआई (कम्यूनिस्ट)
- रामहरि गोप, एपीआई
- धर्मेन्द्र तिवारी, भारतीय जनतंत्र मोर्चा
- हरिनाथ साहू, लोकहित अधिकार पार्टी (झा)
- पंकज कुमार रवि, (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक)
- मनोज कुमार, निर्दलीय

### मध्य प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव बोले

# चतरा के बीजेपी प्रत्याशी कालीचरण सिंह हैं स्थानीय, भारी मतों से विजयी बनाएं

प्रातः आवाज

**हंटरगंज (चतरा) :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त बनने की ओर अग्रसर है। देश में आतंकवादी घटनाएं रूकी हैं। आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जब-जब आतंकवादी मारा जाता है, पाकिस्तान अपना हाथ होने से इनकार कर देता है। धर्म-संस्कृति बचाने के लिए बीजेपी के पक्ष में वोट करें। उन्होंने कहा कि बीजेपी प्रत्याशी कालीचरण सिंह स्थानीय प्रत्याशी हैं। इन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर संसद भेजें। वे सोमवार को हंटरगंज हाईस्कूल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मध्य प्रदेश के सीएम




डॉ मोहन यादव ने कहा कि 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह थे। इस दौरान जब भी आतंकवादी घटनाएं होती थीं, वे कहते थे कि पाकिस्तान मान ही नहीं रहा है। दिल्ली, मुंबई में आतंकी घटनाएं होती थीं। आतंकवादियों से निबटने का कोई उपाय नहीं किया जाता था। आज आतंकवादियों को पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा मुहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। विदेशों में भारत का डंका बज रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी जो कहते हैं, उसे करके दिखाते हैं।

**कालीचरण सिंह को भारी मतों से विजयी बनाएं :** एमपी के सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि आम लोगों की मांग पर ही इस बार बीजेपी द्वारा स्थानीय व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया गया है। बीजेपी प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से जीता कर संसद भेजें। इस मौके पर लगभग 100 लोगों ने बीजेपी का दामन थामा। इन्हें माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने पार्टी प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से जिताने की अपील की। पार्टी प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि जनता मौका दे। वे क्षेत्र का विकास करेंगे। मूलभूत सुविधाएं बहाल करेंगे।

### साहिबगंज में 25 घर जलकर राख, दो साल की बच्ची की मौत, 10 लाख का नुकसान

**साहिबगंज ।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालबथानी के हाजी टोला में सोमवार को अचानक लगी आग से 25 घर जलकर राख हो गये। इस दौरान घर में सो रही एक दो वर्षीय बच्ची की झुलस कर मौत हो गयी, वहीं एक महिला घायल हो गयी है। बताया जाता है कि किसी एक घर से चूल्हे से निकली चिंगारी से घर जलने लगा। इसके बाद देखते-ही-देखते आग ने तकरीबन दो दर्जन घरों को अपनी चपेट में ले लिया। सभी घर धू-धू कर जलने लगे। काफी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोगों की मानें, तो इस हादसे में करीब 10 लाख का नुकसान हुआ है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उस पर काबू पाना बेहद मुश्किल हो रहा था।

# लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी

### रांची सीट के चुनाव के लिए छह मई तक नामांकन, सात मई को स्क्रूटनी

प्रातः आवाज

**रांची ।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी हो गयी। इसकी जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में दी।

सिन्हा ने बताया कि छठे चरण के लिए अधिसूचना जारी होते ही नामजदगी के पर्चे दाखिल किये जा सकेंगे। अभ्यर्थी छह मई तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। अगले दिन सात मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। इसके दो दिन बाद यानी नौ मई तक अभ्यर्थी अपने नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके साथ ही चुनावी मैदान में




डटे उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी। 25 मई को मतदान होगा और चार जून कप पंडरा बाजार समिति प्रांगण में मतगणना होगी।

उपायुक्त ने बताया कि अभ्यर्थी समाहरणालय ब्लॉक-ए के कमरा संख्या 312 से नामांकन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। सुबह 10:00 बजे से शाम पांच बजे तक नामांकन पत्र प्राप्त किया जा सकेगा। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित कमरा संख्या 202 को निवार्ची पदाधिकारी का कक्ष बनाया गया है। जहां नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अधिसूचित स्थल पर सुबह 11:00 बजे से दोपहर तीन तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि रांची जिला में मतदाताओं की जानकारी देते हुए बताया कि 26 अप्रैल तक रांची में कुल मतदाता 24 लाख 88 हजार 715 हैं, जिनमें 12 लाख 55 हजार 479 पुरुष जबकि 12 लाख 33 हजार 168 महिला मतदाता है। थर्ड जेंडर वोटर्स की संख्या 68 है। सिन्हा ने एक बार फिर से रांची वासियों से वोट अपील की। उन्होंने कहा कि इलेक्शन मशीनरी द्वारा लोकतंत्र के पर्व में मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की गयी हैं, लोकतंत्र को मजबूत बनाने और देश गढ़ने में 25 मई को अपने बूथ में जाकर अवश्यक मतदान करें।

# भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने तमाड़ प्रखंड के गांवों में किया जनसंपर्क

प्रातः आवाज

**रांची।** केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने तमाड़ प्रखंड (खूंटी) के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि देशभर में रहने वाले किसान, महिला, युवा, गरीब, सबके लिए नीति बनाने का काम हमारी सरकार कर रही है। आज भारत सरकार जनता की भलाई के लिए नीतियां बनाकर राज्य सरकार को पैसा भेजती है लेकिन राज्य सरकार इन योजनाओं को लागू करने में विफल है।



अर्जुन मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार ने नल-जल योजना के लिए पैसा भेजा लेकिन उसका बुरा हाल है। केंद्र सरकार गरीबों के लिए मुफ्त अनाज भेज रही है लेकिन उसका भी बंदरबांट यह सरकार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार सबके कल्याण के बारे में सोचती है और कार्य करती है। ऐसी सरकार को हमें फिर से लाना है। फिर से हम सब मोदी सरकार बनाएं।

अर्जुन मुंडा ने कहा कि हमारे बच्चे शिक्षित हों, परिवार स्वस्थ्य हो, लोगों को रोजगार मिले, इस तरह के कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। आज हमारा देश आत्मनिर्भर बन रहा है। विदेशों में बनने वाले सामान हमारे देश में बन रहे हैं। खूंटी वासियों के लिए गर्व करने का पल यह है कि सबसे महंगा बिकने वाला फोन आईफोन यहां की बेटियां बना रही हैं। रोजगार मेले के माध्यम से हमने खूंटी लोकसभा क्षेत्र की हजारों बेटियों को रोजगार दिया है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के दस साल की उपलब्धियां गिनायी और केंद्र में मोदी सरकार को फिर से लाने की अपील की।

## झारखंड हाई कोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश

प्रातः आवाज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड स्टेट बार काउंसिल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उसे छह माह की कार्य अवधि का विस्तार मिलने के बाद बार काउंसिल आफ इंडिया (बीसीआई) की ओर से फिर से काउंसिल के कार्यकाल को 18 माह का विस्तार देने के खिलाफ दायर संजय कुमार तिवारी की याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने बार काउंसिल आफ इंडिया को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

याचिकाकर्ता की ओर से झारखंड स्टेट बार काउंसिल के काम पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया गया था लेकिन हाई कोर्ट ने फिलहाल अंतरिम राहत नहीं दी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता निलेश कुमार ने सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल का कार्यकाल जुलाई 2023 में समाप्त हो गया था। इसके बाद उसे छह माह का और कार्य अवधि विस्तार दिया गया था, जो जनवरी 2024 में समाप्त हो चुका है। इसके बाद बार काउंसिल आफ इंडिया ने पत्र जारी कर स्टेट बार काउंसिल के कार्यकाल को 18 माह का अवधि विस्तार दिया है, जो गलत है।

## समाचार सार

### भाजपा ही कर सकती है गरीबों का विकास : अखिलेश यादव



**नामकुम (प्रातः आवाज)।** भारतीय जनता पार्टी खिजरी मंडल ओबीसी मोर्चा कार्यसमिति की बैठक ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष दिलीप साहू की अध्यक्षता में की गई। बैठक में प्रभारी ओबीसी मोर्चा रांची ग्रामीण जिला के उपाध्यक्ष अखिलेश यादव उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार यादव ने उपस्थित पदाधिकारी से कहा कि ओबीसी मोर्चा को विशेष कर संगठन की मजबूती के साथ-साथ लोकसभा 2 मई के रांची लोकसभा प्रत्याशी के संजय सेठ जी के नामांकन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में चलने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की सबसे बड़ी आबादी ओबीसी की है, श्री यादव ने कहा कि भाजपा के आने से ही ओबीसी वर्ग व अन्य वर्गों के लिए कई विकास योजना का कार्य किया है। आसपास में गरीबों का विकास संभव है। उन्होंने ने रांची लोकसभा से उम्मीदवार संजय सेठ को 5 लाख वोट से जीताने का संकल्प लिया गया। बैठक में सभी उपस्थित पदाधिकारी से आह्वान किया गया कि ओबीसी मोर्चा चुनाव के दौरान सभी ओबीसी समुदाय के सदस्यों के बीच जाकर चुनाव का प्रचार प्रसार करेंगे और केंद्र सरकार द्वारा जनहित में किए गए जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराएंगे। इस मौके पर धन्यवाद ज्ञापन तुलसी गोप ने किया। इस मौके पर रामकिशुन महतो, सीता देवी, निरंजन कुमार, दुर्गा महतो, कृष्णा महतो, हरिलाल गंजू, राजेश महतो, उर्मिला देवी, राम अवतार साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### व्यापारियों की ओर से प्राप्त समस्याएं और सुझाव हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण : चैंबर



रांची (प्रातः आवाज)। व्यापार जगत के बीच वर्तमान में बनी हुई समस्या और उसके समाधान हेतु सोमवार को चैंबर भवन में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की एक समीक्षात्मक बैठक हुई। गुमला और नेतरहाट में जिले के व्यापारियों की ओर से प्राप्त समस्याओं के समाधान पर कार्रवाई हेतु विभागीय अधिकारियों को पत्राचार भी किया गया। बैठक में चैंबर की उप समितियों की गतिविधियों को सक्रिय बनाने के साथ ही आगामी माह में अन्य जिलों के दौरों पर भी वार्ता की गई। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि गुमला, गढ़वा, बंशीधरनगर, गोड्डा, रामगढ़ समेत विभिन्न जिलों के व्यापारियों की ओर से प्राप्त समस्याएं और सुझाव हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। जल्द ही विभागीय अधिकारियों से मिलकर भी समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रयास किया जायेगा। बैठक में अध्यक्ष किशोर मंत्री के अलावा उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव शैलेष अग्रवाल, अमित शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार और प्रवीण लोहिया उपस्थित थे।

### जमशेदपुर के पूर्वी विधायक ने किया क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं का निरीक्षण



**रांची (प्रातः आवाज)।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने अपने विधानसभा क्षेत्र में जुस्को द्वारा क्रियान्वित हो रहे पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं का निरीक्षण किया और प्रगति का जायजा लिया। इस क्रम में वे इलाके में गये और वहां के नागरिकों से तथा टाटा स्टील यूआईएसएल के पदाधिकारियों से इस संबंध में जानकारी हासिल किया। उन्होंने पाया कि रामाधीन बगान पानी टंकी से जोजोबेड़ा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप बिछाने का कार्य चल रहा है, जिसके दो माह के भीतर पूरा हो जाने की उम्मीद है। इसके बाद टाटा स्टील यूआईएसएल द्वारा पेयजल कनेक्शन के लिए फॉर्म वितरित किए जाएगा और पेयजल आपूर्ति आरंभ की जाएगी। उन्होंने जोजोबेड़ा में बन रहे खेल मैदान का जायजा लिया और दूरभाष पर अधिकारियों को निर्देश दिया कि मैदान के संबंध में चल रहे विवाद का शीघ्र निपटारा कराएं। इसके बाद श्री राय ने भुइयांडीह के ऑक्सीजन मैदान में बन रहे पेयजल आपूर्ति पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। टाटा स्टील यूआईएसएल के वहां उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि पंपिंग स्टेशन का कार्य 60 प्रतिशत से अधिक पूरा हो गया है, साथ ही साथ मुहल्लों में पेयजल का कनेक्शन देने के लिए पाइपलाइन डालने का कार्य भी प्रगति पर है।

### एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने उल्लास के साथ मनाया वार्षिक दिवस




**रांची (प्रातः आवाज)।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के महिला कल्याण विंग ने अपना वार्षिक दिवस समारोह उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर के मुख्य अतिथि, अनिमेष जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) और सीईओ (एनएमएल) और रेखा जैन, अध्यक्ष, स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में दीपक जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए, श्रीमती जैन ने कहा कि स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब अपनी विभिन्न कल्याणकारी और सीएसआर पहलों के माध्यम से समाज में योगदान दे रहा है, जैसे कौशल विकास प्रशिक्षण यानी वंचितों को कंप्यूटर प्रशिक्षण, आवश्यक खाद्य पदार्थ प्रदान करना आदि। सदस्यों के संयुक्त प्रयासों के कारण क्लब द्वारा सभी पहल की गई। उन्होंने सदस्यों के लिए कौशल विकास के लिए कार्यशालाओं सहित पूरे वर्ष विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में योगदान के लिए सदस्यों के प्रति आभार और धन्यवाद व्यक्त किया और सदस्यों को एक एकजुट परिवार के रूप में खड़े होने और हमारे आसपास के समाज पर स्थायी प्रभाव डालने का आह्वान किया।

## मांडर : सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल

**मांडर (प्रातः आवाज)।** एनएच 75 में ब्राम्बे के निकट सोमवार की शाम को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक हर्ष कुमार 23 वर्ष व विकास कुमार शर्मा 24 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों रांची के मधुकम के रहने वाले हैं। जिन्हें मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया है। घटना शाम करीब पांच बजे की है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक फर्नीचर का काम काम करते हैं और मांडर टोल प्लाजा के समीप किसी के घर में फर्नीचर का काम करके रांची जा रहे थे। इसी क्रम में तिग्गा काम्प्लेक्स के समीप ओवरटेक करने के क्रम में एक वैन से टकरा कर सड़क पर गिर गये। हादसे में दोनों के सिर में गंभीर चोटें आयी है।

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने खरीदा पर्चा






प्रातः आवाज

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने सोमवार को रांची लोकसभा के पार्टी प्रत्याशी के रूप विभिन्न स्थानों में जनसंपर्क किया। श्री तिवारी ने मोराबादी मैदान में मॉर्निंग वॉकर कर रहे सैकड़ों व्यक्तियों से संपर्क किया। तत्पश्चात एदलहातू, रातु रोड, हरिहरसिंह रोड, कुष्ठ कॉलोनी, शनि मंदिर धुर्वा तथा निवाराणपुर कॉलोनी का दौरा कर लोगों को भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रति वोट करने की अपील की। मौके पर श्री तिवारी ने रांची के वर्तमान सांसद संजय सेठ पर जम कर हमला किया तथा कहा कि श्री सेठ रांची के आज तक के सबसे कमजोर सांसद साबित हुए। उनका हर जगह विरोध हो रहा है क्योंकि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ठगने का काम किया है तथा रांची की जनता को गिनाने लायक एक भी काम नहीं किया है। श्री तिवारी ने मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट करने का अपील किया। इसके साथ ही सोमवार को श्री तिवारी ने ज़िला निर्वाचन कार्यालय जा कर लोकसभा प्रत्याशी का पर्चा भी खरीदा।

## मांडर बस्ती में ट्रांसफार्मर के अभाव में पांच दिनों से विद्युतापूर्ति बाधित

### भीषण गर्मी में ग्रामीणों के बीच त्राहिमाम की स्थिति

प्रातः आवाज

**मांडर।** मांडर के टांगरबसली मोड़ से सटे बस्ती के लोग पिछले पांच दिनों से ट्रांसफार्मर के अभाव में बिजली की समस्या से जूझ रहे है। और भीषण गर्मी में बिजली नहीं रहने से त्राहिमाम की स्थिति में हैं। बस्ती के लोगों ने बताया कि यहां जीईएल चर्च के समीप लगा 200 केवीए का ट्रांसफार्मर कुछ दिन पहले खराब हो गया था। जिसे 26 अप्रैल को ही बिजली विभाग के वर्कशॉप में पहुंचा दिया गया है। लेकिन उसके बदले यहां पर दूसरा ट्रांसफार्मर अब तक नहीं लगाया गया है। जिसके चलते यहां इस ट्रांसफार्मर से जुड़े करीब सवा सौ उपभोक्ताओं का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बिजली नहीं रहने से यहां बच्चों की पढ़ाई लिखाई, कारोबार खाना पीना सोना तो प्रभावित है ही लोगों को सबसे



अधिक परेशानी इस गर्मी में पानी को लेकर हो रही है। घरों में बोरिंग नहीं चलने से नहाना धोना सब मुश्किल हो गया है, और पीने का पानी उन्हें दूसरी जगह से लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार चुनाव के इस दौर में नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए वह विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के पास भी गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक सिर्फ उन्हें हर जगह आश्वासन ही मिल रहा है। ट्रांसफार्मर लगाने में हो रही देरी के बाबत पूछने को लेकर सोमवार को बिजली विभाग के जीएम 9431135609 सहित एसडीओ 9431135635 से भी कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन उन्होंने हमेशा की तरह फोन नहीं उठाया। वहीं स्थानीय जेई आशीष कुमार मुंडा ने कहा कि ट्रांसफार्मर को लेकर उन्होंने सोमवार को विभाग के एक कर्मी को रांची के चुटिया स्थित वर्कशॉप भेजा था। लेकिन यहां के लिए ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं हो पाया।

## खूंटी संसदीय सीट के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी व तमाड़ विधायक ने चलाया संयुक्त जनसंपर्क अभियान

प्रातः आवाज

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को खूंटी संसदीय सीट के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने संयुक्त रूप से जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और विधायक विकास कुमार मुंडा ने आमलेशा, बुरुडीह, आचुडीह, आमटांड, मछुवाडीह, बरलंगा, मानकीडीह, जाराडीह, वीरडीह, कुरचुडीह, जोजोडीह, हाड़ामलोहर, बुढ़ादीरी, पालना, बाबूरामडीह आदि दर्जनों गांवो में डोर-टू-डोर जाकर जनसंपर्क करते हुये महागठबंधन के



पक्ष में वोट करने की अपील किये। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में खूंटी संसदीय क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप हो गया है। उन्होने भाजपा के पूर्व सांसद का पांच साल के कार्यकाल निराशाजनक बताकर कहा कि अब जनता को समझ जाना चाहिए कि कौन व्यक्ति उनके साथ हर कदम पर खड़ा है। उन्होने जनता से इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट कर जन समर्थन मांगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संजय सेठ, विधायक प्रतिनिधी ऋषिकेश महतो, प्रमुख अजय मुंडा, अजय साहू, संतोष गुप्ता, मुकेश गुप्ता, लालित कृष्ण मुंडा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## बरगड़ी पंचायत के मुखिया लक्ष्मण भगत और पिरामल फाउंडेशन के टीम ने जीरो ड्रॉपआउट पंचायत बनाने के लिए किया स्कूल विजिट

प्रातः आवाज

**मांडर।** पिरामल फाउंडेशन के एस्प्रेशनल भारत कोलाब्रेटिव्ह टीम और बरगड़ी पंचायत के मुखिया लक्ष्मण भगत द्वारा जीरो ड्रॉपआउट पंचायत बनाने के लिए राजकीयकृत मध्य विद्यालय जाहेर में विजिट किया गया। स्कूल विजिट के दौरान स्कूल के हेड मास्टर अनीस अन्सारी से वार्तालाप किया गया। वार्तालाप में पाया गया कि स्कूल को मजबूत बनाने के लिए शिक्षकों की कमी को दूर करना आवश्यक है, जिसके कारण हाल ही में अभिभावकों के द्वारा टी.सी. की मांग की जा रही है, और वार्तालाप



में बच्चों के माता-पिता काम करने बाहर जाते हैं और बहुत से अभिभावक नशापान करने की वजह से बच्चों को स्कूल आने में समस्या होती है। गांव के कुछ नागरिक स्कूल में नशापान करते हैं, जिसकी वजह से विद्यालय सामग्री को संरक्षित करने के लिए वाल कंपाउंड निर्माण करने की आवश्यकता है, और लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता जताई गई। इस विजिट के दौरान एस्प्रेशनल भारत कोलाब्रेटिव्ह टीम के गांधी फेलो दिव्याभारती, शिवानी बिश्नोई, सत्यम तिवारी और निखिल सिंह उपस्थित थे।

## शपथ- पत्र



मैं निशान विश्वकर्मा पुत्र शंकर विश्वकर्मा निवासी ग्राम – कटहल मोड़, नवाटोली, सिमलिया, थाना – रातू, जिला – रांची, झारखंड शपथ पत्र संख्या 46 दिनांक 20/04/2024 द्वारा घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम छोटे लाल विश्वकर्मा से परिवर्तित कर लिया है। निशान विश्वकर्मा को अब मुझे भविष्य में सभी प्रयोजनों के लिए निशान विश्वकर्मा के नाम से जाना जाएगा।

## 10 दिन से बंद अवैध बालू फिर से चालू

### एक दैनिक अखबार में लगातार खबर छपने के बाद बंद हो गई थी अवैध बालु की बिक्र

प्रातः आवाज

*रातू।* 10 दिन से बंद अवैध बालू का कारोबार रविवार रात से फिर शुरू हो गया है। रांची से निकलने वाले एक दैनिक अखबार ने जब लगातार खबरे छापना शुरू किया तब से बालू का कारोबार बंद था। जिससे प्रशासन के साथ ही बालु कारोबारियो में खलबली मची हुई थी। इधर रविवार रात से फिर बालू का अवैध कारोबार शुरू हो गया है। देर रात से ही बिना नंबरो के ट्रैक्टरो से बालू की तस्करी शुरू हो जाती है। 15 दिन पूर्व ही एक बालु ट्रैक्टर ने छठ पूजा करने जा रही वाहन को टक्कर मारा था जिससे तीन लोगो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ट्रैक्टर चालक नाबालिग होते है साथ ही बिना नंबर के ट्रैक्टर रहने के कारण इन्हे भागने में भी सफलता मिलती है। बालू लोड ट्रैक्टर चालक इतने तेज गति से ट्रैक्टर चलाते है कि सडक में चलने वाले लोग डरने लगे है। पहले टर्बो के कारण लोग सड़क पर चलने से



डरते थे अब उसकी जगह ट्रैक्टर ले लिया है।

सात सौ रुपया में छापर नदी से निकलने वाला बालू रातू आते-आते आठ हजार हो जाता है- सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार छापर नदी में सात सौ रूपया में एक ट्रैक्टर बालू मिलता है। सात सौ रूपया में एक ट्रैक्टर बालु रातू आते आते सात से आठ हजार में पहुंच जाता है। ट्रैक्टर चालको की माने तो प्रत्येक थाना में हजारो रूपया देने के साथ ही पीसीआर,गश्ती वाहन के अलावे कोई भी पुलिसकर्मी आसानी से हजारो रूपया लेकर निकल जाता है। जिसके कारण बालू का दाम सात से आठ हजार हो जाता है। बालु कारोबारी कहते है कि अगर पुलिस को पैसा ना देना पडे तो बालु सिर्फ तीन हजार ट्रैक्टर मिलने लगेगा। लेकिन अभी तो एक ट्रैक्टर चालक प्रति ट्रिप तीन हजार लाभ कमाता है बाकि पैसा पुलिस व प्रशासन को देना पडता है। बालू कारोबारी कहते है कि अगर सरकार बालू घाट की नीलामी कर बालु उपलब्ध कराए तो रात के अंधेरे में बालू बेचने की जरूरत नहीं।

## लापुंग प्रखंड में चलाया जाएगा मतदाता जागरूकता अभियान : रंजीत खत्री



प्रातः आवाज

**लापुंग।** मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुकता अभियान को लेकर लापुंग प्रखंड के फतेहपुर साहु कॉम्पलेक्स में विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद साहु की अध्यक्षता बैठक हुई। बैठक के दौरान राम प्रसाद साहु ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार में प्रथम एवं द्वितीय चरण में मतदान का प्रतिशत अत्यंत निम्न रहना मतदाताओं की उदासीनता को प्रदर्शित करता है। बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सम्पर्क प्रमुख रंजीत खत्री ने कहा कि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में चुनाव के दौरान शत प्रतिशत कराना हम सभी का दायित्व है। शत प्रतिशत मतदान को लेकर मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ रांची जिला संपर्क प्रमुख रंजीत खत्री ने कहा कि लोकतंत्र का राष्ट्रीय महापर्व को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाने को लेकर रणनीति बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में जाकर चुनाव आयोग के गाइडलाइन के अनुसार सभी मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर अपने अधिकार का उपयोग कर देश का विकास में मजबूत लोकतंत्र का विकास करने में सहयोग करने की करने की जरूरत है। इस मौके पर विहिप के मंत्री समीर गुप्ता, उपाध्यक्ष किश्वर साहू, अरविंद सिंह उर्फ भूलन सिंह, अनिल कुमार साहु, प्रदीप साहु, लाल दिलीप कुमार सिंह, सत्यनारायण महतो, धरमू साहू, विनोद राम के साथ साथ कई लोग मौके पर मौजूद थे।

# लोस चुनाव में झारखंड का मतदान प्रतिशत बेहतर रहने की संभावना : रवि कुमार

■ झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के आयोजन से बढ़ेगा मतदान प्रतिशत

प्रातः आवाज




**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि प्रतिभागियों की रचनात्मक्ता से मतदाताओं में जागरुकता आएगी। साथ ही झारखंड का वोटिंग प्रतिशत भी बढ़ेगा। झारखंड में लगातार चल रहे विभिन्न मतदाता जागरुकता अभियानों से भी लोकसभा चुनाव-2024 में झारखंड का मतदान प्रतिशत बेहतर होने की संभावना है। वे सोमवार को निर्वाचन सदन स्थित सभागार में झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के विजेताओं को पुरस्कृत कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट की परिकल्पना काफी पहले की गई थी। इस कॉन्टेस्ट में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं ने रचनात्मक कार्य किया है। उन्होंने प्रतिभागियों को कॉन्टेस्ट में सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में प्रतिभागियों के भाग लेने से मतदान के लिए प्रचार-प्रसार बढ़ा है। मतदाताओं में जागरुकता बढ़ी है। सभी मतदाता मतदान करेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए सार्थक पहल करने की अपील की।

**चार कैटेगरी में बंटा था झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट**

झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट चार कैटेगरी में बंटा था। इसमें शार्ट फिल्म कैटेगरी में रंजीत कुमार को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये नकद के साथ शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। म्यूजिक वीडियो कैटेगरी में सोलोमोन दास को प्रथम पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपये नकद, रील्स कैटेगरी में प्रथम अजय कुमार को 10 हजार रुपये, पोस्टर कैटेगरी में प्रथम सूरज कुमार को 15 हजार रुपये नकद के साथ शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया।

पुरस्कार वितरण में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने विषय प्रवेश कराया। कार्यक्रम का संचालन सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता ने किया। झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में झारखंड सहित दूसरे राज्यों से भी प्रविष्टियां आईं थीं। शार्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो, रील्स एवं पोस्टर मेकिंग कैटेगरी में प्रतिभागियों ने भाग लिया और प्रतिभा का प्रदर्शन कर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान भी विजेता प्रतिभागियों ने रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

इन सभी कैटेगरी के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के साथ स्पेशल मेंशन के कुल 41 विजयी प्रतिभागियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों ने नकदी, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।

## समाचार सार

### पीएम मोदी पर कांग्रेस नेताओं ने साधा निशाना




**रांची (प्रातः आवाज)।** कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी देश में भ्रष्टाचार का विद्यालय चला रहे हैं। विद्यालय की शाखाएं उन्होंने भाजपा शासित राज्यों में खोल रखी है। सिन्हा सोमवार को कांग्रेस भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री को अपने शासनकाल में हुए प्रत्येक घोटाले का जवाब जनता को देना चाहिए। केरल के पांच एयरपोर्ट बिना किसी अनुभव के अदानी को ठेके पर देना, गुजरात में अदानी समूह को लाभ पहुंचाने के लिए 14305 एकड़ जमीन का आवंटन सहित अन्य घोटाले भाजपा शासित राज्यों में और केंद्र सरकार के शासनकाल में हुए हैं। इन सभी का जवाब प्रधानमंत्री से जनता मांग रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के केंद्र में मंगलसूत्र, हिंदू-मुसलमान और पाकिस्तान है। झारखंड की धरती से इन्हें सरना धर्मकोड के बारे में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। अखिल भारतीय कांग्रेस के मीडिया कोऑर्डिनेटर वैभव शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं करते। मणिपुर में महिलाओं हुए अत्याचार और मणिपुर के हिंसा पर दो शब्द नहीं बोलते। महीनों किसान धरने पर बैठे रहे लेकिन किसानों के हित की कोई बात प्रधानमंत्री ने कभी नहीं की। मीडिया कोऑर्डिनेटर सुमेर चारण ने कहा कि महिलाओं और मंगलसूत्र पर बात करने से पहले प्रधानमंत्री को मणिपुर हिंसा पर देश से माफी मांगनी चाहिए। हिंदुस्तान में सबसे बड़े सेक्स स्कैंडल का मामला सामने आया है, जिसका कर्ताधर्ता खुद उनकी पार्टी का सांसद प्रज्वल रमन्ना है। इसके लिए मोदी ने सिर्फ चंद दिनों पहले ही रैली के माध्यम से जीताने की अपील की थी और उसे भी देश से भागने में मदद की गई।

### सीता नवमी महोत्सव महानगर के सभी प्रखंडों में 12 मई से मनाया जाएगा



**रांची (प्रातः आवाज)।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि 12 मई से 19 मई तक सीता नवमी महोत्सव महानगर के सभी प्रखंडों में भव्य रूप से मनाया जाएगा, जिसमें मातृशक्ति- दुर्गा वाहिनी की बहने सक्रिय रूप से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनायेंगी। साथ ही सभी नगरों में दुर्गा वाहिनी-मातृशक्ति का गठन किया जाएगा। उन्होंने जून माह में होने वाले परिषद शिक्षा वर्ग ,बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग ,मातृशक्ति- दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण वर्ग की जानकारी देते हुए सभी प्रखंडों से कार्यकर्ता वर्ग में प्रशिक्षण लेने जाएं इसके लिए प्रखंड के अध्यक्ष एवं मंत्री को सूची बनाने का निर्देश दिया। विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर की जिला बैठक प्रांत कार्यालय में सोमवार को हुई। बैठक के बाद चंद्रकांत रायपत ने कहा कि विगत कार्यक्रमों अंबेडकर जयंती, श्रीरामोत्सव, श्री हनुमान जन्मोत्सव की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही लोकसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रहित में मतदान का प्रतिशत अधिकतम हो इस दृष्टि से सभी कार्यकर्ता लोक जागरण का कार्य अपने-अपने क्षेत्र में रहकर व्यक्तिसह संपर्क द्वारा करेंगे यह निर्णय लिया गया । इन सभी कार्यों को सफल बनाने के लिए महानगर की 16 नगरों में 29 अप्रैल से पांच मई तक प्रखंड बैठकों का आयोजन किया जाएगा । बैठक में महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, महानगर सहमंत्री विश्वरंजन, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख कृष्ण कुमार झा विशेष रूप से उपस्थित थे।

### स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब कल्याणकारी पहलों के माध्यम से समाज में दे रहा योगदान : रेखा जैन




**रांची (प्रातः आवाज)।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के महिला कल्याण विंग ने वार्षिक दिवस समारोह उल्लास के साथ मनाया। सभा को संबोधित करते हुए स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन ने कहा कि क्लब विभिन्न कल्याणकारी और सीएसआर पहलों जैसे कौशल विकास प्रशिक्षण यानी वंचितों को कंप्यूटर प्रशिक्षण, आवश्यक खाद्य पदार्थ प्रदान करना आदि के माध्यम से समाज में योगदान दे रहा है। सदस्यों के संयुक्त प्रयासों के कारण क्लब द्वारा सभी पहल की गई। रेखा ने सदस्यों के लिए कौशल विकास के लिए कार्यशालाओं सहित पूरे वर्ष विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में योगदान के लिए सदस्यों के प्रति आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। साथ ही सदस्यों को एक एकजुट परिवार के रूप में खड़े होने और समाज पर स्थायी प्रभाव डालने का आह्वान किया। उन्होंने संबोधन का समापन इस टिप्पणी के साथ किया कि हम बदलाव बनें, हम समाज में बदलाव देखना चाहते हैं।कार्यक्रम में लेडीज क्लब के सदस्यों, बच्चों और कर्मचारियों की भारी भागीदारी के साथ कुछ आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखी गईं, जिसने शाम को बहुत ही खास और मनोरंजक बना दिया। विभिन्न प्रश्नोत्तरी और इंटरैक्टिव खेलों का आयोजन किया गया और विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीजीएम (एचआर) रजनीश रस्तोगी, जीएम (इंफ्रा), श्रीखंडे, जीएम (टीएस), एस पांडेय, जीएम (सी एंड एम), उपाध्यक्ष, शिका रस्तोगी और पूर्णिमा श्रीखंडे, महासचिव, मनसा वर्मा, संयुक्त सचिव, दीपा कुमारी, कोषाध्यक्ष, स्निग्धा रानी मांझी और सांस्कृतिक सचिव, टी परमेश्वरी और अन्य सदस्यों सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

### कुख्यात अपराधी अमन साव गिरोह के दो गुर्गे की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची (प्रातः आवाज)।** कुख्यात अपराधी अमन साव गिरोह के गुर्गे चंदन कुमार साव और वारिश अंसारी उर्फ मूसा की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर एटीएस की विशेष अदालत में सोमवार को आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने रिज्वाइंडर फाइल करने के लिए समय की मांग की । इस पर अदालत ने समय देते हुए अगली सुनवाई की तिथि छह मई निर्धारित की है। दोनों पर एटीएस के पूर्व डीएसपी नीरज कुमार और उनकी टीम पर फायरिंग करने का आरोप है। मुठभेड़ के दौरान आरोपितों ने डीएसपी पर 17 जुलाई 2023 को फायरिंग कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। दोनों आरोपितों ने 26 अप्रैल को जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है। फिलहाल दोनों आरोपित जेल में है।

# अबकी बार 400 पार का लक्ष्य होगा साकार फिर एक बार मोदी सरकार : खीरु महतो

■ जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने एनडीए को समर्थन का किया एलान

प्रातः आवाज




**रांची।** जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सोमवार को प्रेस क्लब में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने की।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने एनडीए को समर्थन का ऐलान किया। कार्यकर्ताओं को अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार के साथ समन्वय स्थापित कर चुनाव में सहयोग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को साकार करना है और पुनः देश में मजबूत सरकार लानी है। जदयू कार्यसमिति की बैठक में जदयू नेता डॉ आफताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सुशील सिंह, सागर कुमार, निर्मल सिंह, रेणु गोपीनाथ, शैलेंद्र महतो, पिंटू सिंह, राजू महतो, दुष्यंत पटेल, अर्जुन मेहता, सरयू गोप, आशा शर्मा, बिगा मिंज, कौशल कुमार, उदय सिंह, नागमणी सिन्हा, संजय ठाकुर, अखिलेश राय, उपेंद्र सिंह, दीप नारायण सिंह, रामाशीष डांगी, प्रदीप महतो, तेतरा महतो, रामजी प्रसाद एवं अन्य शामिल थे।

वहीं दूसरी ओर बैठक से पहले सांसद संजय सेठ, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो से उनके निवास पर मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया साथ ही उन्हें दो मई को अपने नामांकन में शामिल होने का अनुरोध किया।

इस दौरान पार्टी के प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार, भाजपा नेता संजीव साहू भी उपस्थित रहे। खीरू महतो ने सेठ को शुभकामनाएं और जीत की अग्रिम बधाई दी।

### झारखंड हाई कोर्ट ने मानव तस्कर की पत्नी की जमानत याचिका खारिज की

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने कुख्यात मानव तस्कर पन्नालाल महतो की पत्नी सुनीता देवी की जमानत याचिका खारिज कर दी। सुनीता देवी ने 12 अप्रैल, 2022 को एनआईए की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण किया था। सुनीता पर पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया था। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की कोर्ट ने उसकी जमानत खारिज कर दी थी। इसके बाद उसने जमानत के लिए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की। पन्नालाल महतो और उसकी पत्नी सुनीता पर 15 साल में पांच हजार बच्चों का सौदा कर करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। झारखंड की बच्चियों को काम दिलाने के नाम पर दिल्ली-मुंबई समेत बड़े शहरों में बेचने के मामले में तीन जुलाई, 2019 को ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट थाने में एफआईआर दर्ज किया गया था।

### एकाउंटेंट संजय कुमार हत्याकांड के आरोपित सुशीला कुजूर की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट ने बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित डब्लू कुजूर की पत्नी सुशीला कुजूर की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। मामले में सुशीला कुजूर की ओर से 27 अप्रैल को जमानत याचिका दाखिल की गई थी। मामले के आरोपित डब्लू कुजूर, उसका भाई छोटू कुजूर और बेटा राहुल कुजूर की जमानत याचिका अदालत से पूर्व में ही खारिज हो चुकी है। आरोप है कि डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर षड्यंत्र रचकर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार की ऑफिस से घर लौटने के दौरान शूटरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्या की घटना के बाद एसआईटी गठित की गई थी। मामले में डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 11 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले में सभी आरोपित जेल में हैं।

# जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में आईआईएमएनयू के कार्यक्रम में पद्मश्री अशोक भगत हुए शामिल





■ समारोह में 24 विभिन्न स्कूलों से लगभग 310 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

प्रातः आवाज

**रांची।** आईआईएमएनयू द्वारा जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल रांची में आयोजित एक कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बतौर अतिथि पद्मश्री अशोक भगत शामिल हुए। इस समारोह में 24 विभिन्न स्कूलों से लगभग 310 छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

ज्ञातव्य हो कि आईआईएमएनयू 220 शहरों व 35 देशों में संगठन की यात्रा के माध्यम से विदेशों में स्वदेशी आबादी के बीच भविष्य के नेताओं के बीच भारत का संदेश फैलाने का प्रयास कर रहा है। जहां सांस्कृतिक और पारंपरिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवा, मजबूत और दूरदर्शी बनें, इस दिशा में भी सराहनीय प्रयास कर रहा है। इस दौरान कार्यक्रम में मेजर जनरल डॉ बिपिन बख्शी, सुश्री अरुणा तिर्की जीडी गोएनका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन मदन सिंह सहित विद्यालय के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर रांची पुलिस अलर्ट 1200 दागियों से थाने में बुलाकर भरवाया बांड

■ अशांति फैलाने पर बांड भरने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : एसएसपी चंदन सिन्हा

प्रातः आवाज



**रांची।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके संपन्न कराने के लिए रांची पुलिस अलर्ट है। उसने रांची और इसके आसपास के इलाकों से वैसे 1200 लोगों को चिह्नित किया है, जो प्रत्यक्ष या फिर अप्रत्यक्ष रूप से किसी विवाद में शामिल रहे हैं। उन सभी लोगों को पुलिस ने नोटिस भेजकर थानों में बुलाया। चुनाव के दौरान माहौल नहीं बिगाड़ेंगे और न बिगड़ने देने का सभी से बांड भरवाया गया।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने फरवरी माह में ही जिले के सभी थानेदारों को निर्देश दिया था कि माहौल बिगाड़ने वाले वैसे लोग जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहते हैं, उन्हें चिन्हित कर उनकी सूची बनाकर गोपनीय शाखा को उपलब्ध कराएं, सभी थानेदारों ने अप्रैल माह में सूची तैयार कर एसएसपी को सौंपी। इसी आधार पर थानेदारों द्वारा भेजे गए नामों की सूची की जांच की गई। इसमें से 1200 लोगों को चिन्हित किया गया। उन सभी को थाना स्तर से पहले नोटिस भेजा गया। उसके बाद उन्हें थाना बुलाकर बांड भरवाया गया है।

वहीं दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव को लेकर दागी और संदिग्ध चरित्र के लोगों के खिलाफ भी रांची पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसके तहत जिलेभर में 23 सौ लोगों को सीआरपीसी की धारा 107 के तहत नोटिस किया गया है। इसमें अधिकतर संदिग्ध चरित्र के लोग शामिल है। एसएसपी ने रविवार देर रात तक राजधानी रांची के सभी थानेदारों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने बताया कि जिला में होने वाले लोकसभा चुनाव को बिना किसी बाधा के संपन्न कराने के लिए दबंग, दागी तथा संदिग्ध चरित्र के लोगों को चिहित करके उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। बूथवार भी लोगों को चिहिन्त किया जा रहा है, जो पहले हुए चुनाव के दौरान माहौल खराब कर चुके हैं। एसएसपी ने बताया कि बांड भरने के बाद अगर कोई व्यक्ति आशांति फैलाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। इसके अलावा सभी थाना प्रभारी को वारंटी की गिरफ्तारी, नशे के सौदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ-साथ आपराधिक वारदातों पर पूरी तरह से नकेल कसने की हिदायत दी गई है।

# यह चुनावी साल झारखंड के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण : सुदेश महतो



प्रातः आवाज

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि साढ़े चार साल से सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस ने राज्य का बड़ा नुकसान किया है। झामुमो से इस राज्य को बचाने के लिए हर वर्ग को आगे आना होगा। लोकसभा चुनाव में एनडीए की सभी सीटों पर जीत के बाद से ही झामुमो की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। महतो सोमवार को बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान पार्टी की नीति एवं सिद्धांतों से प्रेरित होकर कई समाजसेवियों तथा जनप्रतिनिधियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

श्री महतो ने कहा कि यह चुनावी साल झारखंड के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। हम सभी पर दोहरी जिम्मेदारी है। लोकसभा चुनाव के कुछ महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने हैं। इन दोनों चुनावों में हमें संगठनात्मक मजबूती के आधार पर जीत हासिल करनी है।

पार्टी में शामिल हुए सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी समाज के हर वर्ग की चिंता करने के साथ और उनके विचार, भावना को साथ लेकर चलती है। आप सभी के पार्टी में शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलेगी। आने वाले दिनों में क्षेत्र में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

# झारखंड की सभी 14 सीटें जीतेगा एनडीए : मोहन यादव

■ कहा- मोदी देश में भ्रष्टाचार का विद्यालय चला रहे हैं

प्रातः आवाज



**रांची।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि राज्य की सभी 14 सीटें एनडीए जीतेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भगवान कृष्ण भी मुस्कुराएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के दृढ़ संकल्प के कारण ही अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण हो पाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में शाहबानो मामले में भी सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया था। कांग्रेस ने इसे लागू करने का बजाये संसद में विधेयक लाकर इससे पलट दिया था। माननीय न्यायालय के फैसले को लागू करने का संकल्प और इच्छाशक्ति सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

डॉ यादव ने कहा कि चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका को देश के साथ-साथ पूरी दुनिया देख रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जीवन का हर क्षण देश के लिए समर्पित कर दिया है। दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे लंबे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री भी रहे। उन्होंने अपना पूरा जीवन निष्कलंक भाव से जिया है। यह हम सबों के लिए प्रेरणादायक है। प्रधानमंत्री मोदी चुनाव लड़ नहीं रहे हैं, उन्हें देश की विकास के लिए चुनाव लड़ाया जा रहा है।

डॉ यादव ने कहा कि भगवान श्री राम और भगवान कृष्ण के कारण भारत का नाम पूरी दुनिया में अलग तरह से जाना जाता है। प्रधानमंत्री मोदी के 10 सालों के कार्यकाल का मूल्यांकन करेंगे तो उन्होंने काफी काम किया है। इतने बड़े देश में प्रधानमंत्री मोदी जैसे लोग के लिए 10 साल का कार्यकाल काफी कम पड़ता है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मैकाले की शिक्षा नीति को बदलकर नई शिक्षा नीति लागू की है। नई शिक्षा नीति में सनातन भी है, संस्कार भी है, विरासत भी है और रोजगार भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में सनातन का सम्मान करने वाले नेताओं ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की। बाल गंगाधर तिलक ने गणेश उत्सव की शुरूआत की, लेकिन कांग्रेस का वर्तमान नेतृत्व परिवारवाद से ग्रसित है। तुष्टीकरण उसका एजेंडा है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में भारत की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा दोनों मजबूत हुई है। पाकिस्तान के आतंकवादी भारत में आना बंद हो गये। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के माध्यम से दुश्मन को घर में घुसकर कड़ा जवाब दिया गया। उन्होंने कहा कि चाहे धारा 370 का मामला हो या कोविड के टीकाकरण का, कांग्रेस ने केवल और केवल दुष्प्रचार किया। धारा 370 पर कांग्रेस ने कहा था कि इसके हटने के बाद खून की नदियां बहेगी, लेकिन आज पूरे कश्मीर में अमन चैन है और विकास की धारा बह रही है।भारत के संविधान के आधार पर दलित, पिछड़ों, आदिवासी सबको आरक्षण का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कोविड टीकाकरण का मजाक उड़ाया, एयर स्ट्राइक का सबूत मांगा। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के लोग पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। मध्य प्रदेश में ढाई लाख से ऊपर कांग्रेस के लोग भाजपा में शामिल हो चुके हैं। अमेठी में एक तरफ जबरदस्त प्रत्याशी है, तो दूसरी और जबरदस्ती थोपा गया प्रत्याशी। जनता थोपे हुए प्रत्याशी को नकारने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके पूर्व प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डॉ यादव का स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत व अभिनंदन किया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भगवान बिरसा की प्रतिमा देकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र प्रदान किये। ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी बजरंगी यादव ने चांदी का मुकुट एवं बांसुरी प्रदान कर उनका सम्मान किया। शोभा यादव ने भगवान कृष्ण की प्रतिमा भेंटकर उनका सम्मान किया।

# पलामू सीट से दो अभ्यर्थियों ने लिया नाम वापस, नौ चुनाव मैदान में

प्रात: आवाज

**पलामू।** पलामू लोकसभा निर्वाचन के तहत सोमवार को नाम वापसी के अंतिम दिन 11 उम्मीदवारों में से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के अभय कुमार व भागीदारी पार्टी (पी) के सतेंद्र कुमार पासवान ने अपना नाम वापस ले लिया। अब नौ अभ्यर्थी चुनाव मैदान में रह गये जिनके लिये 13 मई को वोट डाले जायेंगे। इस दिन पलामू लोकसभा के लिए 22 लाख 43 हजार 34 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। 2426 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कई मतदान केंद्रो पर वेब कास्टिंग की सुविधा होगी।

नाम वापसी, उम्मीदवारों की संख्या एवं चुनाव तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने सोमवार की शाम समाहरणालय में संयुक्त रूप से प्रेस को संबोधित किया। डीआईओ ने बताया कि नाम वापसी के बाद चुनाव मैदान में बचे नौ अभ्यार्थियों के बीच चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया गया।

जिला निर्वाचन प्राधिकारी ने बताया कि 11 विभिन्न तरह के दस्तावेज के आधार पर वोटिंग की

### अभ्यर्थी का नाम, दल का नाम, आवंटित चुनाव चिन्ह

1.कामेश्वर बैठा, बहुजन समाज पार्टी , हाथी
2.ममता भुइयां, राष्ट्रीय जनता दल, लालटेन
3.विष्णु दयाल राम, भरतीय जनता पार्टी, कमल
4.ब्रजेश कुमार तुरी, राष्ट्रीय समानता दल, कैंची
5.महेंद्र बैठा, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया ( कम्युनिस्ट), बैटरी टॉर्च
6.राम वचन राम, बहुजन मुक्ति पार्टी, चारपाई
7.वृन्दा राम, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), फलों से युक्त टोकरी
8.सनन राम, लोकहित अधिकार पार्टी, सेब
9.गणेश रवि, निर्दलीय, केतली

जा सकती है। पलामू में 6 बूथ रीलॉकेट किए गए हैं, जबकि गढ़वा में रीलॉकेट मतदान केन्द्रों की संख्या चार है। निष्पक्ष तरीके से मतदान कराने के लिए तीन ऑब्जर्वर आ चुके हैं। पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की शिकायत के लिए सी विजिल एप का इस्तेमाल लोग कर सकते हैं। इसी तरह उम्मीदवार सुविधा पोर्टल का इस्तेमाल करेंगे। इसके अलावा अन्य ऐप को इस्तेमाल में लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि डिस्पैच और स्ट्रांग रूम जीएलए कॉलेज में बनाया गया है। यहां की पूरी व्यवस्था सीसीटीवी कैमरे से लैस है। उन्होंने जानकारी दी की 520 वोटर घर पर रहकर मतदान करेंगे। ये वैसे मतदाता हैं जिनकी उम्र 85 वर्ष के आसपास है या 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं। ईवीएम की ट्रैकिंग की जाएगी। राजनीतिक दलों को भी ट्रैकिंग के बारे में जानकारी दे दी जाएगी, ताकि वह अपने क्षेत्र के ईवीएम को ट्रैक कर सकें। पूरी व्यवस्था पारदर्शी है और कहीं से किसी तरह की समस्या नहीं आने दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने जानकारी दी कि हर बूथ पर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी पूरी कर ली गई है। बूथ की स्थिति के अनुसार महिला-पुरुष और अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि सामान्य बूथ पर 300 मीटर के एरिया में गाड़ी की पार्किंग होगी। एसपी ने यह भी बताया कि अभी तक आदर्श आचार संहिता के चार मामले दर्ज किए गए हैं। हुसैनाबाद में दो, लेस्लीगंज में एक और चैनपुर में एक मामले दर्ज हुए हैं। पिछले दिनों जो राशि जप्त हुई थी, उसे आईटी डिपार्टमेंट को सौंप दी गई है।

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सामान्य प्रेक्षक ने की बैठक, चुनाव संबंधी कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

# चुनाव संबंधी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें, खुद को रखें हाईड्रेट : सामान्य प्रेक्षक

प्रात : आवाज

**पलामू।** लोकसभा चुनाव के लिये केंद्रीय निर्वाचन आयोग के प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन ने सोमवार को समाहरणालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों व सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी के साथ बैठक की।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पीपीटी के माध्यम से जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर किये जा रहे तैयारियों से अवगत कराया। इसमें कुल वोटर, मतदान केंद्र, पुरुष व महिला मतदाताओं की संख्या, दिव्यांग मतदाता, सी विजिल ऐप से प्राप्त शिकायतें, सेक्टर ऑफिसर व माइक्रो आब्जर्वर की संख्या, उनको दिए जाने वाला प्रशिक्षण, पोस्टल बैलेट से मतदान की तैयारी, एफएसटी, वीएसटी, मतदान केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं आदि को रेखांकित किया गया।

डीईओ ने प्रेक्षक को बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल्ही के बूथ पर सबसे कम मतदान हुआ था। इस बार संबंधित बूथ पर मतदान प्रतिशत बढ़े, इसे लेकर विशेष तैयारी की गयी है। इसी के तहत स्वीप कार्यक्रम के जरिये वहां के स्थानीय वोटर से संवाद किया गया है।

इसी तरह पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने लोकसभा चुनाव के निमित्त पुलिस की तैयारियों व कार्रवाईयों के बारे में बताया। इसमें हथियार एवं मादक पदार्थों की धर-पकड़, एक्सक्यूशन ऑफ नन बैलेबल वारंट, परमानेंट वारंट, लाइसेंसी एवं गैर-लाइसेंसी हथियारों को जमा कराने व जब्त करने की कार्रवाई शामिल थी। साथ ही मूवमेंट प्लान आफ फोर्सेज, एकोमोडेशन ऑफ सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स, पुलिस स्टेशन एवं ओपी आदि विषय को लेकर भी प्रेक्षक को अवगत कराया गया।

सामान्य प्रेक्षक ने चुनाव संबंधी सभी प्रशिक्षण को औपचारिकता के रूप में नहीं, बल्कि जिम्मेदारीपूर्वक पूरा करने पर बल दिया। उन्होंने एक साथ अधिक संख्या में लोगों को ट्रेनिंग से बचने की बात कही। साथ ही कहा कि मौसम का तापमान बढ़ा हुआ है। ऐसे में लोग खुद को हाइड्रेट रखें, इसके लिये कार्य स्थल पर पेयजल के साथ ओआरएस रखने की भी बात कही। इस मौके पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता समेत सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी सहित तीनों एसडीओ उपस्थित रहे।

#### वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

## मतदाता जब पहुंचेंगे बूथ तो लोकतंत्र होगा मजबूत : शर्मिला वर्मा



प्रात : आवाज

**पलामू :** सामाजिक और मानवीय कार्यों में पूरे पलामू प्रमंडल में सक्रिय भूमिका अदा करने वाला वरदान ट्रस्ट मतदाता जागरूकता के लिए भी एड़ी चोटी है किया है। लोकतंत्र का महापर्व चुनाव हमारे जिले में 13 मई को होना है।प्रशासनिक स्तर पर तमाम तैयारियां की जा रही हैं। पर एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम अपने स्तर से लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें ताकि हमारे क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढे।इसी बात को ध्यान में रखकर वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने भुईंया टोली में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की सलाह दी। इस अवसर पर संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा के अलावा मयूरेश द्विवेदी और ज्योति सिन्हा उपस्थित थे। इन सभी ने भुईंया टोली में घर घर जाकर सैकड़ो लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया और 13 मई को मतदान केंद्र पर अवश्य जाने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने की सलाह दी

## बीसीए सत्र 2022-25 के फिजिक्स विषय में 76 छात्रों को कर दिया गया फेल

# छात्रों के भविष्य के साथ खेल रहा एनपीयू का परीक्षा विभाग : अभिषेक राज

प्रात : आवाज

**पलामू :** नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय का परीक्षा विभाग एक बार फिर कटघरे में खड़ा हो चूका है । नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय द्वारा वोकेशनल कोर्स सत्र 2022 - 25 जिसकी प्रथम साल की परीक्षा अक्टूबर महीने में हुई थी उसका रिजल्ट अभी दो दिन पूर्व में दिया गया है । इतने समय लेने के बाद भी परीक्षा परिणाम में गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के बीसीए के 76 बच्चो को फिजिक्स के विषय में फेल कर दिया गया है । जिससे छात्र संतुस्ट नहीं थे उनका कहना है की विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम में अनियमितता बरती गयी है जिसके कारण हमारा रिजल्ट फेल किया गया है । आज छात्र नेता हिमांशु रंजन के नेतृत्व



में छात्रों ने विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग का घेराव कर जमकर नारेबाजी की । छात्रों ने मांग किया की त्वरित कार्यवाही करते हुए रिजल्ट में सुधार कराया जाए । जिसके बाद परीक्षा नियंत्रक वार्ता के लिए आए और छात्रों को समझाने का प्रयास करने लगे । विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों की अधिक संख्या को देखते हुए प्रसाशन को भी बुला लिया ताकि छात्रों पर दबाव बनाया जा सके । मगर परीक्षा नियंत्रक की बातो से असंतुस्ट दिखे छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक से तत्काल कार्यवाही की मांग की ।ऐसा न होने पर छात्र नेता अभिषेक राज के नेतृत्व में छात्रों ने विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति श्री बल किशुन मुंडा का घेराव कर परीक्षा विभाग की अनियमितताओं से अवगत कराते हुए परीक्षा विभाग पर कार्यवाही की मांग की । छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा की एनपीयू का परीक्षा विभाग पूर्ण रूप से फेल है जिसका खामियाजा यहां के छात्रों को भुगतना पड़ रहा है । परीक्षा नियंत्रक सिर्फ शिकायत लेना जानते है कार्यवाही उनके बस में ही नहीं है इसलिए कई पूर्व के शिकायतों पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है । छात्रों ने भी कुलपति से अपने रिजल्ट में सुधार का आग्रह किया जिसपर कुलपति द्वारा कहा गया की अब मै रोज विश्वविद्यालय में उपलब्ध हूँ आपकी समस्या के निदान के लिए जो भी प्रक्रिया होगी उसपर कल मै परीक्षा नियंत्रक को निर्देश देकर जल्द से जल्द कराने का प्रयास करूँगा । मौके पर हिमांशु रंजन ,प्रांजल,ओम प्रकाश ,प्रियम ,राजन ,अंशु , प्रकाश ,नितिन, प्रभात ,राकेश आदि दर्जनों छात्र उपस्थित थे ।

## सांस्कृतिक पाठशाला के 40वीं कड़ी में साथी उमेश नजीर की याद में परिचर्चा का आयोजन

# हम जिस भूखंड पर रहते हैं वहीं राष्ट्र खोजें : प्रभात सुमन मिश्र

प्रात : आवाज

**मेदिनीनगर :** उमेश नजीर मेरा प्रोफेशनल छोटा भाई था। उसने पत्रकारिता की शुरूआत मेरी देखरेख में शुरू किया। उसकी भाषा अच्छी थी। उसकी भाषा में क्लिस्टता का समावेश होता था। उसकी भाषा को सरल बनाने की सुझाव मैं निरंतर देता रहा। उनके निधन की खबर से मैं काफी दुखी था। आज उनकी याद में आयोजित परिचर्चा में राष्ट्र एवं राष्ट्रवाद विषय पर चर्चा कर रहे हैं।

हम जहां रहते हैं वहीं राष्ट्र को खोजें और और उस भूखंड को अपने कार्यों से विकसित करने का काम करें वही राष्ट्रवाद है। मैंने अपने पुस्तक लेखन में इसी बात का ख्याल रखा।

उक्त बातें संस्कृतिक पाठशाला की 40वीं के तहत उमेश नजीर की याद में आयोजित



परिचर्चा में राष्ट्र एवं राष्ट्रवाद विषय पर अध्यक्षीय वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक प्रभात सुमन मिश्र ने कही।

इस कड़ी में इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार ने कहा उमेश नजीर में पढ़ने का एक उत्साह था। इस उत्साह का संचरण सभी में हो तो बेहतर है। अगर बेहतर दुनिया का ख्वाब रखते हैं तो किताबों के जरिए दुनिया को समझने का बेहतर होगा। राष्ट्र और राष्ट्रवाद एक जटिल विषय है। राष्ट्र के निर्माण में औद्योगिक क्रांति की अहम भूमिका रही है। छोटी-छोटी राष्ट्रीयताओं के ध्वंसावशेष एक बड़े राष्ट्र का जन्म हुआ। इस तरह दो प्रकार के राष्ट्र का जन्म स्वतंत्रता, समता और भाईचारे के नारे के साथ हुआ। एक प्रकार का राष्ट्रवाद जो फ्रांस में विकसित हुआ वह यूनिलैटरल राष्ट्रवाद के नाम से जाना गया। जिस देश में मल्टीलिंगुअल, मल्टी रिलिजियस, मल्टीकल्चरल लोग रहते थे उसे देश में बहुराष्ट्रीय राष्ट्र का जन्म हुआ। राष्ट्रवाद का अंत अंध राष्ट्रवाद से होता है। जहां हिटलर पैदा होता है। इससे अच्छा मैं देशभक्ति शब्द का उपयोग करना चाहूंगा। राष्ट्रवाद की यात्रा देवदूत से शुरू होती है और आतंकवाद में खत्म हो जाती है। इस कड़ी को आगे बढ़ते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय अध्यक्ष केडी सिंह ने कहा सत्ता का राष्ट्रवाद सर्वोच्चता का राष्ट्रवाद है। जिसे मैं नहीं मानता। जनता के राष्ट्रवाद को मजबूत करना होगा। सही मायने में राष्ट्रवाद वही होगा।

इप्टा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उपेंद्र कुमार मिश्रा ने उमेश नजीर को किताबों से लगाव था। उसे जब मैं एक बार एक पर्चा लिखने को कहा तो तीन पाने का पर्चा लिखकर लाया। मैंने उससे कहा कि इसमें आधी बात मुझे समझ में नहीं आ रही। जनता के लिए लिखना है। तो उसने उसे छोटा करके दो पन्ने में लेकर आया। और कहा इससे छोटा अगर लिखवाना हो तो किसी और से लिख लीजिएगा। आज का विषय भी उसी की तरह क्लिस्ट है। राष्ट्रवाद को समझने के लिए उन्होंने एक चुटकुला सुनाया। एक भिखारी मस्जिद के दरवाजे पर बैठकर भीख मांग रहा था। वहां भीख नहीं मिली। फिर मंदिर के दरवाजे पर गया। वहां भी भीख नहीं मिली। वह भूख से परेशान था। गिर पड़ा। जहां वह गिरा संयोग से बगल में शराब खाना था। एक शराबी उधर से आया भिखारी को गिरा हुआ देखकर उसने कुछ नोट उसके सामने रख दिया। नोट उठाकर भिखारी देखा और कहा हे प्रभु तुम रहते कहां हो और पता कहां का देते हो! यही हाल राष्ट्रवाद का है।

इस परिचर्चा में अच्छेलाल प्रजापति, शैलेंद्र शर्मा, गोविंद प्रसाद, प्रेम प्रकाश सहित अन्य लोगों ने विचार प्रस्तुत किया। साथ ही उमेश नजीर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी प्रतिबद्धता और कार्यशैली की चर्चा की गई।

इस मौके पर इप्टा पलामू के अध्यक्ष प्रेम भसीन ने संगठन की ओर से उमेश नजीर के परिवार को ?10000 राशि प्रदान करने की घोषणा की। परिचर्चा की अध्यक्षता ज्ञान विज्ञान समिति के वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक प्रभात सुमन मिश्र एवं प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने किया। संचालन शिव शंकर प्रसाद एवं धन्यवाद ज्ञापन रविशंकर ने किया। इस अवसर पर राजीव रंजन, शिशुपाल सिंह, संजीव कुमार संजू, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मिशन समृद्धि संस्था ने किया पूड़ी-सब्जी का वितरण



**पलामू :** मिशन समृद्धि संस्था का कार्य सदस्यों के द्वारा बहुत ही निष्ठा पूर्वक सभी कार्यों का सम्पादन होता ही रहता है। इतना ही नहीं लोगों को अपनी खुशियां भी यहां मनाना अच्छा लगता है। सदस्य शीला गोस्वामी जी की निष्ठा कुछ अधिक ही है। हमेशा वे जरूरतमंदों के बीच बहुत ही श्रद्धा से उनके लिए कुछ न कुछ करती ही रहती हैं। ईश्वर की कृपा से उनका घुटने का ऑपरेशन सफल रहा इसका पूरा श्रेय वे जरूरतमंदों के द्वारा मिला आशीर्वाद को देती हैं। उन्होंने अपनी तरफ से अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों और शनि मंदिर परिसर में पुड़ी सब्जी व केला का वितरण किया। इस कार्य में अन्य सदस्यों विशेष रूप से अहिल्या गिरि बैजंती गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा।

### पार्टी के निर्देश पर सीपीआई उम्मीदवार ने अपना नाम वापस लिया



**पलामू :** कचहरी प्रांगण में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, कृष्ण मुरारी दुबे, जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी, राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, लोकसभा उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया, किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो, उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी, नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी,नसीम राइन ने संयुक्त रूप से ब्यान प्रकाशित कर कहा कि पार्टी ने पार्टी के महासचिव के हस्ताक्षर से पलामू लोकसभा संसदीय क्षेत्र से अभय कुमार को उम्मीदवार बनाया और नामांकन में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव भालचंद्र कांगो एवं राज्य सचिव महेंद्र पाठक भी उपस्थित रहे बाद में चलकर बिहार पार्टी एवं केन्द्र के पदाधिकारियों की बैठक में पलामू संसदीय क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार वापस लेने का फैसला लेकर पलामू को सूचित किया गया और महासचिव डी राजा के द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार अभय कुमार को अभय कुमार को नामांकन वापस लेने का निर्देश दिया निर्देश के आधार पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार अभय कुमार ने नामांकन वापस लिया। साथ ही पलामू जिला के पदाधिकारी ने लोकसभा चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के पार्टी के उम्मीदवार अर्जुन कुमार को पूरी ताकत से मदद करते हुए उनकी जीत दिलवाने का संकल्प लिया। आम जनता से अनुरोध है कि चतरा लोकसभा संसदीय सीट से भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार अर्जुन कुमार को समर्थन देकर विजई बनावे।

### सामाजिक समरसता के लिए संगोष्ठी बेहद आवश्यक : दिलीप चंद्रवंशी



**पलामू :** रामगढ़ थाना अंतर्गत हुटार में सामाजिक मिलन समारोह सह वन भोज का आयोजन दिलीप चंद्रवंशी द्वारा किया गया। वन भोज के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। मौके पर सभी को संबोधित करते हुए दिलीप चंद्रवंशी ने कहा कि समाज के बेहतर उत्थान के लिए हम सभी को समय-समय पर मीटिंग आयोजित करना चाहिए इसी कड़ी में आज की मीटिंग बेहतर सोच ,उद्देश्य, और आने वाले समय में एकजुटता के लिए आयोजित की गई है । मौके पर युगल किशोर चंद्रवंशी, पूर्व जिला परिषद सदस्य शैलेंद्र कुमार शैलु, समाजसेवी विजय चंद्रवंशी, जिला अध्यक्ष विक्की चंद्रवंशी, जोड़ नरेश समाजसेवी रंजित चंद्रवंशी , भुट्टो चंद्रवंशी , शिक्षाविद् आनंद कुमार,विनय कुमार,नीरज चंद्रवंशी , पप्पू चंद्रवंशी , विजय नेताजी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

### परशुराम जन्मोत्सव पर हर घर, मंदिर एवं शिवालय पर जलाएं दीप : देवेंद्र तिवारी



**पलामू :** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी पलामू में अक्षय तृतीया के दिन फिर से इतिहास लिखने को बेकरार है। पिछले दशक से शुरू हुई भगवान श्री परशुराम की जयंती मनाने की परंपरा को नया स्वरूप देने की तैयारी शुरू कर दी है। गांव-गांव से परशुराम वंशज युवा वाहिनी के बैनर तले भव्य एवं दिव्य श्री परशुराम जन्मोत्सव के आयोजन की प्रतिक्षा में हैं, जिसे भव्य बनाने के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, संचालन प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी, एवं विषय प्रवेश प्रवक्ता संजय मिश्रा ने कराया। आगामी कार्यक्रम को देखते हुए प्रदेश कमिटी के विस्तार के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने पलामू जिला की कमान दूसरी बार पूर्वडीहा निवासी विकास दूबे को सौंपी है। भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की बैठक के दौरान सर्वसम्मति से विकास दूबे को पगड़ीपोशी कर जिलाध्यक्ष घोषित किया गया।

**परशुराम जन्मोत्सव से पहले विकास दूबे ने संभाली युवा वाहिनी की कमान, दोबारा बने पलामू के जिलाध्यक्ष**

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को प्रदेश संरक्षक भागवत मिश्रा ने माल्यार्पण कर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं मातृशक्ति के रूप में प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अधिवक्ता सुधा पाण्डेय ने हाथों में फरसा सौंप युवा वाहिनी को सशक्त बनाने की ताकत दी। इस दौरान पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए युवा वाहकों ने चुनावी माहौल की वजह से प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने पर शोभायात्रा स्थगित करने पर सहमति दी। परंतु पूजा पाठ विधि विधान से नया रंग, रूप एवं नये अंदाज में मनाने पर विप्र बंधुओं ने अनेकानेक सुझाव दिए। मौके पर हर घर वृक्षारोपण, हर मंदिर, शिवालयों की साफ-सफाई एवं दीपदान, जनेऊ, तिलक, शिखा की परंपरा को अपनाने, जन्मोत्सव पर विरासती वेशभूषा कुर्ता धोती पहनने, मंदिर के पुजारियों को सम्मान सहित आमंत्रित करने एवं प्रदेश कार्यालय प्रांगण में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने पर विचार-विमर्श किया गया। इस पावन अवसर पर युवा वाहिनी हर गांव हर द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ करने का भी ऐलान किया। साथ ही आगामी दिनों में नये मुहिम का बिगुल भी फूंका। मौके पर अनिल दुबे, रमेश शुक्ला, प्रदीप दुबे, राकेश पाण्डेय, मनीष ओझा, सुशील तिवारी, अरविंद पाण्डेय, संजय उपाध्याय, धनंजय तिवारी, मुकेश तिवारी, गोरख पाठक, मुकेश पाठक, मनोज ज्वाला, शशिभूषण पाण्डेय, पंसस नवीन चौबे, शशि शंकर तिवारी, अमर मिश्रा, दिलीप पाण्डेय, मुन्ना पाण्डेय, अर्णव, अजीत चौबे, चंदन तिवारी, बिट्टू दूबे, विक्रांत त्रिपाठी, गोपाल पाण्डेय, कृष्ण कन्हैया दुबे, संजय पाण्डेय, अमित पाण्डेय, अंकित उपाध्याय, धीरज, श्वेता तिवारी, भानू दूबे, अनुज पाण्डेय, भास्कर दूबे समेत दर्जनों युवा वाहक उपस्थित हुए।

### पांकी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पलामू :** पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी के द्वारा अलग अलग कांड के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल। पांकी थाना कांड संख्या 49/24 धारा 354/354(अ)/354(ऊ)/509/506 भा0 द0 वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त सूरज चंद्रवंशी, उम्र- करीब 28 वर्ष ग्राम आसेहार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उक्त व्यक्ति पर महिला के साथ छेड़खानी की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वहीं दूसरा आरोपी पांकी थाना कांड संख्या -23/24 धारा 363/366(अ)/34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त शाहबाज अंसारी,उम्र - करीब 20 वर्ष, पिता -शमीम अंसारी, ग्राम भरी,थाना -पांकी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया । उक्त व्यक्ति के विरुद्ध नाबालिग को भगा ले जाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। नाबालिग की बरामदगी भी हो गई है ।

## समाचार सार

### तीन वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**कुडू / लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** कुडू पुलिस ने पुराने मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार करते हुए लोहरदगा जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के हुरहद गांव निवासी कर्मा उरांव, फगुवा उरांव तथा रूपी उराईन को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार करते हुए लोहरदगा जेल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सामाजिक व धार्मिक कार्यों से जुड़े युवा व्यवसायी अतुल मुखर्जी का निधन, शोक



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** सामाजिक व धार्मिक कार्यों से जुड़े शहर के युवा व्यवसायी अतुल मुखर्जी नहीं रहे। पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे 45 वर्षीय अतुल मुखर्जी ने रविवार रात्रि लगभग एक बजे अंतिम सांसे ली। सोमवार को भक्सो मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। समाजसेवी सह युवा व्यवसायी के आकस्मिक निधन पर जिले के विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक संगठन से जुड़े पदाधिकारी व सदस्यों के अलावे व्यवसाईयों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### स्वीप कार्यक्रम के तहत लोहरदगा में बनायी गई मानव श्रृंखला



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदाता जागरूकता हेतु सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मानव श्रृंखला बनायी गई। यह मानव श्रृंखला उसुर्लाइन कॉन्वेंट बालिका विद्यालय से बरवाटोली तक दोनों ओर बनायी गई थी। कार्यक्रम में क्रिकेट खिलाड़ी व डिस्ट्रिक्ट आइकॉन आशीष कुमार शामिल हुए। उन्होंने आगामी 13 मई को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत लोहरदगा जिला में होनेवाले मतदान को लेकर अपील की। कहा कि इस बार दिन भर यानी सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना है। ऐसे में चूके नहीं, अपना मतदान अवश्य करें। सीता पुष्पा, वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निदेश पर स्वीप के कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। लोहरदगा जिला में स्वीप अंतर्गत कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई हैं। नगर परिषद प्रशासक जयपाल ने क्षेत्रीय भाषा में गाना गा कर लोगों से 13 मई को मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में स्वीप कोषांग, नगर परिषद और मीडिया कोषांग के कर्मी शामिल हुए।

### बीजेपी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि : शिव शंकर उरांव



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की कामकाजी बैठक जिलाध्यक्ष अमित लोहरा के अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के लोहरदगा विधानसभा प्रभारी बजरंग उरांव उपस्थित रहे। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष शिव शंकर उरांव ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो एवं राजद की नीति शुरू से ही एक सौदागर की नीति रही है। और झारखंड को बिचौलिए एवं दलालों के हाथों में बेचने का कार्य किया है। कांग्रेस एवं झामुमो के लोगों के पास केवल एकमात्र कार्य रह गया है भोले भाले आदिवासी जनजाति लोगों को गुमराह करना जबकि सारे उनके तथ्य बिना प्रमाणिकता का होता है। आज बांग्लादेशी घुसपैठिए गांव-गांव में घूम रहे हैं और कांग्रेस जैसी पार्टियों उन्हें संरक्षण दे रही है उनके आधार कार्ड एवं कागज बनाने में उनका सहयोग कर रही है क्योंकि वैसे लोगों को कांग्रेस अपना वोट बैंक मानती है। परंतु बीजेपी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। बैठक में सुधीर उरांव, संजय महली, लाखो उरांव, जीवन उरांव, विशु उरांव, बालकरण उरांव, बंधन भगत, पंखराज उरांव सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### खरता में लगा सोलर आधारित जलमीनार पांच साल बाद भी नहीं हुआ चालू



**कैरो /लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** प्रखंड के खाता गांव में बना जल मीनार सफेद हाथी साबित हो रहा है 5 साल बाद भी इस जलमीनार का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है था तथा गर्मी के इस मौसम में पानी के लिए गांव में हाहाकार मचा हुआ है। ग्रमीणों का कहना है कि एक तरफ पहले मतदान फिर जलपान का नारा देकर उचित विकास का वादा की तैयारी हो रही है, सभी पार्टी और नेता विकास की दावा कर रहे हैं किंतु क्षेत्र का हाल कुछ और ही है, जिसके तहत आम जनता की समस्या को देखने वाला कोई नही है। ऐसा ही एक मामला खरता में दिखाई देता है। विभाग की लापरवाही व कमीशन के कारण अनियमितता का उदाहरण बना प्रखंड के खरता टाना भगत टोली में बना जलमीनार। पेयजल एवं स्वक्षता विभाग द्वारा 2018-19 में सोलर आधारित जलमीनार का निर्माण करवाया गया था। जो बनने के साथ ही आज तक बंद बड़ा है। पूरे जिले में सबसे ज्यादा टाना भगत की आबादी इसी गांव में रहती है और टाना भगतों के विकास के लिए तरह-तरह की योजनाओं को लाने और सहयोग करने की दावा सरकार व अधिकारी किया करते हैं किंतु इंसान की सबसे मूलभूत आवश्यकता में पानी की होती है किंतु विभाग द्वारा सिर्फ योजना लाकर उसका कमीशन का बंदरबांट कर योजना के उपयोगिता से कोई लेना देना नही रह जाता है। उक्त जलमीनार के लाभुक चौधरी टाना भगत, बासुदेव टाना भगत, राजकुमार टाना भगत, फगुवा टाना भगत सहित ग्रामीणों का कहना है कि जबसे जलमीनार बना ही उसके बाद से जो खराब पड़ा है सो आज तक नही बना जबकि जलसहिया और विभाग के कई लोगों को इसकी सूचना दी जा चुकी है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जब बना था उसी समय पानी का सही उपाय नही किया गया था इसके बावजूद योजना का निर्माण पूरा कर लिया गया जबकि इसका कोई लाभ किसी को नही मिल रहा लेकिन योजना का लाभ शायद विभाग और कुछ मिली भगत वालों को ही मिलता होगा इसी लिए इसको बनाया नहीं जा रहा है। मामले को लेकर कार्यपालक अभियन्ता से बात करने की कोशिश की गई किन्तु बात नहीं हो सकी वहीं जई सुमन खलखो से भी कई बार बात किया गया किन्तु हर बार बनवाने की बात कही जाती है।

### हेसल बसारडीह अस्पताल को मिला आधुनिक एक्स-रे मशीन



**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** कल्याण विभाग झारखंड सरकार के द्वारा वित्त पोषित एवं विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह लोहरदगा में सोमवार को मेडिकेयर एनवायरमेंटल प्राइवेट लिमिटेड ने अपने सामाजिक दायित्व कार्यक्रम सीएसआर के तहत एक एक-रे मशीन का लोकार्पण कार्यक्रम किया गया। मौके पर उपस्थित विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने मेडिकेयर संस्था के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कुछ तकनीक गुणवत्ता युक्त एक्स-रे मशीन के अस्पताल में आ जाने से इस पिछड़े जनजातीय बहुल इलाके के गरीब वृद्ध आम जनों को काफी लाभ मिल सकेगा साथ ही अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों को भी एक्स-रे के लिए मरीज को रेफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मौके पर उपस्थित मेडिकेयर संस्था के यूनिट हेड अनिल कुमार ने कहा कि उपायुक्त लोहरदगा एवं जिला प्रशासन के दिशा निर्देश के आलोक में यह पुनीत कार्य का अवसर मेडिकेयर संस्था को मिला। जिसके तहत सामाजिक दायित्व के निर्वहन करते हुए मेडिकेयर के द्वारा आज एक्सरे मशीन अस्पताल को सौप जा रहा है, इससे आम जनों को लाभ मिलेगा और पीड़ित मानवता की भलाई का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक ने जिला प्रशासन कल्याण विभाग एवं मेडिकेयर संस्थान के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा पहल करते हुए एक्स-रे मशीन मिला इसके लिए संस्थान आभार प्रकट करती है और इस मशीन के द्वारा असंख्य मरीजों का कल्याण किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के डॉक्टर एस के सिन्हा डॉक्टर भगवान मांझी डॉ अजीत कुमार अग्रवाल डॉक्टर नेहा ज्योति मधुर, डॉक्टर आस्था सिन्हा, मेडिकेयर संस्थान के यूनिट हेड अनिल कुमार रोहित सिंह देव, नरेंद्र कुमार, कल्याण अस्पताल के राजीव रंजन सिन्हा, मुकेश साहू, रामस्वार्थ महतो, जन्मजय महतो, दिलीप नायक, रॉबिन सहदेव सहित विकास भारती के कार्यकर्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में कार सवार दो की मौत, तीन घायल

## थम नहीं रही जिले में सड़क हादसों की घटनाएं

प्रातः आवाज



**सेन्हा (लोहरदगा)।** थम नहीं रहा है लोहरदगा जिले में सड़क हादसा की घटनाएं। वाहनों को फिल्मी स्टाइल में तेज रफ्तार से परिचालन के दौरान अक्सर बड़ी दुर्घटनाएं हो रही है, जिससे असमय लोग काल के गाल में समा रहे हैं। ताजा मामले में कार में सवार दो लोगों की जान चली गयी। जबकि इस दुर्घटना में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । सभी घायलों का इलाज लोहरदगा सदर अस्पताल में चल रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार वन विभाग डिपू के समीप हुई सड़क दुर्घटना में आल्टो कार सवार सभी पांच घायलों को स्थानीय ग्रामीण व पुलिस के सहयोग से एम्बुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल में कराया भर्ती। बताया जाता हैं कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के वन विभाग डिपू के समीप लोहरदगा-गुमला मुख्य पथ एनएच 143 ए के किनारे खड़ी बॉक्साइड ट्रक जेएच 07ई 6671 में आल्टो कार संख्या जेएच 01 एन 5743 पेड़ को टक्कर मरते हुए जा टकराया। जिससे कार सवार पांच लोग घायल हो गया। घटना की सूचना प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर को मिलते ही उनके निर्देश पर एएसआई राजेश राम लोहार, जमशेद खान दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच घटना की जायजा लेते हुए क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में ले पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आल्टो कार लोहरदगा की ओर से सेन्हा की ओर जा रहा था। जो काफी तेज गति से चालक चलाते हुए जाने की बात बताई जा रही है। जबकि इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है कि कार सवार सभी नशे में धूर्त थे और लापरवाही से चलाने की बात कही जा रही है। घायलों की पहचान किस्को थाना क्षेत्र निवासी अनीश उरांव, सूरज उरांव तथा सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा ढोडा टोली निवासी अनु उरांव, चंदू उरांव तथा अनुज उरांव के रूप में किया गया। वहीं अस्पताल ले जाने के दौरान अनीश उरांव तथा अनु उरांव की मौत हो गई। इधर पुलिस प्रशासन ने इस सड़क हादसे जांच हेतु अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दी है।

### भंडरा प्रखंड में गहराया पेयजल संकट

शुद्ध पेयजलापूर्ति के नाम पर आठ साल पहले शुरू हुई 12 करोड़ की कोयल जलापूर्ति योजना ठप



प्रातः आवाज

**भंडरा (लोहरदगा)।** प्रखंड में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। इस वर्ष बनकर तैयार जल नल योजना भी धोखा दे रहा है। भंडरा प्रखंड में हर घर के लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। जबकि भंडरा प्रखंड में शुद्ध पेयजलापूर्ति के नाम पर 12 करोड़ की लागत से कोयल जलापूर्ति योजना की शुरूवात आठ साल पहले ही हुई थी, परंतु कोयल जलापूर्ति योजना अपने शुरूवात के दिन से ही ठप है। भंडरा प्रखंड में पेयजल की विकट समस्या को देखते हुए समस्या के निदान को लेकर भंडरा प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष परमेश्वर महली उपायुक्त से मिलेंगे। मुखिया संघ के अध्यक्ष सह उदरंगी पंचायत मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि कोयल जलापूर्ति योजना के नाम पर सिर्फ राशि का बंदरबाट हुआ है। कोयल जलापूर्ति योजना शुरूवात से लेकर आजतक एक माह भी नहीं चला है। इस बात को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा एक बार नहीं बल्कि कई बार पेयजल संकट की समस्या से अधिकारियों को अवगत करा चुकें हैं। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि कोयल जलापूर्ति योजना से भंडरा, उदरंगी व सेन्हा प्रखंड के कई गांव के ग्रामीणों को पेयजलापूर्ति करना था, परंतु तकनीकी खराबी का बहाना बना कर अधिकारी अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। इस समस्या को लेकर भंडरा, उदरंगी व सेन्हा प्रखंड के जनप्रतिनिधि उपायुक्त से मुलाकात कर समस्या का समाधान करने का अनुरोध करेंगे। समस्या का समाधान नहीं होने पर जनप्रतिनिधि व ग्रामीण चरण बद्ध होकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### भाजपा शक्ति केंद्र निगनी की बैठक आयोजित

**लोहरदगा (प्रातः आवाज)।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल अंतर्गत निगनी शक्ति केंद्र की बैठक सोमवार को मंडल अध्यक्ष सूरज दसोंधी के नेतृत्व में बाजार टाड़ के समीप आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी एवं जिला अध्यक्ष मनीर उरांव उपस्थित रहे। मौके पर नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा हम सभी भारतीय जनता पार्टीके एक-एक कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं अन्य पदों से सुशोभित बाद में होते हैं। पहले हम एक कार्यकर्ता है जो की बूथ पर संघर्ष करते है बूथ जितना ही हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इस बार की लोकसभा चुनाव में हमारी जीत से बाहरी षड्यंत्रकारियों के ऊपर बहुत बड़ा प्रहार होगा जो हमारे राष्ट्र के प्रति कई प्रकार के सढयंत्र कर रहे हैं। संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने बाजार टाड़ स्थित घरों में जाकर अभिवादन कर संपर्क किया। मौके पर कुलदीप सिंह, नागेन्द्र पाण्डेय, सुनील, पिन्टु साहु, चन्द्रशेखर, आशीष, संतोष, दुबराज, रोबिन, धीरज, रिंकु, धनराज, छोटु, बिरशमुनी, झरिया, मुनकी, नरेश साहु मौजूद थे।

### युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुखदेव के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रातः आवाज

**सेन्हा (लोहरदगा)।** कांग्रेसियों ने युवा कांग्रेस बिशुनपुर विधानसभा अध्यक्ष इमरान आजाद के नेतृत्व में सेन्हा प्रखंड बस्ती में जन सम्पर्क अभियान चलाया गया। जनसम्पर्क अभियान के दौरान कांग्रेस का गारंटी कार्ड घर-घर जा कर लोगों को दिया गया। जिससे लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला तथा लोगों से इस बार केंद्र में सरकार बनाने के लिए लोहरदगा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्यासी को जिताने का आग्रह किया गया। साथ ही कहा कि केंद्र की तानासाही भाजपा सरकार को उखाड़ फेखना है। नरेंद्र मोदी की सरकार जो भारत के गिने चुने 20-25 लोगो को करोड़पति बना रही है। और बाकि लोगों को बेरोजगार बना कर रखी है। इसलिए इस बार हाथ बदलेगा देश, देश के जनताओं और युवाओं का हालात को जो 20-25 लोगों को नहीं करोड़ो लोगों को लखपती बनाएगा। इसलिए इस बार लोहरदगा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्यासी को जीता कर लोकसभा भेजना है। और राहुल गांधी का हाथ को मजबूत करना है। मौके पर जवाहर बाल मंच के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, ओबीसी प्रकोष्ठ से संतोष महतो, युवा विधानसभा महाचीव जाहिद अंसारी, कोषाध्यक्ष मोदसिर अंसारी के अलावे सुखदेव उरांव, राजु उरांव, मीडिया प्रभारी सफीक अंसारी, अल्पसंख्यक जिला सचिव रुस्तम अंसारी, सेन्हा पंचायत अध्यक्ष राजेश राम सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विद्यालय में सफाई के बाद बच्चों ने कचरे में लगाई आग, चिंगारी से किसान का अलान जला

प्रातः आवाज



**सेन्हा (लोहरदगा)।** राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय प्रांगण सेन्हा में साफ सफाई के दौरान बगान में लगा आग, जिससे किसान का अलान जल राख हो गया, जबकि अन्य फसल को बचाने में सफल रहे। मिली जानकारी अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय के समीप संचालित सरकारी विद्यालय राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय प्रांगण में सोमवार को सफाई के उपरांत बच्चों ने कचड़े में आग लगा दिया। जिससे उत्पन्न हुई चिंगारी बागान में जा पहुंचा और पते में आग लग गई। धीरे धीरे आग की लपटें फैलता चला गया और स्थानीय किसान अमित कुमार महतो के बारी में बगान के समीप रखा अलान में आग पकड़ लिया। जिससे किसान का अलान जल गया। जबकि समय से किसान को जानकारी होने के कारण पानी मोटर चालू कर आग पर किसी तरह काबू पा लिया। इस संबंध में किसान ने विद्यालय के शिक्षक की लापरवाही बताते हुए कहा कि शिक्षकों का ध्यान नहीं होने तथा बच्चों को सही मार्गदर्शन नहीं देने के कारण बगान में आगजनी की घटना हुई है। और लापरवाही के कारण रखा हुआ अलान जल गया। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों पर आरोप लगाते हुए हुई नुकसान की मुआवजा की मांग किया गया है। इस संदर्भ में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाधियापिका रेणु मिश्रा ने बताया कि विद्यालय में साफ सफाई कार्य के बाद बच्चों ने जमा हुआ गंदगी में आग लगा दिया और गर्मी के मौसम होने तथा हवा का रुख बदलने से आग की चिंगारी बगान में उड़ कर चला गया। जिसपर किसी का ध्यान नहीं होने के कारण आग का रूप विकराल हो गया और रखे हुए किसान की अलान में आग पकड़ लिया। जिससे किसान को आर्थिक नुकसान हुआ है। लेकिन इस घटना में किसी के द्वारा जानबूझ कर अंजाम नहीं दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा सफाई के बाद सभी शिक्षक शिक्षिकाएं प्राथना के बाद अपने अपने कक्षा में चले गए और पठन पाठन पर ध्यान दिया जा रहा था इसी दरमियान आगजनी घटना होने की बात बताई जा रही है।

### अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर एमबी डीएवी विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित



प्रातः आवाज

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शितेश कुमार पाठक व आरती कुमारी के देखरेख में नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि नृत्य एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली कला है जो सदियों से मानव संस्कृति का हिस्सा रही है। यह सिर्फ संगीत की ओर बढ़ने के बारे में नहीं है, यह भावनात्मक अभिव्यक्ति, शारीरिक फिटनेस, आत्मविश्वास बढ़ाने, सांस्कृतिक महत्व, कहानियाँ सुनाने और दूसरों से जुड़ने का एक तरीका है। विद्यार्थियों को नृत्य के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा नौवीं व दसवीं के विद्यार्थियों के मध्य नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें सोनम कुमारी व आदि वैष्णवी ने प्रथम, अस्मिता गौतम व आद्या कुमारी ने द्वितीय तथा तृषा कुमारी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में परमित कुमार, कैलाश प्रसाद, रुचिर मृगेंद्र व पूनम सिंह ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम से विद्यार्थियों को मिलेगी ज्ञानवर्द्धक जानकारी : अवनीश

जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में जिले के 25 विद्यालयों से 67 छात्र-छात्राएं ने दी भागेदारी

प्रातः आवाज



**सेन्हा (लोहरदगा)।** जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय के तत्वधान में लोहरदगा जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के जोगना में संचालित केंद्रीय विद्यालय प्रांगण में प्रेरणा उत्सव का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य अवनीश चंद्र झा और शिक्षकों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के 25 विद्यालयो से 9वीं और 12वीं कक्षा के कुल 67 छात्र-छात्राएं भाग लिया। आयोजित कार्यक्रम में निबंध लेखन, कविता, पेंटिंग, नारा, म्यूजिक के द्वारा प्रतिभागियों का चयन किया गया। इस दौरान 30 विद्यार्थियों का चयन कर जिला भेजा जाएगा। जिला के द्वारा साक्षात्कार कर दो छात्र-छात्रा का चयन कर गुजरात के बडनगर भेजा जाएगा। विदित हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षा प्राप्त की थी। प्रधानाचार्य अवनीश चंद्र झा ने बताया कि प्रेरणा उत्सव का आयोजन विद्यार्थियों के लिए अनुभवजन्य शिक्षा प्राप्त करने का एक स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है। इसका मुख्य उद्देश्य है बच्चों में जागृति पैदा करना, भारतीय संस्कृति इतिहास के बारे में जानकारी रखना। और अपने आपको पहचानने को लेकर यह आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य है शौर्य साहस, परिश्रम और समर्पण करुणा एवं सेवा विविधता एवं एकता सत्य निष्ठा सुचिता नवाचार और जिज्ञासा श्रद्धा और विश्वास स्वतंत्रता और कर्तव्य इसी आधार पर बच्चों को जानकारी दी जा रही है। इस मौके पर प्रधानाचार्य अवनीश चंद्र झा, वरीय शिक्षक डी कुमार, प्रेरणा प्रभारी ऐई केर-केट्टा, एनएन किशोर, सुजीत कुमार, सीमा कुमारी जयशवाल, सुनील कुमार, केभी लोहरदगा के शिक्षक अभिजीत अरविंद तिग्गा, डीएवी के शिक्षक सतीश कुमार पाठक, संत अन्ना के शिक्षक पंकज कुमार पाठक, उर्सलाइन स्कूल से शिक्षक हेमलता एक्का, राजेश कुमार भगत सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन, बोले

## 2024 का चुनाव देश के लिए महत्वपूर्ण : नागेंद्र त्रिपाठी

प्रातः आवाज



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को स्थानीय चुन्नीलाल उच्च विद्यालय लोहरदगा के समीप भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी के द्वारा की गई। इस मौके पर पूर्व विधायक सधनु भगत, पूर्व विधायक सह विधानसभा प्रभारी कमलेश उरांव, जिला प्रभारी सह प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद उपस्थित थे। मौके पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने चुनाव मैं जीत सुनिश्चित करने के लिए कई प्रकार की बातों को उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच में बताया। साथ ही कहा की पीएम मोदी के अभिवादन को घर-घर तक हम सभी कार्यकर्ताओं के माध्यम से पहुंचना है। यह 2024 के चुनाव देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। बहुत सारी विदेशी ताकते भी भारतवासी को अलग-अलग वर्गों में बांटने के लिए विभिन्न तरह के षडयंत्रिक तंत्र को लगा रखा है जिसमें ऐसे दलों का भी साथ मिल रहा है जो नहीं चाहते कि भारत का एक गौरवशाली पहचान हो। कहा कि जिस प्रकार से वर्तमान में मोदी के नेतृत्व में लगातार पूरे विश्व में भारत की पहचान बनी है विकास हुआ है उसे विपक्ष घबरा गया है वह ऐसे विचारधाराओं का भी सहारा लेना उचित समझा रहे जो कि भारत को खोखला करना चाहते हैं। पिछले 10 वर्षों में मोदी के नेतृत्व में देश के अंदर कहीं भी कोई बम ब्लास्ट आंतरिक झगड़ा नहीं दिखाई दिए परंतु वही विगत कांग्रेस के शासनकाल में आए दिन बम ब्लास्ट देंगे देखने को मिलते थे। कार्यालय उद्घाटन के मौके पर चंद्रशेखर अग्रवाल, सूरज मोहन साहू, नीरज कुमार नलिन, सामेला भगत, राजकुमार वर्मा, मीणा बाखला, मीना देवी, मीना देवी, अनिल उरांव, छेदी राम, राजेश महतो, अमरेश भारती, लाल निरंजन नाथ शाहदेव, अवधेश सत्यकेतु प्रजापति, पहलवान सिंह, दीपक सराफ, ब्रजेश धनंजय, दीपक साहू, संजय महतो, प्रदीप, बजरंग करूवा, सरोज कुमार, संजय, अरविंद, विजय कुमार साहू, मिर आरिफ, नासिर अंसारी, सहित अन्य उपस्थित थे।

### अवैध गांजा के साथ एक धराया, जेल

**कुडू (लोहरदगा)।** थाना क्षेत्र के बाजारटांड़ के समीप से पकड़े गए अवैध गांजा तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली कि चान्हो थाना क्षेत्र के मसमानो गांव निवासी गोपाल प्रसाद साहू लगभग एक किलोग्राम गांजा लेकर कुडू पहुंचा हैं तथा गांजा को कहीं आपुर्ती देंने वाला है. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछाया तथा बाजारटांड़ से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के क्रम में आरोपी के पास गांजा बरामद किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करते हुए लोहरदगा जेल भेज दिया है।

साक्षात्कार : भाग दो

## सत्ता की राजनीति और वैचारिक प्रतिबद्धता, दोनों की धरातल अलग-अलग : रतन वर्मा



**विजय केसरी**

विजयः आपकी अधिकांश कहानियों के केंद्र में स्त्रियाँ ही होती हैं! समाज में पुरुषों की समस्याएँ क्या कम हैं या क्या पुरुष पात्र आपको किसी भी रूप में प्रभावित नहीं करते, जिस कारण उन्हें आप अपने लेखन में वाजिब स्थान नहीं देते ?

रतनः ऐसी बात नहीं है विजय जी! दरअसल मेरी स्त्री केन्द्रित कहानियाँ ही पाठकों के द्वारा अधिक पसंद की गयीं, इसीलिये आप मेरे बारे में ऐसी धारणा रखते हैं। लेकिन जिसने भी मुझे सम्पूर्णता में पढ़ा है, वे मेरे रचना-संसार में देश-समाज की हर इकाई को उसी अनुपात में देखते हैं, जिनके केन्द्र में स्त्री भी है, पुरुष भी, बच्चे, वंचित वर्ग, किन्नर, स्त्रैण चरित्र वाले पुरुष, पशु-पक्षी आदि , सभी हैं। एक लेखक किसी खास दायरे में बंधकर लेखन कैसे कर सकता है भला ? आपने अगर मेरी गुलबिया, दस्तक, ढोल, सबसे कमजोर जात, पराजिता आदि स्त्री केन्द्रित कहानियां पढ़ी हैं, तो शेर, परमेसरा बैकवर्ड हो गया, पलायन, सरस्वती-पुत्र आदि पुरुष समस्याओं पर आधारित कहानियाँ भी पढ़ी होंगी। या फिर अमरितवा, खरगोश, अब चेतना स्वस्थ है, झरना, बच्चे बुरे नहीं होते आदि बाल- मनोविज्ञान की कहानियाँ भी? ऐसे में अब आप ही बताइये कि मेरे लेखकीय सोच का दायरा व्यापकता लिये हुए है या इकहरा? हाँ, यहाँ एक बात मैं जरूर उल्लेख करना चाहूंगा कि बचपन से ही जो मैंने समाज-परिवारों या आस- पड़ोस में स्त्रियों की दशा देखी है, चाहे वह स्त्री निम्न वर्ग की हो, निम्न-मध्य वर्ग की, मध्य या उच्च वर्ग की , अधिकांश की स्थिति पुरुषों की तुलना में बेहतर नहीं ही कही जा सकती । हालांकि यह आज की ही स्थिति नहीं है। आप रामायण, महाभारत, पुराण आदि को ले लें। उस काल में भी स्त्रियों की क्या हालत थी ? चक्रवर्ती सम्राट दानवीर हरिश्चंद्र की पत्नी तारामती का क्या दोष था कि उसे बिक जाना पड़ा और हरिश्चंद्र को इसकी कोई ग्लानि नहीं हुयी। राम ने सीता की अग्नि परीक्षा ली । द्रौपदी को उनके पंचवीर पतिगण जुए में हार गए और भरी सभा में द्रौपदी का चीर-हरण देखते रहे , दक्ष प्रजापति ने अपनी हठ में अपनी पुत्रियों रोहिणी, रेवती, सती आदि के साथ क्या क्या अन्याय किये या उन्हीं के दामाद चन्द्रमा ने अपनी पत्नी रेवती को दासी जैसे हालात के सुपुर्द बनाये रखा.... । कहने का अर्थ यह कि हमारे समाज में स्त्रियों को हमेशा से द्वयम दर्जे का ही अधिकार प्राप्त रहा है। मेरे ही मुहल्ले में एक विधवा युवती थी, जो अपने दो मासूम बच्चों की परवरिश के लिये एक कॉलोनी के चार घरों में नौकरानी का काम किया करती थी। हमारे पुरुष प्रधान समाज में उसकी देह पुरुषों के लिए आकर्षण बनी रहा करती थी। एक दिन पूरे मोहल्ले को पता चलता है कि वह नौकरानी गर्भवती हो गयी है। कॉलोनी की चारों घरों की मालकिनें उसे चरित्रहीन मानकर काम से निकाल देती हैं। सारी मालकिनों को अपने अपने पतियों पर शक होता है कि उस चरित्रहीन नौकरानी ने ही उनके पतियों को फंसाकर वह कुकृत्य किया होगा। सभी नौकरानी से जानना भी चाहती हैं कि बच्चा किसका है, पर नौकरानी अपना मुँह नहीं खोलती है।

कहानी के अंत में वह बोलती है कि अगर वह बता भी देती कि उसके कोख में किसका बच्चा पल रहा है, तो क्या समाज मुझे माफ कर देता? बस, इतना ही होता कि उस आदमी की पत्नी अपने पति से थोड़ा लड़ झगड़ लेती, लेकिन सारा गाज नौकरानी पर ही गिरता। वह अपने गाँव की एक लड़की का उदाहरण देती हुई कहती है कि सरपंच के बेटे ने उसके साथ बलात्कार किया होता है। बात पंचायत तक पहुंचती है और पंचायत उस लड़की को ही चरित्रहीन सिद्ध करके उसे आत्महत्या की परिणति तक पहुंचा देती है।

अपनी एक कहानी का उदाहरण और देता हूँ-- मुट्ठी भर हवा !.... यह एक ऐसी पत्नी की कहानी है, जिसका पति उद्योगपति होता है और उसका सारा समय सिर्फ धन कमाने में व्यतीत होता है। पत्नी के लिये उसके पास बिल्कुल समय नहीं होता। पत्नी को सारी सुख - सुविधाएँ उपलब्ध होती हैं, सिर्फ दाम्पत्य-सुख के अलावा। ऐसे में घुटती हुई वह एक अलग कदम उठा लेती है, जिसे हमारा समाज पाप समझता है और उस क़दम के बावजूद उसे वह मुट्ठी भर हवा नहीं उपलब्ध हो पाती, जिसकी आकांक्षा वह पाले रहती है।

मैंने निम्न वर्ग और उच्च वर्ग की दो स्त्रियों के उदाहरण रखे। आप देख लें कि हमारे समाज में स्त्रियों की क्या स्थिति है।

विजयः गुलबिया कहानी की नायिका गुलबिया के माध्यम से स्त्री संघर्ष का जीवन्त चित्रण किया है आपने। जिस काल खंड में आपने गुलबिया कहानी लिखी थी, क्या आज भी गुलबिया उसी हाल में है या उसके जीवन स्तर में सुधार भी आया है ?

रतनः देखिये विजय जी ! झाड़ू- पोछा करने वाली बाई आपके घर में भी काम करती है और मेरे घर में भी। ये कई पीढ़ियों से यही काम करती आ रही हैं। देश-समाज कहाँ से कहाँ पहुँच गया, मगर ये जहाँ थीं, वहीं की वहीं हैं। इनके उत्थान के लिये सरकार अनेक योजनाएं चला रही है। इनके लिये राशन मुफ्त, चिकित्सा मुफ्त, घर और शौचालय मुफ्त, यहाँ तक कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण की भी सुविधा! बावजूद इन सुविधाओं के, इनका जीवन स्तर क्यों ऊपर नहीं उठ पा रहा? यह सोचनीय है। आप इसके कारण पर गम्भीरता से सोच कर देखें।

# गहराते जल-संकट से जीवन एवं कृषि खतरे में



**ललित गर्ग**

मानवीय गतिविधियों और क्रिया-कलापों के कारण दुनिया का तापमान बढ़ रहा है और इससे जलवायु में होता जा रहा परिवर्तन अब मानव जीवन के हर पहलू के साथ जलाशयों एवं नदियों के लिए खतरा बन चुका है। जलवायु परिवर्तन का खतरनाक प्रभाव गंगा, सिंधु और ब्रह्मपुत्र सहित प्रमुख जलाशयों और नदी घाटियों में कुल जल भंडारण पर खतरनाक स्तर पर महसूस किया जा रहा है, जिससे लोगों को गंभीर जल परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते इसी जल संकट की गंभीरता को ही दर्शाते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल 2024 तक देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस से पैंतीस प्रतिशत की गिरावट आई है। जो हाल के वर्षों की तुलना में बड़ी गिरावट है। जो सूखे जैसी स्थिति की ओर इशारा करती है। जिसके मूल में अल नीनो घटनाक्रम का प्रभाव एवं वर्षा की कमी को बताया जा रहा है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज भारत गंभीर जल-संकट के साए में खड़ा है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, वर्षा की कमी, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता भारत को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है।

भारत भर में 150 प्रमुख जलाशयों में जल स्तर वर्तमान में 31 प्रतिशत है, दक्षिण भारत में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जिसके 42 जलाशय



वर्तमान में केवल 17 प्रतिशत क्षमता पर हैं। यह भारत के विभिन्न क्षेत्रों में देखी गई सबसे कम जल क्षमता का प्रतीक है। स्थिति अन्य क्षेत्रों में भी चिंताजनक है, पश्चिम में 34 प्रतिशत और उत्तर में 32.5 प्रतिशत जलाशय क्षमता है। हालाँकि, पूर्वी और मध्य भारत की स्थिति बेहतर हैं, उनके पास अपने जलाशयों की सक्रिय क्षमता का क्रमशः 40.6 प्रतिशत और 40 प्रतिशत है, पिछले वर्ष वर्षा कम थी, विशेष रूप से दक्षिण भारत में, 2023 का मानसून असमान था क्योंकि यह अल नीनो वर्ष भी था - एक जलवायु पैटर्न जो आम तौर पर इस क्षेत्र में गर्म और शुष्क परिस्थितियों का कारण बनता है। इससे काफी चिंता पैदा हुई है. वर्तमान में, सिंचाई भी प्रभावित हो रही है, और देश भर में पीने के पानी की उपलब्धता और जलविद्युत उत्पादन पर प्रभाव के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं। भविष्य को देखते हुए, आने वाले महीनों में और अधिक गर्मी पड़ने की आशंका है, जो दर्शाता है कि आने वाले दिनों में बड़ा जल संकट उभरने वाला है। लंबे समय तक पर्याप्त बारिश न होने के कारण जल भंडारण में यह कमी आई है। जिसके चलते कई क्षेत्रों में सूखे जैसे और असुरक्षित हालात पैदा हो गये हैं। जिससे विभिन्न फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि देश की आधी कृषि योग्य भूमि आज भी मानसूनी बारिश के निर्भर है। ऐसे में सामान्य मानसून की स्थिति पर कृषि का भविष्य पूरी तरह निर्भर करता है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। ऐसे में जल भंडारण और वितरण दक्षता में सुधार के लिये पानी के बुनियादी ढांचे और प्रबंधन प्रणालियों में बड़े निवेश की तात्कालिक जरूरत भी है। इसके साथ ही जल संरक्षण की परंपरागत तकनीकों को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। साथ ही आम लोगों को प्रकृति के इस बहुमूल्य संसाधन के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा हेतु प्रेरित करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने की जरूरत है।

पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए आधारभूत आवश्यकता है। आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, उन्हीं प्रयत्नों को व्यापक स्तर पर अपनाने एवं जल-संरक्षण क्रांति को घटित करने की अपेक्षा है।

सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, अब उन पर जलवायु परिवर्तन का घातक प्रभाव पड़ने लगा है। जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन हैं नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, इनकी रक्षा करो, इन्हें अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरुआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाकर या उनका जीर्णोद्धार करके बरसात के पानी को बचाया जा सकता है।


# काम और पढ़ाई में संतुलन कैसे बनायें



**विजय गर्ग**

पढ़ाई के साथ-साथ काम करना कोई नई अवधारणा नहीं है। यह अवधारणा पश्चिमी देशों में काफी समय से सफल रही है लेकिन हमारे देश में यह एक नई अवधारणा है। पश्चिमी देशों में लगभग 60 प्रतिशत छात्र ऐसे हैं जो अपनी शिक्षा का खर्च स्वयं उठाते हैं। हालाँकि आपकी उच्च शिक्षा फीस की पूरी राशि का योगदान करना संभव नहीं है, फिर भी पढ़ाई के दौरान काम करने से एक छात्र को अपनी शिक्षा में कम से कम कुछ योगदान करने में मदद मिल सकती है। हालाँकि यह कई लोगों के लिए बड़ी रकम नहीं हो सकती है, फिर भी इसमें शामिल आनंद और संतुष्टि की मात्रा अन्य सभी तथ्यों पर भारी पड़ती है। पढ़ाई के दौरान काम करना दो तरह से हो सकता है- कॉलेज में कार्य-अध्ययन का विकल्प अंशकालिक नौकरी पहला विकल्प कार्य-अध्ययन कार्यक्रम को चुनना है। यदि आप किसी कार्य-अध्ययन कार्यक्रम में भाग लेते हैं तो आप परिसर में प्रदान की गई अपनी सेवा के लिए धन और प्रति घंटा वेतन प्राप्त कर सकते हैं, जो आपकी क्षमता के आधार पर किसी भी सीमा तक हो सकता है। कार्य-अध्ययन के लिए कई अलग-अलग अवसर हैं, इसलिए छात्रों के लिए उनके विषय से संबंधित कुछ खोजने का अच्छा मौका है। छात्रों को या तो कॉलेज या विश्वविद्यालय, किसी राष्ट्रीय, राज्य या स्थानीय सार्वजनिक एजेंसी द्वारा नियोजित किया जा सकता है; एक निजी गैर-लाभकारी संगठन या एक निजी लाभकारी संगठन। ऐसी भी संभावना है कि छात्रों को सामुदायिक शिक्षण कार्यक्रमों के लिए काम करने के लिए कहा जा सकता है जो कुछ कमाई के अनुभव के साथ-साथ कुछ प्रकार की आंतरिक संतुष्टि भी देते हैं। पढ़ाई के दौरान कमाई का एक अन्य विकल्प ऑफ-कैंपस अंशकालिक या पूर्णकालिक नौकरी हो सकता है। हालाँकि पूर्णकालिक पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले छात्र पूर्णकालिक नौकरी के लिए नहीं जा सकते हैं, फिर भी वे अंशकालिक नौकरी का प्रबंधन कर सकते हैं जो इन दिनों युवाओं के बीच बहुत लोकप्रिय है। यह अंशकालिक नौकरी आपके प्रमुख विषयों से संबंधित नौकरी या कौशल से संबंधित नौकरी से भिन्न हो सकती है। इन दिनों देश भर के कॉल-सेंटरों में बहुत सारी अंशकालिक नौकरियां उपलब्ध हैं, जिसने भारतीय बाजार में एक क्रांति की तरह प्रवेश किया और कम समय में बड़ी लोकप्रियता हासिल की। कॉलेज के छात्रों के लिए अन्य नौकरियां ट्यूशन कक्षाएं लेना, ऑनलाइन नौकरियां आदि हो सकती हैं। विशिष्ट कार्य-अध्ययन नौकरियाँ कार्य-अध्ययन वाली नौकरियाँ पाना और निष्पादित करना कठिन नहीं है। इनमें कई प्रकार की गतिविधियाँ शामिल हैं जिन्हें छात्र आसानी से कर सकते हैं। हालाँकि भारत में ऐसे बहुत से कॉलेज नहीं हैं जो छात्रों को कार्य-अध्ययन का विकल्प प्रदान कर रहे हों, फिर भी यह अवधारणा भारत में भी लोकप्रिय हो रही है। यदि आपको कैंपस में कार्य-अध्ययन की नौकरी मिलती है, तो आपका कॉलेज आमतौर पर आपका नियोक्ता होगा। छात्रों के लिए विशिष्ट नौकरियों में पुस्तकालय या किताबों की दुकान में काम करना, डाइनिंग हॉल में अन्य छात्रों की सेवा करना और कॉलेज के कार्यक्रमों में सहायता करना शामिल है। ऑफ-कैंपस काम आम तौर पर किसी न किसी तरह से जनता को लाभान्वित करता है और जितना संभव हो सके आपके अध्ययन के पाठ्यक्रम से संबंधित होना चाहिए। आप टूर गाइड की नौकरी भी तलाश सकते हैं। हो सकता है कि छात्र कार्य-अध्ययन कार्यक्रम में नहीं बल्कि अन्य साथी छात्रों के साथ काम कर रहा हो। वास्तव में, सभी मामलों में, आपका रोजगार किसी भी अन्य नौकरी के समान ही दिखाई देगा। केवल कॉलेज और आपके नियोक्ता को ही पता चलेगा कि आप एक कार्य-अध्ययन छात्र हैं। नियमित अंशकालिक नौकरी और कार्य-अध्ययन नौकरी के बीच एकमात्र अंतर यह है कि आपके वेतन का कुछ हिस्सा सरकार, राज्य, आपके कॉलेज या किसी अन्य संगठन द्वारा कवर किया जा सकता है। उन छात्रों के लिए भी एक विकल्प उपलब्ध है, जो स्कूल वर्ष के अंत से पहले अपनी कार्य-अध्ययन नौकरी छोड़ने का निर्णय लेते हैं, या जिन्हें कार्य-अध्ययन नौकरी नहीं मिल पाती है, वे अपनी कार्य-अध्ययन सहायता को ऋण में बदल सकते हैं। हालाँकि, यह भिन्न हो सकता है कॉलेज से कॉलेज. कॉलेज में पढ़ाई के दौरान काम करने के फायदे और नुकसान कुछ छात्रों के लिए, कॉलेज में काम करना एक आवश्यकता है; संभवतः कम संपन्न परिवारों के ऐसे छात्र हैं जो अपने शैक्षिक खर्चों का समर्थन करने का निर्णय लेते हैं जबकि दूसरों के लिए यह केवल एक इच्छा है। आर्थिक रूप से मजबूत परिवारों के कुछ छात्र भी आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने के लिए काम करने का निर्णय लेते हैं। कई छात्रों को कॉलेज में रहने के दौरान काम करना पड़ता है, क्योंकि यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो वे पहली बार में कोर्स करने का जोखिम नहीं उठा सकते। हालाँकि, जिनके पास कोई विकल्प होता है उन्हें एक कठिन निर्णय का सामना करना पड़ता है, क्योंकि कॉलेज में रहते हुए काम करने के जितने फायदे हैं उतने ही नुकसान भी हैं। इसलिए, अंतिम निर्णय पर पहुंचने से पहले तर्क के दोनों पक्षों पर विचार करना आवश्यक है। हालाँकि, कारण जो भी हो, नौकरी लेने के लिए सहमत होने से पहले कॉलेज में काम करने के फायदे और नुकसान को जानना महत्वपूर्ण है, इसमें निम्नलिखित पहलू शामिल हो सकते हैंः कॉलेज में पढ़ाई के साथ काम करने के फायदे जीवन का आनंद लेने के लिए अधिक पैसा- यह एक तथ्य है कि लगभग 50 प्रतिशत छात्रों ने कुछ पैसे कमाने और आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने के लिए कार्यः अध्ययन कार्यक्रम में दाखिला लिया। सबसे पहले कॉलेज को वित्त पोषित करने के लिए धन की आवश्यकता के अलावा, थोड़ा अतिरिक्त पैसा एक ऐसी चीज है जो हर छात्र की इच्छा होती है। ऐसी बहुत सी चीज़ें हैं जिन पर हर कोई अपने कॉलेज जीवन के दौरान खर्च करना चाहता है, जिसमें दावतों पर खर्च करना और छुट्टियों में यात्रा करना जीवन को बहुत आसान बना सकता है। कम बजट में जीवन जीना असंभव नहीं है, लेकिन हाथ में कुछ नकदी हो तो इसमें बहुत मजा आता है। और अपने खुद के कमाए हुए पैसे को खर्च करने में बहुत खुशी मिलती है। व्यावसायिक विकासः पढ़ाई के साथ-साथ काम करने से आपको पेशेवर जीवन के बारे में एक संक्षिप्त जानकारी मिलती है। कोई भी ऑन-कैंपस नौकरी छात्रों को संचार (मौखिक और लिखित), टीम वर्क, समय प्रबंधन और ग्राहक सेवा जैसे पेशेवर कौशल सीखने का अवसर प्रदान कर सकती है, साथ ही एक पेशेवर नेटवर्क बनाने के अवसर भी प्रदान कर सकती है। छात्रों को कुछ अच्छे कामकाजी अनुभव प्राप्त होते हैं और साथ-साथ पेशेवर व्यवहार भी सीखने को मिलता है। बहुत से छात्र स्नातक के बाद अपने शैक्षणिक जीवन के बाहर बहुत कम अनुभव के साथ नौकरी बाजार में प्रवेश करने का प्रयास करते हैं और कभी-कभी अनुभव की कमी के कारण अस्वीकृति का सामना करना पड़ सकता है। आजीविका के लिए काम करने से, यहां तक ??कि अंशकालिक आधार पर भी, कुछ कौशल विकसित होते हैं जिनकी पेशेवर जीवन में आवश्यकता होती है, लेकिन उन्हें अध्ययन के माध्यम से नहीं सीखा जा सकता है - सरल चीजें जैसे कि विभिन्न लोगों के साथ कैसे संवाद करें और नौकरी के लिए साक्षात्कार में कैसे व्यवहार करें . इससे ग्रेजुएशन के बाद काम पर जाना बहुत आसान और प्रभावी तरीके से हो जाता है। ऋष्टा से मुक्ति- बहुत से छात्रों को अपनी उच्च शिक्षा जारी रखने के लिए ऋण का विकल्प चुनना पड़ता है, जिसे उन्हें अपने पाठ्यक्रम के पूरा होने पर चुकाना पड़ता है। ऋ ण लेने वाले अधिकांश छात्र आमतौर पर स्नातक होने के बाद कई वर्षों तक अपना ऋष्टा चुकाते हैं, जिसमें एक निश्चित राशि की ब्याज दर भी शामिल होती है। इससे उनके कंधों पर बहुत अधिक दबाव पड़ता है क्योंकि कर्ज चुकाए जाने तक अपने जीवन में आगे बढ़ने, घर खरीदने और परिवार शुरू करने के बारे में सोचना मुश्किल होता है। यदि छात्र कार्य-अध्ययन कार्यक्रम चुनते हैं, तो वे अपने पाठ्यक्रम की अवधि के दौरान अपने ऋ ण का भुगतान करने में प्रभावी ढंग से योगदान दे सकते हैं या अधिकांश समय शैक्षिक ऋण की आवश्यकता भी नहीं होती है। आपके बायोडाटा को अधिक महत्व देता हैः आजकल अधिकांश कंपनियां कुछ पूर्व पेशेवर अनुभव वाले कर्मचारियों को प्राथमिकता देती हैं; उस स्थिति में, आपके कॉलेज के समय के दौरान कुछ पूर्व कार्य अनुभव आपका बायोडाटा बनाते हैंवह दूसरों के बीच चमकता है। नियोक्ताओं को अक्सर कॉलेज स्नातकों के बायोडाटा की भरमार का सामना करना पड़ता है और वे हमेशा किसी ऐसे व्यक्ति की तलाश में रहते हैं जो न केवल ग्रेड के मामले में बल्कि अनुभव के मामले में भी अलग हो। कार्य अनुभव के साथ-साथ अच्छे ग्रेड वाले किसी व्यक्ति के ऐसा करने की संभावना है, खासकर यदि अनुभव प्रासंगिक क्षेत्र में हो। यह प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है, जो नियोक्ता को हमेशा प्रभावित करेगा। अधिकांश बार कुछ पूर्व अनुभवी उम्मीदवारों को कुछ यादृच्छिक नवसिखुआ की तुलना में अधिक पसंद किया जाता है। बेहतर समय प्रबंधन- अपनी पढ़ाई और अपनी नौकरी के बीच संतुलन बनाने से आपको अपने समय को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने का व्यावहारिक अनुभव मिलता है और जो व्यक्ति दोनों के बीच सफलतापूर्वक संतुलन बनाने में सक्षम होता है वह अच्छे समय प्रबंधन की कला में भी महारत हासिल कर लेता है जो वास्तव में हर पेशेवर के लिए महत्वपूर्ण है। . कॉलेज में पढ़ते समय पढ़ाई करने के नुकसान पढ़ाई से ध्यान भटकाना- हालांकि, कॉलेज में काम करने का एक नकारात्मक पक्ष यह है कि छात्रों को इतना अधिक काम करने की क्षमता मिलती है कि उनकी नौकरियां उनके कॉलेज के लक्ष्यों और शैक्षणिक प्रगति में बाधा डालती हैं। आपको अपनी पढ़ाई और नौकरी दोनों के लिए अपना समय देना होगा और कभी-कभी छात्र अच्छी तरह से सामना करने में सक्षम नहीं होते हैं। नौकरी के प्रति प्रतिबद्धता का मतलब यह है कि छात्रों के पास खाली समय कम उपलब्ध है। यदि वे संगठित हों और पढ़ाई के लिए समय निकालने के लिए अपने सामाजिक जीवन में कटौती करें तो यह कोई समस्या नहीं हो सकती है, लेकिन कई छात्र साथियों के दबाव के आगे झुक जाते हैं और इसके बजाय अपने अध्ययन के समय का त्याग कर देते हैं। इसलिए जरूरत बेहतर समय प्रबंधन की है। वास्तव में थका देने वाला हो सकता है- कभी-कभी आपकी दो प्राथमिकताओं के बीच समय का टकराव हो सकता है। यह भी संभव है कि दो प्राथमिकताओं के साथ तालमेल बिठाने से कभी-कभी एक छात्र वास्तव में थक सकता है और शायद उसके पास अपने विषयों को अच्छी तरह से दोहराने के लिए पर्याप्त ऊर्जा नहीं होगी। हर किसी के लिए दिन में केवल 24 घंटे होते हैं और पढ़ाई के दौरान नौकरी रोकने की कोशिश करना बेहद थका देने वाला हो सकता है, खासकर परीक्षा के समय, जब नियोक्ता उन्हें छुट्टी देने के लिए अनिच्छुक हो सकते हैं।

## आज का राशिफल



**मेष**

मेष : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**वृषभ**

वृष : लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मिथुन**

मिथुन : दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कर्क**

कर्क : विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत- ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह**

सिंह : शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**कन्या**

कन्या : आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**तुला**

तुला : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**वृश्चिक**

वृश्चिक : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

**धनु**

धनु : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**मकर**

मकर : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंग। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कुंभ**

कुंभ : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा।

**मीन**

मीन : अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अर्श पब्लिक स्कूल करियातपुर के दो छात्रों ने झारखंड पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा में पाई सफलता

**बेहतर पठन-पाठन से बच्चों ने सफलता प्राप्त की है : शत्रुघ्न**




**बरही (प्रातः आवाज)।** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में संचालित अर्श पब्लिक स्कूल के दो छात्र विशाल कुमार एवं आयुष कुमार ने झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता द्वारा अयोजित पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इस सफलता से विद्यालय के साथ साथ अपने क्षेत्र का नाम रौशन किया है। विशाल कुमार ने सीएमएल रैंक 223 और केटेगरी रैंक 47 प्राप्त किया है। वहीं आयुष कुमार सीएमएल रैंक 740 एवं केटेगरी रैंक 150 प्राप्त किया। विद्यालय के संचालक सह प्राचार्य शत्रुघ्न कुमार ने बताया के हमारे विद्यालय में एकेडमिक के साथ-साथ बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की भी जानकारी तथा तैयारी करवाई जाती है। बच्चों की सफलता उनके मेहनत और विद्यालय की बेहतर पठन-पाठन के द्वारा हुआ है। हमारे विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं काफी मेहनत से बच्चों को पढ़ाने का काम करते हैं। उन्होंने सफल छात्रों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बता दें कि विशाल कुमार इस विद्यालय के संचालक सह प्राचार्य के पुत्र है। पूर्व में विशाल ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में भी पास किया था, लेकिन लॉकडाउन के कारण नामांकन नहीं करा पाया था। विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने दोनो की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जीएम इंटर कॉलेज इचाक में कक्षा 11वीं कला, विज्ञान व वाणिज्य में नामांकन शुरू




**इचाक (प्रातः आवाज)।** जीएम इंटर महाविद्यालय इचाक में नए सत्र 2024-26 इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष में तीनों संकाय कला, विज्ञान और वाणिज्य में नामांकन हेतु तिथि की घोषणा की गई है। नए सत्र में नामांकन की अंतिम तिथि 15 मई तक घोषित की गई है। इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष की तीनों संकाय की कक्षाएं 22 मई से प्रारंभ होगी। उक्त बातों की जानकारी महाविद्यालय प्राचार्य शंभू कुमार ने दी। उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा में सफल छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब विद्यार्थियों के पास कई सारे विकल्प हैं मसलन कला विज्ञान एवं वाणिज्य के साथ-साथ अर्हता को पूरी करने वाले छात्र-छात्राएं नर्सिंग एवं पारा मेडिकल के कई सारे कोर्सेस में नामांकन ले सकते हैं। इसके लिए जीएम महाविद्यालय उत्तम अवसर प्रदान करती है। महाविद्यालय सचिव विनय कुमार ने बताया कि जीएम महाविद्यालय इचाक प्रारंभ से बेहतर रिजल्ट देता आया है जैसे सत्र 2018-20 में 96.8 प्रतिशत, 2019-21 में 96.2 प्रतिशत, 2020-22 में 98.3 प्रतिशत तथा 2021-23 में 96.01प्रतिशत का रिजल्ट रहा है। संस्थान के छात्र-छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष नौकरी पाकर अपना तथा जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। यहां के पारामेडिकल के छात्र-छात्राएं राज्य के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी अस्पतालों में अपना योगदान दे रहे हैं। महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि जीएम महाविद्यालय बेहतर शिक्षण, अनुशासन, प्रशिक्षण, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अग्रणी रहा है, जिसके माध्यम से छात्र-छात्राएं अपना तथा महाविद्यालय का नाम रोशन करते आ रहे हैं। इन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वह अपने बच्चों के भविष्य को लेकर बेहतर संस्थान का चुनाव करें। साथ ही उन छात्र-छात्राओं जिन्होंने इंटरमीडिएट की परीक्षा दी है और उनका परिणाम आने वाला है उन्हें भी शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में क्विज कंप्टीशन का आयोजन



**बरकट्ठा (प्रातः आवाज)।** कपका पंचायत स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका में क्विज कंप्टीशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता 2 ग्रुप में बांट कर किया गया। सीनियर ग्रुप से प्रथम स्थान पर अरुण कुमार, द्वितीय स्थान पर आशिक कुमार दोनों के पिता छोटी प्रसाद तथा तृतीय स्थान पर सूरज राणा पिता फूलचंद राणा रहे। जूनियर ग्रुप से प्रथम स्थान सागर कुमार पिता शंभू मोदी, द्वितीय स्थान पर उत्कर्ष कुमार पांडेय पिता सुरेश कुमार पांडेय, तृतीय स्थान पर सरताज अंसारी, पिता जहीर अंसारी ने प्राप्त किया। संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने सभी बच्चों को पुरस्कार देकर के सम्मानित किया। निदेशक ने बताया कि हमारे विद्यालय में कक्षा पांचवीं से ही बच्चों को जीपीएससी, यूपीएससी लेवल का सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता प्रत्येक माह आयोजित करवाते हैं, जिससे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ सके। संस्था के प्राचार्य दिनेश कुमार भारती ने बताया कि वर्तमान समय में पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक तौर पर बच्चों को तैयार करने के लिए विद्यालय समय-समय पर अलग-अलग प्रकार के प्रतियोगिता आयोजित करता है ताकि बच्चों को पढ़ाई में रुचि बना रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# चौपारण : उत्पाद विभाग की कारवाई, बड़ी मात्रा में अवैध स्प्रिट सहित कई पदार्थ जब्त

प्रातः आवाज

**चौपारण।** सोमवार को उत्पाद विभाग व चौपारण प्रशासन के संयुक्त छापेमारी अभियान के दौरान प्रखण्ड के बैरियाटांड़ में एक घर के तलाशी के क्रम में नकली शराब निर्माण में प्रयुक्त होने वाली स्प्रिट व भारी मात्रा में रैपर व ढक्कन बरामद किया गया। इस संबंध में उत्पाद एसआई अमित कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देशानुसार सोमवार को उत्पाद विभाग टीम हजारीबाग एवं चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह तथा सशस्त्र बल के साथ पडरिया, बैरियाटांड में बीरेंद्र यादव के घर पर छापेमारी की गई। बीरेंद्र यादव के घर एवं घर के अंदर बने तहखाना की तलाशी लिया। तलाशी के क्रम में निम्न अवैध उत्पाद वस्तु बरामद किया।जिसमें अवैध स्प्रिट कुल 27 जरकिन (प्रत्येक



जरकिन 35लीटर क्षमता का) में 945 लीटर अवैध स्प्रिट, स्टर्लिंग बी 7, रॉयल स्टेग, इम्पेरियल ब्लू, मैक डोवेल्स नंबर-1 का स्टीकर करीब 3500पीस, स्टर्लिंग बी 7, रॉयल स्टेग, इम्पेरियल ब्लू,मैक डोवेल्स न 1 का ढक्कन करीब 1900 पीस, स्टर्लिंग बी 7, रॉयल स्टेग, इम्पेरियल ब्लू,मैक डोवेल्स न 1का 110पीस खाली बोतल और अवैध होलोग्राम 3 बंडल और 3 लीटर कैरेमल, अवैध विदेशी शराब-2.760लीटर बरामद किया गया। वीरेन्द्र कुमार यादव एवं अन्य संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया जा रहा है।

### लोकसभा चुनाव के लिए वाहनों में चिपकाये जा रहे हैं जब्ती पर्ची

प्रातः आवाज

**बड़कागांव।** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के द्वारा तैयारियां जोरों पर की जा रही है। हजारीबाग लोकसभा चुनाव कि मतदान 20 मई होना किय तय गया है। तमाम बूथों का सत्यापन के पश्चात मतदाताओं एवं चुनाव कर्मियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का कार्य तेजी से किया जा रहा है।सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बालेश्वर राम ने बताया कि बड़कागांव प्रखंड के सभी 127 बुथों में पानी बिजली शौचालय के अलावा अन्य सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।



आवागमन के लिए वाहनों की जब्ती पर्ची वाहनों में चिपकाई जा रही है।प्रखंड में डेढ़ सौ वाहन चुनाव कार्य के लिए लेना सुनिश्चित किया गया है।जिसमें 100 वाहन रामगढ़ और 50 वाहन बड़कागांव प्रखंड में चुनाव हेतु कार्यों में लगाए जाएंगे।दंडाधिकारी के द्वारा वाहनों में जप्ती पर्ची चिपकाने का भी कार्य जोरों पर की जा रही है।जप्ती पर्ची चिपकाए गए सभी वाहन को 15 मई तक प्रशासन के समक्ष जमा कर देना है।

### एनटीपीसी खनन क्षेत्र के खनन कर्मियों के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**केरेडारी (प्रातः आवाज)।** एनटीपीसी खनन क्षेत्र के खनन कर्मियों के साथ मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आगामी लोकसभा में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में निर्धारित चुनाव तिथि 20 मई को शत-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मतदान करने हेतू लगातार जागरूकता कार्यक्रम अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल और प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार द्वारा कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को एनटीपीसी खनन क्षेत्र के खनन कर्मियों के साथ चट्टीबरियातू में मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

## रावतपारा अधिसूचित जंगल से 17 ट्रैक्टर डम्प किया हुआ अवैध कोयला वन विभाग ने किया बरामद

प्रातः आवाज

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के अधि सुचित वन क्षेत्र में अवैध कोयला खदान संचालित एवं खनन कार्य को लेकर एसीएफ एक के परमार एवं बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की गई।जिसमें रावतपारा जंगल में संचालित अवैध कोयला खदान से खनन कर कुल लगभग 35 टन यानी 17 ट्रैक्टर कोयला बरामद किया गया।बरामद किए गए अवैध कोयला को ट्रैक्टर में भरकर बड़कागांव वन क्षेत्र कार्यालय ले लाया गया है।वन विभाग के द्वारा



मामला दर्ज करने को लेकर अवैध रूप से खदान चला रहे। संचालक एवं उसमें सम्मिलित लोगों को चिन्हित किया जा रहा है।बताते चलें कि इसके 15 दिन पूर्व भी अवैध कोयला जंगल में डंप किया गया 22 ट्रैक्टर एवं एक हाईवा कोयला बरामद किया था।15 दिनों के अंदर अब तक कुल 37 ट्रैक्टर एवं एक हाईवा अवैध कोयला बरामद किया गया।मामले को लेकर एसीएफ एक के परमार ने कहा कि अवैध कोयला कारोबार को लेकर विभाग के द्वारा सघन छापेमारी जारी रहेगा। लोग अवैध कारोबार नहीं करें निरंतर छापेमारी जारी रहेगा। वहीं थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि अवैध कोयले का कारोबार करने वाले बख्से नहीं जाएंगे।उन पर पर केस दर्ज किया जाएगा और उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। छापामारी में वन विभाग के तमाम कर्मी एवं बडकागाँव थाना के सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

### मनीष व मनोज ने किया जनसंपर्क, भाजपा के पक्ष में मांगा समर्थन



प्रातः आवाज

**चौपारण।** लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के साथ दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन मांगा। अभियान की शुरुवात सिंघरावां मोड़ से हुवा जहां भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश साव व स्थानिय मुखिया बिरेन्द्र रजक के अगुवाई में स्वागत किया गया। बच्छई पंचायत के मलिकाना, गोविंदपुर पंचायत के लराही, गोरखा, भटबिगहा में सैकड़ो बाइक के साथ प्रत्याशी का स्वागत किया गया। प्रत्याशी ने भगवानपुर, पोडो, इगुनिया, पडरिया, ब्रहमोरिया, सेलहारा, पाण्डेयबारा, केंदुवा में चला सघन जनसम्पर्क अभियान। वही बसरिया में रोड शो हुआ। अभियान में मंडल अध्यक्ष सुरेश साव, जिला परिषद सदस्य आरती कौशल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप मंत्री गुरुदेव गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष गजाधर प्रसाद, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, अशोक यादव, भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान, राजेन्द्र चनद्रवंशी, अर्जुन साव, महामंत्री अरविंद सिंह, अरविंद साव, बालेश्वर साव, मोहन साव, विजय यादव, नरेश पासवान, पिन्टू सोनी, मुखिया मंटू सिंह, पप्पू रजक, सन्तोष सिंह, पप्पू रजक, भाजपा नेता देवल यादव, संजय यादव, त्रिलोकी यादब, सुरेन्द्र रजक, राजू यादव, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, सुनील सिंह, शिवकुमार प्रजापति, उमेश पासवान, बिनय रजक, बासुदेव यादव सहित अन्य।

### इंडी गठबंधन प्रत्याशी जेपी पटेल को जीताने के लिए झामुमो ने की बैठक

प्रातः आवाज

**बड़कागांव।** इंडी गठबंधन प्रत्याशी को जेपी पटेल जीत सुनिश्चित करने को लेकर झामुमो उरीमारी कार्यालय में बड़कागांव विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव कुमार बेदिया एवं संचालन झामुमो बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह ने किया। इंडी गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल उपस्थित हुए। पटेल ने कहा भाजपा को हजारीबाग जिला से ही नहीं पूरे भारत देश से उखाड़ फेंकना है। तभी यहां के आदिवासी मूल निवासी को विकास हो सकता है।संजीव बेदिया ने कहा इस बार हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को झारखंड मुक्ति मोर्चा का पूरा समर्थन मिला है। जीत के लिए प्रयास हमको करना पड़ेगा। हजारीबाग लोकसभा के प्रत्येक विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा का अधिक से अधिक वोट दिलाने के लिए कार्यक्रम किया जाएगा। मौके पर झामुमो केंद्रीय सोनाराम मांझी, पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महतो, राजेंद्र बेदिया उदय, अग्रवाल, संजय करमाली सरोज मेहता, चरेंद्र बेदिया, शैलेंद्र यादव, संजय वर्मा, हरिलाल बेदिया, जगदीश साव, रमेश प्रसाद, राजू साव, लव कुमार महतो, अजिमा खातून, आशिया खातून, रोहन राम बेदिया, बालकुमार महतो, विनेश पासवान, इंद्रदेव राम, रेशमी टुडू, मुकेश रावत, मोहन सोरेन सहित दर्जनों झामुमो नेता एवं कार्यकर्ता शामिल थे।



### जेपी पटेल पहुंचे बरही, कार्यकर्ताओं के साथ बनाई चुनावी रणनीति



प्रातः आवाज

**बरही।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल रविवार संध्या बरही पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई। इस दौरान उनके साथ बरही विधायक उमाशंकर अकेला भी मौजूद थे। प्रत्याशी जेपी भाई पटेल व विधायक उमाशंकर अकेला का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ माला पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी परिचर्चा करते हुए उन्होंने जीत का मूल मंत्र दिया। बैठक धनबाद रोड स्थित युवा कांग्रेस नेता अमित जायसवाल के आवास पर हुई। इस दौरान जेपी पटेल ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओ से कहा कि आप लोगों ने मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है, इस जिम्मेदारी को हम सबको मिलकर निभाना है। कहा कि आज देश की हालात बहुत खराब है, हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है, हमसबों की जिम्मेदारी है कि लोकतन्त्र कैसे बचें। वहीं विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि चुनाव जेपी पटेल के साथ साथ इंडिया गठबंधन के तमाम दल के कार्यकर्ता लड़ रहे है। पार्टी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर वह हर स्तर से प्रयास कर रहे है। मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पदमा 20 सूत्री अध्यक्ष संजय यादव, अमित जायसवाल, राजद नेता राजेन्द्र स्वर्णकार, शशि जयसवाल, हरि गुप्ता, मो गुलजार, कार्तिक पासवान, राजू राणा समेत अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सरकारी जमीन पर हो रहा है धर्म कांटा का निर्माण, प्रशासन मौन

**नहीं हो रही प्रशासन के तरफ से कोई कार्रवाई : ग्रामीण**

प्रातः आवाज

**कटकमसांडी।** कटकमसांडी रेलवे कॉल साइडिंग के महज हाफ किलो मीटर के दूरी पे सरकारी जमीन है जिसका खाता नंबर 105 बताया जा रहा है जो पूर्ण तरीके से सरकारी जमीन है जिस पे धर्म कांटा का कार्य बेखौफ तरीके से हो रहा है। बताया जा रहा है



कि इससे पूर्व कटकमसांडी प्रशासन के द्वारा धर्म कांटा का कार्य रोकवाया भी गया था, लेकिन वर्तमान में काम चालू है बताया जा रहा है कि दबंगों के द्वारा प्रशासन के सारे नियमों को ताक पर रखकर बेखौफ तरीके से सरकारी जमीन में कांटा का निर्माण कराया जा रहा है। बता दें कि जिस एरिया में कांटा का निर्माण हो रहा है वहां से महज दो सो मीटर के दूरी पे एक बड़ा आवासीय विद्यालय है। अगर इस स्कूल के इर्द गिर्द कांटा का निर्माण होगा तो हर एक दिन दुर्घटना होने की संभावना है और इस से आस - -पास के ग्रामीणों को कटकमसांडी मुख्यालय आने जाने में भी काफी कठनाई का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी जमीन पे धर्म कांटा का निर्माण जो हो रहा है इसे हर हाल में बंद होना चाहिए हमलोग प्रशासन से यही मांग करते है अगर काम नही रुका तो प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**कारगिल शहीद राजेश मिंज की 23 वीं सहादत दिवस मनाई गई**

## 23 वर्ष के बाद भी नहीं हुआ लोटवा गांव का संपूर्ण विकास

प्रातः आवाज

**इचाक।** एनएच 33 नेशनल पार्क मुख्य द्वार के सामने कारगिल में शहीद राजेश मिंज की आदमकद प्रतिमा के समक्ष 23 वीं शहादत दिवस मनाई गई। बता दें कि शहीद राजेश मिंज का जन्म बरककला पंचायत के आदिवासी बाहुल्य गांव लोटवा में 9 सितंबर 1977 को राधाबलभ मिंज के घर हुई थी। वह मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी थे। वह बीएसएफ के 124 आरआर बटालियन में कार्यरत थे। 29 अप्रैल 2000 को भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल में हो रही युद्ध के दौरान इचाक के धरती पुत्र राजेश मिंज शहीद हो गए थे। उस समय पूरा इचाक रोया था, सभी की आंखें



नम थी। हजारों लोगों के मुख से एक ही आवाज निकल रही थी कि इचाक का बेटा देश के लिए अपनी जान को बलिदान दे दिया। उस समय तत्कालीन डीसी अमरेंद्र प्रताप सिंह ने लोटवा आदर्श ग्राम बनाने, लोटवा गांव का संपूर्ण विकास की घोषणा की थी। 29 अप्रैल को उनके आदम कद प्रतिमा पर पंचायत के मुखिया सिकंदर कुमार राम, शहीद के पिता राधा वल्लभ मिंज, सरोज लकड़ा, सुनील लकड़ा समेत दर्जनो लोगों ने फूल माला पहनकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# खूंटी लोस सीट के लिए 07 प्रत्याशी चुनावी दंगल में, चुनाव चिन्ह आवंटित

■ सिमडेगा उपायुक्त एवं एसपी ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी

प्रातः आवाज

### किसी प्रत्याशी ने नाम नहीं लिया वापस



**सिमडेगा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के चौथे चरण के लिए सोमवार को नाम वापस लेने की आखरी तारीख थी। लेकिन खूंटी लोकसभा सीट से किसी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर मीडिया प्रतिनिधियों को खूंटी लोकसभा सीट से प्रत्याशियों की जानकारी साझा की गयी। बताया गया कि किसी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया, जिसके बाद खूंटी लोकसभा सीट के चुनावी रण में 07 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा हुई और उन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया।

इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने प्रेस वार्ता में लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारी की जानकारी दी।

उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि मीडिया के माध्यम से इस लोकसभा आम चुनाव 2024 में जिले के सभी मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक करें। मतदाताओं को बताएं कि जिला प्रशासन इस बार मतदाताओं को मतदान करने के दिन किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी।

इस बार जिला प्रशासन ने आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के अलावे के क्यूं मैनेजमेंट हेतु वॉलिंटियर्स, महिला ,परुष के साथ दिव्यांग व बुजुर्ग के लिए अलग पंक्ति,पेयजल नीबू पानी, दिव्यांग मतदाओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर, दिव्यांग व बुजुर्ग हेतु छोटी वाहन से यातायात की व्यवस्था, दूरस्थ मतदान केंद्र के मतदाताओ के लिए वाहन, मतदान केंद्र में धूप से बचने हेतु शेड की व्यवस्था, शेड में कुर्सी,एक भवन में अधिक बूथ पर हेल्पडेस्क सहित अन्य सुविधाओं का बहाल किया जाना है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान का आयोजन किया गया है। मौके पर वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग -सह- जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, प्रभारी पदाधिकारी सह मीडिया कोषांग आशा मैक्सिमा लकड़ा प्रेस मीडिया के प्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

### खूंटी लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उम्मीदवारों की सूची

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. अर्जुन मुंडा | भाजपा चुनाव चिन्ह : कमल फूल | 5. बबीता कच्छप | भारत आदिवासी पार्टी, चुनाव चिन्ह : हॉकी और बॉल |
| 2. काली चरण मुंडा | कांग्रेस, चुनाव चिन्ह : हाथ का पंजा | 6. पास्टर संजय तिर्की | स्वतंत्र चुनाव चिन्ह : एयर कंडीशनर |
| 3. सावित्री देवी | बहुजन समाज पार्टी चुनाव चिन्ह : हाथी | 7. बसंत कुमार लोंगा | स्वतंत्र चुनाव चिन्ह : अलमारी |
| 4. अर्पणा हंस | झारखंड पार्टी चुनाव चिन्ह : फलों की टोकरी | | |

## बढ़ती गर्मी से खूंटी में तापमान 40°, चलने लगा लू




**खूंटी (प्रातः आवाज)।** जिले में तेज धूप के साथ गर्म हवा चलने से खूँटी का तापमान बढ़ गया है। वहीं पंखे का हवा भी गर्म निकलने लगा है। जिले में लू हवा चलने से घर हो या बाहर, लोगों को जीना मुश्किल हो गया है। बढ़ती गर्मी में खूँटी का तापमान 40ट सेंटीग्रेड पार कर गया। लोग गर्मी के बीच सूखते कण्ठ को पानी शर्बत और जूस से बुझाना पसंद कर रहे हैं। वहीं पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ गयी है। वहीं बिजली की आँख मिचौली से पंखा कुलर भी सही तरीके से काम नहीं कर रही है। चिकित्सक गर्मी से बचने की सलाह दे रहे हैं। वहीं डीहाइड्रेशन से बचने के लिए पानी का कमी न हो इसलिए ओआरएस समय समय पर लेते रहने की सलाह दे रहे हैं। अनिकेत अमन ने बताया कि गर्मी बढ़ने से परेशानी बढ़ गयी है। एक तो धूप की गर्मी तो दूसरा बिजली की आँख मिचौली भी है। बिजली रहती है तो कुछ राहत होगी है और बिजली चले जाने से गर्मी और भी ज्यादा लगती है। दिन भर पानी पी-पीकर रहना पड़ता है। वहीं रात को उमस बढ़ने के कारण घर के अंदर भी व्याकुलता बढ़ने लगी है।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने रंगोली बनाकर दिए जागरूकता संदेश




**खूंटी (प्रातः आवाज)।** कर्रा प्रखण्ड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कर्रा की छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को जागरण संदेश प्रेषित किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, कर्रा ने मतदाताओं को जागरूक करने के क्रम में बताया गया कि 18 वर्ष से ऊपर सभी अपना पंजीकरण कराएं और जागरूक मतदाता बनें। हम सभी को अपने स्तर से मतदाता जागरूकता के इस महाभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है।मौके पर , विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका रेशमी कुमारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन लोकतंत्र को मजबूत करने का सबसे बड़ा पर्व है। जिसमें 18 वर्ष की आयु से उपर के सभी लोगों को अपनी भावना सके के अनुकूल एक स्वच्छ सरकार बनाने और देश हित के लिए जनप्रतिनिधि चुनने का समय होता है। जिसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए। इसके साथ ही मतदाताओं को अपने मताधिकार की महत्ता से अवगत कराने हेतु अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए रंगोली बनाकर इस चुनाव में एक भी मतदाता न छूटे का संदेश प्रेषित किया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा आकर्षक रूप में मतदाताओं का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करते हुए '13 मई को मतदान करेंगे' के जागरूकता संबंधित नारे लगाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस महापर्व में सामने आएं। मौके पर, विद्यालय के सभी शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# झारखंड और विकास विरोधी है कांग्रेस : बाबूलाल मरांडी

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने तोरपा विधानसभा क्षेत्र के सोय बगीचा बानो में चुनावी सभा को किया संबोधित

प्रातः आवाज



**खूंटी।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह विकास विरोधी और झारखंड विरोधी है। झारखंड भाजपा की देन है। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने तो झारखंड आंदोलन के नाम पर सौदेबाजी और इसे बेचने का काम किया। 50-60 वर्ष के शासनकाल में भी कांग्रेस ने अलग झारखंड राज्य नहीं बनाया। भाजपा ने अलग राज्य का वादा किया था और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अल्ग राज्य दिया। कांग्रेस से झारखंड का कभी भला नहीं हो सकता। मरांडी सोमवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के सोय बगीचा बानो में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आनेवाले लोकसभा चुनाव में आप सिर्फ सांसद नहीं, भारत सरकार के मंत्री को चुनेंगे। आपके एक-एक वोट से फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। मरांडी ने कहा कि भारत विकसित होगा, तो झारखंड भी विकसित होगा। दस वर्षों में व्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो काम किया है, उतना काम किसी भी प्रधानमंत्री ने झारखण्ड या देश के लिए नहीं किया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ खूंटी विधानसभा क्षेत्र में एक लाख 31 हजार गरीबों को प्रधानमंत्री आवास मिला है। 70 हजार 960 लोगों को निःशुल्क गेस कनेक्शन मिला। चूल्हा मिला, अनाज मिला।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना काल में गरीबों की मदद की। हर गरीबों के खाने की व्यवस्था की और पांच किलो मुफ्त अनाज देने का काम किया। यदि केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनती है, तो अगले पांच वर्षों तक गरीबों को मुफ्त अनाज मिलेगा। उन्होंने कहा कि 17 लाख से अधिक लोगों को अनाज मिल रहा है। गरीब आयुष्मान कार्ड योजना के तहत पांच लाख तक का इलाज करा सकते हैं। नौ लाख लोगों का आयुष्मान कार्ड बना है। मोदी हमेशा गरीबों के खाने और इलाज की चिंता करते है। देश के प्रधानमंत्री जब हमारी इतनी चिंता करते हैं, तो हमारा भी दायित्व है कि हम अपना वोट देकर उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनायें। कांग्रेस के लोग यहां के लोगों की भावना का सम्मान नहीं करते हैं। कांग्रेस ने गांव की चिंता कभी नहीं की।

**यह चुनाव रामभक्तों और रावण भक्तों के बीच है : कोचे मुंडा**

तोरपा के विधायक और खूंटी लोकसभा के संयोजक कोचे मुंडा ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव रामभक्तों और रावण भक्तों के बीच है। यह लड़ाई शक्ति और शक्त् विनाशकों के बीच है। आपको चुनाव करना है कि आप किससे चुनत हैं। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण की योजना चला रहे हैं, जिसका लाभ सभी समुदाय के लोगों को मिल रहा है। जब से नरेंद्र मोदी प्रधानंत्री बने हैं, गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले गरीबों के लिए निकले सौ रुपये में 15 पैसे ही जरूरतमंदों मिलता था। उन्होंने कहा कि जो काम सदियों से लटका था, प्रधानमंत्री ने दसे पूरा किया, चाहे मामला अयोध्या में राम मंदिर को, धारा 370 हो या तीन तलाक, सभी को सरकार ने चुटकियों में पूरा किया।

विधायक ने कहा आदिवासी मुख्यमंत्री को लूट की छूट है क्या? खूंटकटी जमीन, जिसकी बिक्री नहीं होती है, उसे भी बेच दिया। इसलिए मुख्यमंत्री जेल में है। उन्होंने कहा कि यह अपना भविष्य बनाने का चुनाव है। इसलिए भाजपा के पक्ष में वोट करना है।

# अर्जुन मुण्डा को शगुन देकर जीत की शुभकामना की चर्चा जोरों पर

■ मुरहू प्रखण्ड के गनालोया में सैकड़ों महिलाओं ने नारियल व 2100 रुपए शगुन देकर विजय प्राप्त करने का दिया आशीर्वाद

प्रातः आवाज



**खूंटी।** मुरहू प्रखण्ड के गनालोया गांव की महिलाओं व ग्रामीणों ने भाजपा की जीत सुनिश्चित कराने के लिए उत्साहित हैं। वहीं रविवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का चुनावी जनसम्पर्क के क्रम में कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुण्डा का गृह प्रखण्ड पड़ोसी गांव गनालोया में जोरदार स्वागत किया गया। वहीं सैकड़ों महिला एवं पुरुषों ने क्षेत्र से उन्हें मतदान करने का वचन दिया। जिसमें मुरहू प्रखण्ड के गनालोया गांव में अपनी धर्मपत्नी मीरा मुण्डा व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे थे। वहीं ग्रामीण महिलाओं ने अर्जुन मुंडा को नारियल व 2100 रुपए शगुन देकर उन्हें विजय प्राप्त करने का आशीर्वाद दिए। वहीं अर्जुन मुंडा ने ग्रामीणों को नमन करते हुए धन्यवाद दिए। वहीं ग्रामीणों के संग अर्जुन मुंडा ने बातचीत की और जीत के लिए सभी लोगों को मतदान करने के लिए आग्रह किया। उर्मिला देवी ने बताया कि गांव की महिलाओं की ओर से अर्जुन मुंडा की जीत सुनिश्चित कराने के लिए शगुन के तौर पर 2100/- व नारियल देकर जीत का आशीर्वाद दिया गया।

पूर्व पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का विकास के लिए काफी योजनाओं के द्वारा लाभान्वित करने का काम किये हैं। वहीं केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी लोगों ने उठाया है। देश को सुरक्षित करने के साथ नरेंद्र मोदी ने अनेक अभूतपूर्व कार्य किये हैं। वहीं अर्जुन मुण्डा ने भी क्षेत्र का विकास के लिए काफी कार्य किये हैं। इनकी जीत सुनिश्चित होगी। इसके लिए आशीर्वाद देने का काम किए हैं। वहीं गनालोया में नारी शक्ति की इन महिलाओं की पहल और अर्जुन मुंडा को शगुन देने की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

## समाचार सार

### आम लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर विभिन्न गांवों व स्कूलों में चलाया गया जागरूकता अभियान



**सिमडेगा (प्रातः आवाज)।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सिमडेगा जिलान्तर्गत भारी संख्या में मतदान करने हेतु विभिन्न गांवों, स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बोलबा थानान्तर्गत मुण्डाटोली गॉव में तथा जलडेगा थानान्तर्गत कस्तूरबा आवासिय विद्यालय जलडेगा के छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्रामीणों तथा छात्रों को मतदान के महत्व के बारे में बतलाते हुए स्वच्छ और सुरक्षित मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही छात्रों से अपील किया गया कि वे अपने आस-पास के लोगों तथा अपने परिवार जनों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें ।अतः सिमडेगा के लोगों से सादर अपील है कि, 13 मई को ज्यादा से ज्यादा अपने मतदान केन्द्रों में जाकर मतदान करें और इस चुनावी महापर्व को सफल बनायें।

### दिवंगत बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा के अंतिम संस्कार में शामिल हुए विधायक भूषण बाड़ा, न्याय दिलाने का दिया आश्वासन



**सिमडेगा (प्रातः आवाज)।** विशुनपुरा के दिवंगत बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा का अंतिम संस्कार देर शाम सिमडेगा प्रखंड के भवरपानी में किया गया। उनके दफन क्रिया में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी देर शाम शामिल हुए। मौके पर दिवंगत बीडीओ के परिजनों से मिलते हुए इस दुःख की घड़ी में परिजनों का ढांढ़स बंधाते हुए परिजनों के साथ खड़ा रहने का भरोसा जताया। वहीं दिवंगत बीडीओ के आत्मा की शांति के लिए भी ईश्वर से प्रार्थना की। विधायक ने परिजनों से दिवंगत बीडीओ के मौत के कारणों की भी जानकारी लेते हुए परिजनों को न्याय दिलाने का अस्वाशन दिया। विधायक ने दिवंगत बीडीओ के निधन पर गहरी शोक संवेदना भी ब्यक्त की। विधायक ने कहा कि वे मामले कि जानकारी मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन को देते हुए निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि दिवंगत बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा जिंदादिल इंसान थे। उनके दिल में सिमडेगा बसता था। उनके निधन से सिमडेगा जिला को गहरा आघात पहुंचा है। उनकी कमी न सिर्फ हमेशा सिमडेगा जिलेवासियों को बल्कि राज्य को भी खलेगी। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में जिप सदस्य जोसिमा खाखा,नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, नगर प्रभारी शशि गुड़िया, विधायक प्रतिनिधि अरविंद लुगुन, इम्तियाज हुसैन, उर्मिला केरकेट्टा, इंदुरानी, अनूप मिंज, रवि सुरीन, रवि मिंज भी शामिल हुए।

### सीयूजे में एसटीपीआई की नेक्स्ट जनरेशन इन्क्यूबेशन स्कीम पर जागरूकता सत्र का आयोजन

**रांची (प्रातः आवाज)।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउन्सिल और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग द्वारा आज सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के सहयोग से संयुक्त रूप से 'एसटीपीआई की नेक्स्ट जनरेशन इन्क्यूबेशन स्कीम (एनजीआईएस)' पर एक जागरूकता सत्र एवं नेक्स्टजेन स्टार्ट-अप चैलेंज कॉन्टेस्ट (चुनौती - चैलेंज हंट अंडर एनजीआईएस फॉर एडवांस्ड अनइनहिबिटेड टेक्नोलॉजी इंटरवेंशन) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित भारत के सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क के संयुक्त निदेशक एवं प्रभारी अधिकारी डॉ आर सी मीना एवं सहायक निदेशक श्री शुभ मिश्रा थे। इस दौरान अर्थव्यवस्था के लिए आईटी की भूमिका, आईटी बुनियादी ढांचे, आईटी सेवाएं, इलेक्ट्रॉनिक क्लस्टर, स्टार्ट-अप, एसटीपीआई द्वारा दी जाने वाली योजनाएं आदि विषयों पर चर्चा की गई। डॉ. मीना ने यह भी बताया कि कैसे एसटीपीआई आगे बढ़ने के इच्छुक युवाओं और आईटी के क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करने के इक्छुक लोगों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने स्टार्ट-अप के विचार/उत्पाद को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मंच के साथ-साथ प्रस्तावित तकनीकी सलाह, इंटर्नशिप, सीड मनी, फंडर नेटवर्किंग आदि के बारे में विवरण भी साझा किया। इस सत्र में 250 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समन्वयन झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. प्रज्ञान पुष्पांजलि और डॉ. नितेश भाटिया ने किया।

आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं पाकरटांड़ प्रखंड के कैरबेड़ा पंचायत अंतर्गत धानघरा गांव के लोग

# गांव के खेत में बने कुआं का पानी के लिए दो बजे रात से संघर्ष करते हैं ग्रामीण




अमन मिश्रा

**सिमडेगा (प्रातः आवाज)।** लोकसभा चुनाव 2024 का बिंगुल चुका है और 13 मई को सिमडेगा जिले में मतदान होना है ऐसे में सभी पार्टियां अपने विकास के दावे कर रही हैं। तो वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में विकास के दावे पूरी तरह से जीरो दिखाई देते हैं। भले केंद्र एवं राज्य सरकार हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने का दावा करती हैं लेकिन कई क्षेत्रों में लोग आज भी पीने की पानी की समस्या का दंश झेल रहे हैं। भीषण गर्मी चिलचिलाती धूप में जहां एक ओर लोग प्यास से तड़प रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर पानी को लेकर लोग परेशान हैं। मामला पाकरटांड़ प्रखंड के कैरबेड़ा पंचायत अंतर्गत धानघरा गांव का है, जहां पर आज भी लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। चारों ओर जंगल एवं पहाड़ों से घिरा हुआ इस गांव में करीब 20 से 25 परिवार रहते हैं लेकिन इन्हें देखने वाला कोई नहीं है। गांव की मुख्य सड़क पगडंडी है, जिसके सहारे लोग आवागमन करते हैं। गांव का मुख्य मुद्दा पीने का पानी है, जिसको लेकर गांव में कई बार लड़ाई झगड़ा और कई बार आपसी मनमुटाव होता रहता है। गांव में पीने का पानी को लेकर ग्रामीण रात 2:00 बजे से ही संघर्ष करते हैं तब जाकर उन्हें पीने का पानी मिलता है।

मामले की जानकारी मिलने पर प्रातः आवाज सिमडेगा प्रतिनिधि ग्राउंड जीरो पर रिपोर्टिंग करने के लिए पहुंचा, जहां मामला सत्य पाया गया।

**क्या है मामला**

बताया गया कि गांव चारों ओर जंगल पहाड़ों से घिरा हुआ है। जहां पर करीब डेढ़ वर्ष पूर्व एक जल मीनार लगाया गया है लेकिन आज तक उसे शुरू नहीं किया गया है। इसके अलावा गांव में दो चापानल थे जिसमें एक खराब है और एक से पानी नहीं के बराबर निकलता है। ऐसे में ग्रामीण गांव के ही एक खेत में बने कुआं पर निर्भर हैं, जिसका गंदा पानी पीने के लिए रोज रात को करीब 2:00 बजे से ही लोगों को मेहनत करनी पड़ती है। उर्सला बिलुंग, सावित्री देवी, शंकर महतो सहित गांव की करीब 20 से 25 महिलाओं ने सामूहिक रूप से बताया कि पानी लाने के लिए गांव के लोग पहले सुबह पहुंच जाते हैं और जिस कुआं से पानी लाते हैं वहां पर भी भीषण गर्मी की वजह से पानी ज्यादा नहीं रहता है। ऐसे में गांव वाले सभी लोग बराबर हिस्से में पानी का बंटवारा करते हैं ताकि सबका घर का चूल्हा चौकी जल सके। गांव के लोगों से बात करने पर उन्होंने बताया कि कई बार इसकी शिकायत की गई लेकिन आज तक कोई सुनने वाला नहीं है। गांव में सड़क नहीं है लेकिन गांव के लोग इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देते लेकिन पीने का पानी की समस्या को हमारे समक्ष रखा। मौके पर गांव के युवक ने बताया कि सरकार द्वारा आवास तो मिला है लेकिन पानी की वजह से आवास बनाने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव से करीब एक किलोमीटर दूर पानी लाने जाना पड़ता है जिसके बाद आवास का काम होता है ऐसे में आवास मिलना नहीं मिलना बराबर है।

**खराब चापानल को बनवा दिया जाएगा : कार्यपालक अभियंता**

इधर इस मामले में पेयजल और स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार ने कहा है कि प्राथमिकता के आधार पर गांव में खराब पड़े चापानल को बनवा दिया जाएगा ताकि लोगों को पीने का पानी की समस्या उत्पन्न न हो।

### पानी की वजह से गांव के बेटों की नहीं हो रही हैं शादियां

गांव की महिला ने बताया कि गांव में बेटों की शादी करने के लिए कई बार रिश्ते आते हैं, लेकिन गांव में जब पानी की समस्या सुनते हैं तो वे लोग रिश्ता करने से मना कर देते हैं। सभी लोगों का कहना है कि गांव में पीने के पानी की समस्या है, ऐसे में गांव में बेटी को देने से उसे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# खूंटी सीट से किसी प्रत्याशी ने नहीं लिया नाम वापस

■ चुनाव मैदान में बचे प्रत्याशियों की संख्या तय हो जाने के बाद बैलेट पेपर प्रिंटिंग सहित अन्य सभी प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई हैं : उपायुक्त

प्रातः आवाज




**खूंटी।** खूंटी सुरक्षित लोकसभा सीट के लिए सोमवार को नाम वापसी के निर्धारित समय अपाह्न तीन बजे तक किसी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। इस प्रकार स्क्रूटनी के बाद सात प्रत्याशी अब चुनाव मैदान में रह गए हैं। यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने दी। वे नाम वापसी के लिए निर्धारित समय समाप्त होने के बाद समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उपायुक्त ने बताया कि निर्धारित समय तक किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम वापस नहीं लिए जाने के बाद चुनाव मैदान में रह गए तीन राष्ट्रीय दलों के प्रत्याशियों सहित सभी सातों प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया गया। जो प्रत्याशी अब चुनाव मैदान में रह गए हैं उनके नाम और चुनाव चिह्न आवंटित कर दिया गया है। अर्जुन मुंडा भाजपा चुनाव चिह्न कमल, कालीचरण मुंडा इंडियन नेशनल कांग्रेस चुनाव चिह्न हाथ, सावित्री देवी बहुजन समाज पार्टी चुनाव चिह्न हाथी, अर्पणा हंस झारखंड पार्टी चुनाव चिह्न फलों से भरी टोकरी, बबीता कच्छप भारत आदिवासी पार्टी चुनाव चिह्न हॉकी एंड बॉल, पास्टर संजय कुमार तिर्की निर्दलीय चुनाव चिह्न एयर कंडीशनर तथा बसंत कुमार लोंगा चुनाव चिह्न अलमीरा।

उपायुक्त ने बताया कि चुनाव मैदान में बचे प्रत्याशियों की संख्या तय हो जाने के बाद बैलेट पेपर प्रिंटिंग सहित अन्य सभी प्रक्रियाएं शुरू कर दी गई हैं। इवीएम जांच की प्रक्रिया भी लगभग पूरी कर ली गई है।उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसे लेकर लगभग सभी मतदान केंद्रों में आवश्यक सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। मतदान के दिन सभी बूथों में ऑटो अथवा टोटो की व्यवस्था की जाएगी, ताकि दूर दराज क्षेत्र के मतदाताओं को सुगमता से मतदान केंद्रों तक लाया जा सके। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मत का प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए सभी मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़कर भागीदारी करें।

## समाचार सार

### लोकसभा चुनाव : धनबाद लोस सीट के लिए 18 लोगों ने खरीदा नामांकन पत्र

**धनबाद (प्रातः आवाज)।** सोमवार को लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद 18 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने बताया कि सामान्य वर्ग के लिए प्रति नामांकन पत्र का मूल्य 25 हजार रुपए तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 12500 रुपए निर्धारित है आज सामान्य वर्ग में 14, अनुसूचित जाति में 3 तथा अनुसूचित जनजाति में 1 व्यक्ति ने नामांकन पत्र खरीदा। नामांकन पत्रों की बिक्री कार्यालय अवधि के दौरान कलेक्ट्रेट में की जा रही है। बिक्री काउंटर पर जिला पंचायती राज विभाग के प्रधान सहायक रमेश कुमार तिवारी, शंभु महतो, नंदलाल चौहान मौजूद थे।

### एसडीओ ने लिया विधि व्यवस्था का जायजा



**धनबाद (प्रातः आवाज)।** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। इस संदर्भ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर नामांकन प्रक्रिया के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने सोमवार को सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में की जाएगी। नामांकन के दौरान निरंकारी चौक से मेमको मोड़ तक (नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई 2024 तक) सुबह 10 बजे से संध्या 4 बजे तक नो एंट्री लागू है। साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू है। इस दृष्टिकोण से कलेक्ट्रेट, निरंकारी चौक तथा मेमको मोड़ का निरीक्षण कर वहां प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### महिला मतदान पदाधिकारियों को मॉक पोल का दिया गया प्रशिक्षण



**धनबाद (प्रातः आवाज)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर सोमवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय एवं पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में महिला मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा, संजय कुमार ने मॉक पोल, 17 ए रजिस्टर का संधारण, एएसडी वोटर, बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली में अमिट स्याही लगाने आदि के संबंध में बताया। प्रशिक्षण के दौरान सेन्टर प्रभारी सह जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी व जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार ने निरीक्षण किया। मौके पर मास्टर ट्रेनर कुमार वंदन, प्रवीण लाला, के-के तिवारी, सुभाष, रामलखन कुमार, नीरज मिश्रा सहित अन्य प्रशिक्षक उपस्थित थे।

### अनुपमा सिंह के पक्ष में जनसंपर्क



**झरिया (प्रातः आवाज)।** धनबाद लोक सभा महागठबंधन उम्मीदवार अनुपमा सिंह को मिल रहा जनता का अपार समर्थन। अनुपमा सिंह के पक्ष में मजदूर, व्यवसायी, महिलाएं, युवाओं का एक नया हुजूम उमड रहा है। उक्त बाते झरिया नगर अध्यक्ष रत्नेश यादव ने जनसंपर्क के दौरान कहा। झरिया नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व में झरिया नगर के हर मोहल्ले में जाकर जनसंपर्क किया गया। इस दौरान आगामी एक तारीख को नामांकन कार्यक्रम में एक नया नजारा देखने को मिलेगा। जन संपर्क कार्यक्रम में मोहरी बांध में मजदूर नेता मंजु देवी, बकरी हाट अजय सिंह, पूर्व पार्षद वार्ड नंबर 45 सेख सुल्तान, आरजेडी नेता उपेंद्र यादव, घनुडीह रंजीत गुप्ता लाल झंडा कोरिबाध सतमोडवा, नई दुनिया आशा विहार कुछ कॉलोनी सोनी देवी से मिलकर जनसम्पर्क किया मौके पे अशोक मंडल, के डी मिश्रा, अमर मिश्रा, महेश शर्मा, बीरेंदर कुमार सिंह, भीम निषाद, कुंदन कुमार मोदक, कृष्णा पटेल, सुमित ठाकुर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### बोकारो रेंज डीआईजी पहुंचे सिंदरी एसडीपीओ कार्यालय का किया निरीक्षण



**सिंदरी (प्रातः आवाज)।** पूर्व के निरीक्षण कार्यक्रम के आलोक में सोमवार को करीब 03.30 बजे अपराह्न में बोकारो कोयला रेंज के डीआईजी सुरेन्द्र झा (भापुसे) अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय, सिन्दरी पहुंचे। उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय, सिन्दरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में कार्यालय के अभिलेखों का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान सिन्दरी अनुमंडल के विगत पांच वर्षों का अपराध आंकड़ा, यूडी कांड, अप्राथमिकी पंजी, गंभीर कांडों की समीक्षा एवं अन्य पंजियों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय कार्य संतोषजनक पाया गया, जिसके लिए कार्यालय से सभी पदाधिकारी एवं आरक्षियों को पुरस्कृत किया गया। इसके पहले डीआईजी श्री झा कै सलामी गारद द्वारा सलामी दी गयी। उनके द्वारा सलामी गारद को अच्छे टर्न आउट के लिए पुरस्कृत किया। निरीक्षण के समय अजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक (नगर), धनबाद एवं भूपेन्द्र प्रसाद राउत, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिन्दरी एवं उनके कार्यालय के पदाधिकारी एवं आरक्षी उपस्थित थे।

### अज्ञात अपराधियों ने महिला की गला रेतकर की हत्या

**धनबाद (प्रातः आवाज)।** टुंडी थाना क्षेत्र की पिपराटांड में रविवार की रात को सो रही आदिवासी महिला को अज्ञात अपराधियों ने गला रेस कर हत्या कर दी। महिला घर के आंगन में खटिया पर सो रही थी। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने गला रेस कर अधमरा अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। अस्पताल ले जाने के क्रम में महिला की हुई मौत। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। घटना के बाद पूरे इलाके को पुलिस छावनी में बदल दिया। बताया जा रहा है कि बरवाटांड पंचायत पिपराटांड गांव की धनी देवी नामक महिला खटिया में सो रही थी। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने गला रेतकर अधमरा अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। आवाज सुनकर परिजन बाहर आए तो देखा कि धनी देवी को किसी ने गला राते दिया है। इसके बाद वह तड़पने लगी। परिजनों ने उसे तुरंत उठाकर अस्पताल ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ही धनी देवी ने दम तोड़ दिया। इस हत्या के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल बन गया। मृतक के बेटे ने बताया कि वह सो रहे थे। जबकि उनके पिता शादी समारोह में गए हुए थे। इसी दौरान घटना को अंजाम दिया गया।घटना के संबंध में टुंडी थाना प्रभारी ने बताया कि हर पहलू पर घटना की जांच की जा रही है। फिलहाल कोई सुराग नहीं मिला है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जिला प्रशासन तैयार

## 25 मई को धनबाद संसदीय क्षेत्र में 22 लाख 78 हजार 221 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

- जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की लोकसभा आम निर्वाचन की अधिसूचना जारी

- एसएसआर 24 में जुड़े 82628 नए मतदाता
- 63 एसएसटी, 21 एफएसटी, 21 वीएसटी रहेगी अलर्ट मोड में
- 27 आर्म्स लाइसेंस रद्द, 59 के विरुद्ध सीसीए की अनुशंसा



**प्रातः आवाज**

**धनबाद।** धनबाद संसदीय क्षेत्र में बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद एवं झरिया को मिलाकर 22 लाख 78 हजार 221 मतदाता है, जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 11 लाख 92 हजार 976, महिला 10 लाख 85 हजार 165 व 80 थर्ड जेंडर मतदाता है। एसएसआर 24 में 27 अक्टूबर 2023 से 27 अप्रैल 2024 तक 82628 नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है। वहीं 40949 का नाम डिलीट किया गया है। इस बार लोकसभा चुनाव में धनबाद जिले में 18 से 19 वर्ष के 24192 पुरुष, 29483 महिला तथा 2 थर्ड जेंडर को लेकर 53677 फर्स्ट टाइम वोटर्स है। 15178 तथा 12675 महिलाओं को लेकर 27853 पीडब्ल्यूडी वोटर्स, 3412 पुरुष व 3372 महिलाओं सहित 6784 मतदाता 85 वर्ष अधिक उम्र के है।

धनबाद संसदीय क्षेत्र में 1270 भवन में 2539 मतदान केंद्र है। इसमें शहरी क्षेत्र में 1177 और ग्रामीण क्षेत्र में 1362 मतदान केंद्र है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी करते हुए प्रेस वार्ता का आयोजन कर पत्रकारों से कहा कि जिला प्रशासन स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जिले में 63 स्टैटिक सर्विलांस टीम, 21 फ्लाइंग स्क्वायड टीम व 21 विडियो सर्विलांस टीम कार्यरत है। 2 एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर भी धनबाद पधार चुके हैं।

उन्होंने बताया कि अधिसूचना जारी होते ही उम्मीदवार नामांकन पत्र खरीद कर जमा कर सकेंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे तक है। नामांकन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। 7 मई को सुबह 11:00 बजे से नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। वहीं 9 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। साथ ही बताया कि धनबाद में 25 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान निर्धारित है। वहीं 4 जून 2024 को मतगणना तथा 6 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि धनबाद जिले के सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी एवं बाघमारा विधानसभा में 1313 भवन में 2378 मतदान केंद्र है। इसमें शहरी क्षेत्र में 918 व ग्रामीण क्षेत्र में 1183 मतदान केंद्र है। कुल मतदाताओं की संख्या 2046473 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 10 लाख 72 हजार 318, महिला 9 लाख 74 हजार 106 व 49 थर्ड जेंडर वोटर्स है।

धनबाद जिले में 172 पर्दानशीन व महिला मतदान कर्मियों द्वारा संचालित 19 बूथ है। जबकि पीडब्ल्यूडी मतदान कर्मियों द्वारा संचालित सिंदरी विधानसभा में एक और युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित धनबाद विधानसभा में एक बूथ है। वहीं टुंडी एवं बाघमारा में एक-एक यूनिक बूथ बनाए गए हैं।

नामांकन की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि नामांकन करने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष में उम्मीदवार सहित 5 व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। वहीं कलेक्ट्रेट मेन गेट तक तीन वाहनों को आने की अनुमति रहेगी। वहीं स्वतंत्र उम्मीदवार के लिए अधिकतम 10 प्रस्तावक की अनुमति रहेगी। आदर्श आचार संहिता का पालन करने तथा सुरक्षा के लिए पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## बोर्रागढ़ मैगजीन घर के पास लगी आग

**प्रातः आवाज**



**झरिया।** बीसीसीएल अंतर्गत पुटकी बलिहारी क्षेत्र के बोर्रागढ़ मैगजीन के समीप जंगल में आग लगने से हडकंप मच गया। स्थानीय लोगों व सीआईएस एफ की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। जंगल में भीषण आग लग गई और आम लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सीआईएसएफ टीम द्वारा तत्काल मामले की जानकारी बीसीसीएल अधिकारियों को दी गयी जिसपर प्रबंधन ने तुरंत फायर ब्रिगेड टीम के साथ मौके पर पहुचकर जंगल में लगी आग पर भारी मशकत के बाद काबू पाया। इसके बाद सीआईएसएफ टीम व आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। आग बुझाने में यदि और कुछ देर होता तो आग अपने चपेट में मैगजीन घर को ले लेता, जिसके बाद बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जाता। क्योंकि बीसीसीएल का बारुद घर इस मैगजीन घर में स्तिथ है। जबकि सवाल ये उठता है कि जंगल में आग कौन लगा रहा है। वहीं इस जंगल के चारों ओर घनी आबादी की बस्ती है। अगर यह आग बारुद घर की ओर लगती तो भयानक स्तिथि उत्पन्न हो सकती थी। वहीं आग का तांडव ऐसा था कि सभी राहगीर रास्ता में जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। आम लोगों के सहयोग से ही इस आग पर काबू पाया जा सका है।

### फुटपाथ दुकानदारों ने किया निगम के खिलाफ अर्द्धनग्न विरोध-प्रदर्शन

## रोटी नहीं तो वोट नहीं का लगाया नारा

**प्रातः आवाज**



**धनबाद।** फुटपाथ दुकानों को वेंडिंग जोन में शिफ्ट किए जाने का विरोध फुटपाथ दुकानदारों ने शुरू कर दिया है। सोमवार को धनबाद के पुलिसलाइन रोड के फुटपाथ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने अर्धनग्न विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही रोटी नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए। फुटपाथ दुकानदारों ने बताया कि नगर निगम धनबाद बार-बार हम दुकानदारों को परेशान कर रही है। कोहिनूर मैदान में बनाये गए वेंडिंग जोन में पुलिस लाइन रोड के फुटपाथ दुकानदारों को शिफ्ट करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जबकि फुटपाथ दुकानदार पूर्व में ही पशुपालन विभाग के खाली जगह में मार्केट बनाकर फुटपाथ दुकानदारों को आवंटित किए जाने की मांग रखी गई थी। जिसपर नगर निगम कोई सकारात्मक पहल नही कर रही है। फुटपाथी दुकानदार तपन डे ने कहा कि बार-बार नगर निगम दूकाने हटाने का फरमान जारी कर रही है, जिससे रोजी रोजगार प्रभावित हो रहा है।

## तेलमोचो दामोदर ब्रिज धनबाद और बोकारो सीमा चेक पोस्ट पर वाहनों की सघन जांच

**प्रातः आवाज**



**महुदा।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महुदा थाना क्षेत्र के तेलमोचो चेक पोस्ट पर वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। थाना प्रभारी धीरज कुमार लगातार मॉनिटरिंग कर रहे है। एसडीओ के निर्देश पर दंडाधिकारी की मौजूदगी में पुलिस चेक पोस्ट पर लगातार वाहनों की जांच कर रहे है। इसी क्रम में महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार के नेतृत्व में कई वाहनों की सोमवार को जांच की गयी। एक जिला से दूसरे जिला में जाने वाले सभी वाहनों की सघन जांच की जा रही है। ड्यूटी पर तैनात जवानों द्वारा वाहन में रखे सामान, बैग, डिक्की और व्यक्ति की गहनता से तलाशी ले रहे है। जांच के दौरान जो भी रिपोर्ट मिलती है उसे जिला प्रशासन को भेज दिया जाता है प्रशासन का मकसद लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना है। उन चीजों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जो चुनाव में किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न न हो इस पर विशेष नजर रखा जा रहा है।

## भौरा पावर हाउस के समीप धंसी जमीन, गैस रिसाव

**प्रातः आवाज**



**भौरा।** पूर्वी झरिया क्षेत्र के पावर हाउस विद्युत सब स्टेशन के पास रविवार को गैस रिसाव से विद्युत सब स्टेशन में काम करने वालों में भगदड़ मच गई। कर्मचारियों ने गैस रिसाव से उल्टी एवं सर दर्द की शिकायत की सोमवार को सुबह अपर महाप्रबंधक सुशील कुमार क्षेत्रीय विद्युत अभियंता जीसी मुरई विद्युत अभियंता विवेक कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर गैस रिसाव होने वाली जगह का निरीक्षण किया एवं उस जगह को मिट्टी से भरवाने का काम युद्ध स्तर पर शुरू किया गया है, जिससे विद्युत सब स्टेशन को किसी तरह का कोई नुकसान न पहुंचे जिस जगह गोपनुमा जगह से गैस एवं आग का रिसाव हो रहा है।

स जगह को मिट्टी से भरने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। प्रबंधन कोशिश में लगी है कि किसी तरह से गैस एवं आग पर काबू पाया जा सके जिससे विद्युत सब स्टेशन को किसी तरह का नुकसान न पहुंचे यदि गैस एवं आग पर काबू नहीं पाया गया तो एक बहुत बड़ी क्षति पूर्वी झरिया क्षेत्र को उठानी पड़ेगी क्योंकि इसी जगह से हर परियोजना खदानों चिकित्सालय मोहल्ले में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में बिजली की सप्लाई होती है। यदि सब स्टेशन को नुकसान पहुंचा तो इससे सभी लोग प्रभावित होंगे सब स्टेशन से मात्र 50 फीट की दूरी पर कोक प्लांट मोहल्ला है जिसमें हजारों की संख्या की आबादी है इस मोहल्ले के लोग भी दहशत में है। यदि गैस पर काबू नहीं पाया गया तो उन्हें मोहल्ला छोड़ना होगा क्योंकि कुछ वर्ष पूर्व से ये लोग विस्थापित होकर इस जगह पर आकर रह रहे है।

गैस रिसाव का कारण लगभग 10 से 15 वर्ष पूर्व पावर हाउस के पास है। 3 फीट उत्खनन परियोजना चल रही थी जो की फायर परियोजना थी परियोजना पावर हाउस के 5 फीट दूरी के पास ही चल रहा था इसके बाद परियोजना को बंद कर दिया गया और फॉर ए पेच उत्खनन परियोजना का मलवा इस जगह पर डंपिंग किया जा रहा उसे मलवा में भी आग लगी हुई है।

## भंडारीदह में पनशाला का उद्घाटन

**प्रातः आवाज**



**भंडारीदह (बेरमो)।** तेज धूप की तपन से हरकोई बेहाल व परेशान है । इसी को ध्यान में रखते हुए तारमी पंचायत के पंसस रविंद्र कुमार गिरि ने अपने निजी मद से भंडारीदह चौक में पनशाला में पेयजल व गुड़ की व्यवस्था किया है, जिसका विधिवत उद्घाटन सोमवार को महिला बाल विकास मंत्री के पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू ने किया।

अखिलेश ने कहा कि इस भीषण गर्मी में पेयजल की व्यवस्था करना बहुत ही नेक कार्य है।पंसस रविंद्र कुमार गिरि ने कहा कि भंडारीदह आसपास गांवों का हृदयस्थली है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर विभिन्न कार्यों को लेकर प्रतिदिन यहां सैकड़ों ग्रामीणों को आना जाना होता है। हर कोई पानी की बोतल नहीं खरीद सकते, वैसे लोग यहां गुड़ व पानी पीकर अपनी प्यास मिटाएंगे। इस दौरान धनेश्वर सिंह, पुनीत महतो, जैठू महतो, काबूल कूक, अमरजीत, सुनील टुड्डू आदि मौजूद थे।

## पेफी झारखंड वार्षिक बैठक 2024 संपन्न

**प्रातः आवाज**

**बोकारो।** युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन संगठन-पेफी फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के वार्षिक आम सभा की बैठक जेके इंटरनेशनल स्कूल दिनांक 28 अप्रैल 2024 को सम्पन हुई। पेफी की बैठक मनोज कुमार मिश्रा (निदेशक) की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सभी कार्यक्रम की रूपरेखा आलोक चौधरी सचिव झारखंड, रेनू अध्यक्ष झारखंड एवं रेजा इस्तियाक निदेशक झारखंड की देखरेख में किया गया।

### एनएचएम के अपर अभियान निदेशक विद्यानंद शर्मा पहुंचे धनबाद, कहा

## जल्द अपग्रेड किये जाएंगे जिले के सभी अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्र

**प्रातः आवाज**

**धनबाद।** धनबाद पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव सह एनएचएम के अपर अभियान निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज ने बताया कि स्टेट ऑफ द आर्ट हेल्थ सर्विस योजना के तहत जिले के अस्पताल समेत सभी स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड किया जायेगा। यहां भवन के साथ मरीजों के लिए सुविधाएं भी विकसित करने की योजना है। इसके लिए स्वास्थ्य मुख्यालय द्वारा चयनित मास एंड व्वाइड नामक एजेंसी ने सर्वे शुरू कर दिया है। योजना का उद्देश्य निजी अस्पतालों की तर्ज पर मरीजों को सुविधा उपलब्ध कराना है।

एनएचएम के अपर अभियान निदेशक सह संयुक्त सचिव ने सिविल सर्जन सभागार में सिविल सर्जन सहित अन्य चिकित्सा पदाधिकारीयों एवं कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान कार्य में त्रुटि होने पर अधिकारियों एवं कर्मियों को शो कॉज करने के निर्देश दिए। जबकि डाटा एंट्री में कम संख्या को लेकर भी कई चिकित्सा पदाधिकारीयों को भी उन्होंने नोटिस किया और कहा कि सभी जारी दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए कार्य करें अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

समीक्षा बैठक के बाद एनएचएम के अपर अभियान निदेशक सह संयुक्त सचिव ने चिकित्सकों के क्वार्टर से अवैध कब्जा के मामले में सिविल सर्जन को कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। उन्होंने चिकित्सकों के क्वार्टर से अवैध कब्जा हटाकर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है जिसके लिए जरूरत पड़ने पर जिला प्रशासन की मदद लेने को कहा है।

**निजी अस्पतालों की तर्ज पर मरीजों को मिलेगी सुविधा**

### मई से क्यूआर कोड स्कैन कर डॉक्टरों की बनेगी पर्ची

संयुक्त सचिव ने कहा जिला अस्पताल समेत सभी सीएचसी व अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में मई से नई व्यवस्था लागू की जाएगी जिसके तहत अब रजिस्ट्रेशन के लिए लंबी लंबी लाइन में लगने की जरुरत नहीं होगी। यानी अब क्यूआर कोड स्कैन कर डॉक्टरों की पर्ची बन जाएगी। स्वास्थ्य विभाग जल्द ही जिला अस्पताल समेत सभी स्वास्थ्य केंद्रों में क्युआर कोड के पोस्टर लगाए जाएंगे।

इसके अलावा भी मरीजों को अन्य कई और फायदे भी होंगे। उन्होंने बताया कि आभा आयुष्मान भारत हेल्थ अकॉउंट व हेल्थ आईडी कार्ड (एबीएचए) कार्ड का प्रबंधन आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत किया जाता है जिससे जिले के लोगों को कई लाभ मिलेंगे। इस योजना को लागू करने के लिए मंगलवार से सभी स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण भी शुरू हो जाएगा।

## जल ही जीवन है कार्यक्रम के तहत केबी कॉलेज ने राहगीरों के लिए प्याऊ की व्यवस्था की

**प्रातः आवाज**




**बोकारो।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रभाकर कुमार के नेतृत्व में एनएसएस यूनिट एक ने गर्मी से निजात के लिए राहगीरों के लिए प्याऊ की व्यवस्था की। पांच मिट्टी के मटके रखवाए। यह प्याऊ पूरी गर्मी तक लगी रहेगी। साथ ही कालेज परिसर के पौधों मे पानी डालने का कार्य एन एस एस स्वयं सेवको द्वारा किया गया। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा पानी को व्यर्थ न बहाएं। भीषण गर्मी मे यही लोगों और पौधों जीव जंतुओं की प्यास बुझाता है। कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार ने बताया जल ही जीवन है। पानी पिलाना पुण्य कार्य स्वरूप है चाहे इंसान हो या पौधे। हीट वेव से बचाव पानी ही उपलब्धता से ही संभव है।

एनएसएस स्वयं सेवकों ने पौधों को पानी देकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश। पोस्टर के माध्यम से सुमीत कुमार सिंह, दानिया फिरदौस ने सन्देश दिया, स्लोगन के माध्यम से दानिया फिरदौस ने संदेश दिया, निबन्ध के माध्यम से तनीषा कुमारी ने संदेश दिया, भाषण के माध्यम से मिलन कुमार गुप्ता ने संदेश दिया। सभी स्वयं सेवकों ने जल ही जीवन है का संदेश देने का कार्य किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र एवम मेडल देकर पुरस्कृत किया जाना है जिनमें सुमीत कुमार सिंह, तनीषा कुमारी, तनीषा प्रवीण, मो दिलबर, लक्ष्मी कुमारी, शहजादी शगूफा, दानिया फिरदौस, सूरज देव साव, राजीव कुमार बाउरी, कन्हिया रजवार, प्रथम कुमार, मिलन कुमार गुप्ता आदि हैं। मौके पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो गोपाल प्रजापति, डा अरुण कुमार रॉय महतो, डा अलीशा वंदना लकड़ा, डा नीला पूणीर्मा तिर्की, प्रो संजय कुमार दास समेत पुरुष व महिला स्वयं सेवको आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम स्टालिन ने गुकेश को किया सम्मानित, 75 लाख रुपये का दिया इनाम



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के सीएम एम.के. स्टालिन ने रविवार को राज्य के युवा प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी डी. गुकेश को सम्मानित किया, जो फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के युवा विजेता बने हैं और उन्हें 75 लाख रुपये का चेक, एक प्रशस्ति पत्र और एक शॉल भी भेंट किया।

इस दौरान गुकेश के पिता, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रजनीकांत, माता माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. पद्मावती और राज्य के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन और अन्य भी मौजूद थे, जो सीएम के कैंप कार्यालय में आयोजित किया गया था। कनाडा में टूर्नामेंट में जाने से पहले तमिलनाडु सरकार ने गुकेश को 15 लाख रुपये दिए थे। युवा शतरंज सनसनी विश्व चैम्पियनशिप में गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे।

टूर्नामेंट का स्थान और समय अभी तय नहीं हुआ है लेकिन यह इस साल की आखिरी महीनों में आयोजित होने वाला है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के सचिव देव पटेल पहले ही कह चुके हैं कि भारत विश्व शतरंज चैंपियनशिप के लिए बोली लगाएगा।

### इंटर मियामी की जीत में मेसी ने दागे दो गोल, न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन को 4-1 से दी शिकस्त

**मैसाचुसेट्स (अमेरिका), एजेंसी।** विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। उन्होंने मैच में दो गोल दागे। इंटर मियामी के सुपरस्टार स्ट्राइकर लियोनल मेसी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) के मुकाबले में न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन के घरेलू मैदान में रिकॉर्ड संख्या में मौजूद दर्शकों के सामने अपनी फुटबाल टीम इंटर मियामी को 4-1 से जीत दिला दी। विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। उन्होंने मैच में दो गोल दागे। मियामी की टीम मैच के पहले मिनट में ही टॉमस चानकले के गोल के बाद पिछड़ गई थी, लेकिन मेसी ने 32वें मिनट में स्कोर बराबर करने के बाद मैच के 68वें मिनट में बाएं पैर की किक से सत्र का अपना नौवां गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। मियामी के लिए दो अन्य गोल बेंजामिन क्रेमास्ची (83वें मिनट) और मेसी के दोस्त लुईस सुआरेज (88वें मिनट) ने दागे। सुआरेज के गोल में मेसी ने मदद भी की।

### निशानेबाजी में 21 वां कोटा स्थान हासिल किया

# माहेश्वरी ने रजत पदक जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की माहेश्वरी चौहान ने दोहा में लुसैल शूटिंग रेंज में इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) फाइनल ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप शॉटगन के समापन दिन महिला स्कीट प्रतियोगिता में रजत पदक जीता और इसके साथ ही पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में शूटिंग प्रतियोगिता में भारत के लिए 21वां कोटा स्थान हासिल किया।

60 शॉट के फाइनल में 54 हिट पर बराबरी पर रहने के बाद माहेश्वरी स्वर्ण पदक के शूट-ऑफ में चिली की फ्रांसिस्का क्रोवेटो चाडिड से 3-4 से हार गईं। यह एक शानदार प्रदर्शन था क्योंकि यह जालोर की निशानेबाज के लिए पहला आईएसएसएफ फाइनल था। उनके प्रदर्शन ने भारत को महिलाओं की स्कीट में दूसरा पेरिस कोटा स्थान भी दिलाया। माहेश्वरी ने फाइनल के बाद कहा, मैं रोमांचित हूं। यहां तक पहुंचने के लिए पिछले कुछ वर्षों में काफी मेहनत करनी पड़ी है।

मैं शूट-ऑफ को लेकर थोड़ा निराश हूं, लेकिन कुल मिलाकर, यह बहुत संतोषजनक रहा। दिन की शुरुआत भारतीय खिलाड़ी के क्वालिफिकेशन में शीर्ष पर रहने के साथ हुई, लेकिन अंतिम राउंड में 23 के स्कोर का मतलब था कि वह चौथे स्थान पर रहते हुए शीर्ष छह फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेगी। हालाँकि, उनके 121 अंकों ने उन्हें नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड प्रदान



किया। यह देखते हुए कि चाडिड ने पहले ही प्रतियोगिताओं में कोटा स्थान हासिल कर लिया था और चीन की जियांग यितिंग, छठी क्वालीफायर, अयोग्य थी क्योंकि उनके देश ने पहले ही प्रतियोगिता में अपने कोटा समाप्त कर दिए थे, माहेश्वरी की लड़ाई तीन अन्य लोगों (कजाकिस्तान की असेम ओरीबे, अजरबैजान की रिगिना मेफताखेतदीनोवा और शीर्ष क्वालीफायर स्वीडन की विक्टोरिया लार्सन) के साथ थी। पहले एलिमिनेशन चरण में (20 शॉट के बाद), भारतीय दो निशाने चूकने के कारण चाडिड के बाद दूसरे स्थान पर थी। कजाख ओरिनबे पहले 20 लक्ष्यों में पांच चूक के साथ बाहर होने वाली पहली खिलाड़ी थे।

कोटा की पुष्टि तब हुई जब रिगिना 30 में से पांच शॉट चूक गई और अगले मैच से बाहर हो गई। स्वीडन की विक्टोरिया अन्य उपलब्ध कोटा का दावा करेगी। इससे शायद माहेश्वरी की घबराहट शांत हो गई और जैसे-जैसे फाइनल आगे बढ़ा, वह मजबूत होती गई और 50 शॉट्स के बाद लीडर के पास पहुंच गई। दोनों उस चरण में पांच से चूक गए थे। माहेश्वरी के पास तब स्वर्ण जीतने के तीन मौके थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका और वह तीसरे शूट-ऑफ राउंड में चाडिड को स्वर्ण दिलाने के अपने डबल से पूरी तरह चूक गई।

## तीरंदाज दीपिका फिर टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में फिर से शामिल करने का फैसला किया है। यह निर्णय पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखकर लिया गया है। मातृत्व अवकाश के बाद एक्शन में लौट रहीं दीपिका ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में एशिया कप 2024 में पदक भी जीता था।

रविवार को 29 वर्षीय तीरंदाज ने मुकाबले में दुनिया की दूसरे नंबर की कोरियाई लिम सिह-योन से हारने के बाद 2024 तीरंदाजी विश्व कप चरण 1 में महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा रजत पदक के साथ समाप्त किया। दीपिका के अलावा, तीरंदाज मृणाल चौहान को भी टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया गया है, जबकि प्रवीण जाधव डेवलपमेंट से कोर ग्रुप में आ गए हैं। अपनी 133वीं बैठक के दौरान, एमओसी ने स्क्वैश खिलाड़ियों अनाहत सिंह, अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार को 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारी में मदद करने के लिए टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया।

मंत्रालय के बयान में बताया गया, पिछले दो दशकों में स्क्वैश में भारत के प्रदर्शन को देखते हुए विशेष रूप से राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में एमओसी ने अपने टॉप्स डेवलपमेंट ग्रुप में तीन स्क्वैश खिलाड़ियों को शामिल करने का फैसला किया, जिसका उद्देश्य उन्हें वैश्विक तैयारी के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने में मदद करना है।

### Uber cup

## भारतीय महिला बैडमिंटन टीम का शानदार प्रदर्शन जारी, क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई चैंपियन भारत ने पहले मुकाबले में कनाडा को 4-1 से मात दी थी। भारत ने इसके बाद दूसरे मैच में भी शानदार प्रदर्शन दिखाया और पहले ही मैच में अश्मिता चालिहा के हारने के बावजूद वापसी करते हुए बाकी सारे मैच जीत लिए।

इशारानी बरुआ और अनमोल खरब के चमकदार प्रदर्शन से भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने रविवार को ग्रुप-ए के दूसरे मुकाबले में सिंगापुर को 4-1 से हराकर उबेर कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई चैंपियन भारत ने पहले मुकाबले में कनाडा को 4-1 से मात दी थी। भारत ने इसके बाद दूसरे मैच में भी शानदार प्रदर्शन दिखाया और पहले ही मैच में अश्मिता चालिहा के हारने के बावजूद वापसी करते हुए बाकी सारे मैच जीत लिए। शीर्ष खिलाड़ियो की अनुपस्थिति में खेल रही युवा और कम अनुभवी भारतीय टीम के लिए यह शानदार सप्ताह रहा। खिलाड़ियों ने बड़े मंच पर कौशल और गजब का जज्बा दिखाते हुए पहले दो मुकाबले जीत लिए। चीन ने ग्रुप-ए के अन्य मुकाबले में कनाडा को 3-0 से शिकस्त दी और यह नतीजा भारत के लिए क्वार्टर फाइनल में स्थान पक्का करने के लिए काफी था। दो जीत से भारत अब ग्रुप-ए में चीन की पीछे दूसरे स्थान पर काबिज है। दोनों टीमों मंगलवार को अंतिम ग्रुप मैच में एक दूसरे से भिड़ेंगी जिससे शीर्ष स्थान का फैसला होगा। चालिहा ने शनिवार को कनाडा की मिचेल ली को हराकर उलटफेर किया था, लेकिन वह दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी यिओ जिया मिन से 15-21, 18-21 से हार गईं।



हालांकि, राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोंजेंगबाम और श्रुति मिश्रा की 67वीं रैंकिंग की जोड़ी ने पहले महिला डबल्स में जियाओ एन हेंग और जिन यु जिया पर 21-15, 21-16 से जीत दर्ज कर भारत की वापसी कराई। इशारानी ने दूसरे सिंगल्स मैच में इनसिराह खान को 21-13, 21-16 से मात देकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर की 64वीं रैंकिंग की जोड़ी ने यि टिंग एल्सा लाई और जान मिचेल की जोड़ी को 21-8, 21-11 से शिकस्त देकर भारत को 3-1 की अजेय बढ़त दिलाई। इसके बाद उभरती हुई भारतीय खिलाड़ी अनमोल ने तीसरे सिंगल्स मुकाबले में लि जिन मेगान को 21-15, 21-13 से हराकर भारत की 4-1 से जीत शुनिश्चित की।

## नाडा पैनल से हरी झंडी मिलने के बाद इंडियन ग्रां प्री एक में वापसी करेंगी हिमा दास




**नई दिल्ली , एजेंसी।** स्टार धाविका हिमा दास पिछले महीने सुनवाई के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल द्वारा हरी झंडी दिये जाने के बाद बेंगलुरु में मंगलवार को इंडियन ग्रां प्री एक में वापसी करेंगी। भारत की स्टार धाविका हिमा दास पिछले महीने सुनवाई के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल द्वारा हरी झंडी दिये जाने के बाद बेंगलुरु में मंगलवार को इंडियन ग्रां प्री एक में वापसी करेंगी। एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई। पिछले साल नाडा ने 12 महीने में तीन दफा अपने रहने के स्थान की जानकारी देने में विफलता के बाद 24 वर्षीय हिमा को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था।भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा 30 अप्रैल को होने वाले इंडियन ग्रां प्री 1 की महिलाओं की 200 मीटर रेस की प्रविष्टि सूची में हिमा का नाम शामिल है। भारतीय एथलेटिक्स टीम के एक सूत्र ने पीटीआई को गोपनीयता की शर्त पर कहा, पिछले महीने नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल की सुनवाई में उन्हें प्रतियोगित में हिस्सेदारी के लिए हरी झंडी मिल गयी। हालांकि सूत्र ने यह नहीं बताया कि नाडा के पैनल ने उन्हें फिर से प्रतिस्पर्धा करने की मंजूरी कैसे दी। हिमा ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 400 मीटर का व्यक्तिगत रजत पदक जीता था। वह जकार्ता में स्वर्ण पदक जीतने वाली महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर और रजत पदक जीतने वाली मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी का हिस्सा थीं।

# व्यापार

## डेटा सेंटर कारोबार पर अडानी समूह का फोकस, 11520 करोड़ का किया इंतजाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अडानी ग्रुप की कंपन अडानी एंटरप्राइजेज और एजकॉनेक्स की समान हिस्सेदारी वाले ज्वाइंट वेंचर (जेवी) अडानी कॉनेक्स ने लगभग 1.44 अरब डॉलर (लगभग 11,520 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। डेटा सेंटर बनाने वाली कंपनी ने रविवार को बताया कि यह देश में सबसे बड़ा पर्यावरण अनुकूल फंडिंग है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि फंडिंग की शुरुआती प्रतिबद्धता 87.5 करोड़ डॉलर है, जिसे 1.44 अरब डॉलर तक बढ़ाया जा सकता है। इस फंड से अडानी कॉनेक्स के पास निर्माण के लिए वित्तपोषण की राशि बढ़कर 1.65 अरब डॉलर हो गई है।

बता दें कि अरबपति गौतम अडानी के समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड अगले तीन साल में अपने नए डेटा सेंटर कारोबार पर लगभग 1.5 अरब डॉलर का निवेश कर रही है। एजकॉनेक्स के साथ इसका ज्वाइंट वेंचर बढ़ती डिजिटल सेवाओं की मांग के लिए इंफ्रा प्रोवाइड करने के लिए 2030 तक एक गीगावाट की कुल क्षमता वाले नौ डेटा सेंटर बनाने की तैयारी कर रहा है। बता दें कि अडानी कॉनेक्स का फिलहाल एक डेटा सेंटर चालू है, जो चेन्नई में है। कंपनी ने नोएडा और हैदराबाद इकाइयों में लगभग दो-तिहाई निर्माण पूरा कर लिया है।

## दावा : रोजगार सृजन में लगातार सुधार, युवा वर्ग में बेरोजगारी सबसे ज्यादा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा, देश के युवा वर्ग में बेरोजगारी सबसे ज्यादा है। हालांकि, यह अस्थायी है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि युवा कौशल हासिल करने व उद्यम शुरू करने में ज्यादा समय लगाते हैं। मजबूत वृद्धि के साथ रोजगार सृजन में लगातार सुधार भी हो रहा है।

उन्होंने कहा, अधिक योग्य लोगों में युवा बेरोजगारी ज्यादा है, लेकिन वे ज्यादा वेतन भी कमाते हैं। इंतजार के दौरान वे अनौपचारिक क्षेत्र में काम करते हैं या उद्यमिता में जोखिम उठाते हैं। एमपीसी




सदस्य ने कहा, बेहतर स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, बीमा, शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं के जरिये युवाओं के लिए अवसरों को बढ़ाया जा सकता है। स्थायी सरकारी नौकरियों के जरिये ऐसा संभव नहीं है क्योंकि उनमें ठहराव है।

### विकसित देशों में निवेश से घट रहा एफडीआई

देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) घटने पर गोयल ने कहा, ऐसा इसलिए क्योंकि विकसित देशों में फिर से निवेश के प्रयास हो रहे हैं। वे आर्थिक सुरक्षा बढ़ाने के साथ निवेश को वापस आने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। चुनाव से नीतिगत अनिश्चितता भी है। भारत उन निवेश संधियों को सही कर रहा है, जो विदेशी पूंजी की पक्षपाती थीं। भारतीय अदालतों में होने वाली देरी को कम करने की जरूरत है ताकि हमारी कानूनी प्रणाली में विश्वास बेहतर हो सके।

### भारत के लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल

चीन प्लस वन रणनीति का लाभ उठाने में भारत के सक्षम होने पर गोयल ने कहा, भारत के लिए अमेरिकी ट्रेजरी या अन्य उच्च प्रति व्यक्ति आय वाले देशों की सरकारों के साथ प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल है क्योंकि वे अलग तरीके से प्रोत्साहन देते हैं। हालांकि, हम वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में घरेलू कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सहयोग का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## नई सरकार के लिए प्रमुख एजेंडे में रहेगा नया पैकेज, लोकसभा इलेक्शन के बाद होगा ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार सेमीकंडक्टर कंपनियों के लिए एक नया अरबों डॉलर का प्रोत्साहन पैकेज लाने पर विचार कर रही है। मोदी सरकार ने दिसंबर 2021 में 76,000 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना शुरू की थी। अब इसे बंद कर नया पैकेज लाने की तैयारी है। नया पैकेज पिछले पैकेज से काफी बड़ा होगा। इस पर काम पहले ही शुरू हो चुका है, हालांकि इस संबंध में घोषणाएं लोकसभा इलेक्शन के बाद नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद ही की जाएंगी।

**नई सरकार के लिए प्रमुख एजेंडे में रहेगा नया पैकेज-** टीओआई के सूत्र के मुतबिक नया पैकेज नई सरकार के लिए प्रमुख एजेंडे में से एक होगा और इसे प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेमीकंडक्टर्स के लिए जो नए प्रस्ताव आ रहे हैं, उनके लिए नए पैकेज की जरूरत है। सूत्र ने कहा, मामले को नई कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा। प्रोत्साहन के मामले में राज्य से तुरंत आश्वासन की आवश्यकता होगी। अमेरिका और चीन सेमीकंडक्टर्स इस क्षेत्र में काफी आक्रमाक हैं। दोंनों सेमीकंडक्टर्स में निवेश करने वाली कंपनियों के लिए बहुत बड़े पैकेज की घोषणा की है। अगर भारत की बात करें तो दिसंबर 2021 पैकेज की सफलता सरकार को नए पैकेज पर काम करने के लिए प्रेरित कर रही है।



वर्तमान योजना के तहत केंद्र सरकार पात्र डिस्प्ले और सेमीकंडक्टर फैब्रिकेटर्स को परियोजना की लागत का 50 फीसद तक वित्तीय सहायता देती है। अब आने वाले निवेशों के बाद यह लगभग समाप्त हो गया है। बता दें कई दशकों की कोशिश के बावजूद भारत अपने यहां सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग के लिए कोई विश्वसनीय प्रस्ताव पाने में विफल रहा था। अंततः अमेरिकी कंपनी माइक्रोन ने जून 2023 में गुजरात में 22,500 करोड़ रुपये की टेस्टिंग और पैकेजिंग यूनिट के साथ भारत में एंट्री की।

इसके बाद इस साल फरवरी में लगभग 1.3 लाख करोड़ रुपये के तीन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इन प्रस्तावों में गुजरात के धोलेरा में ताइवानी पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प के साथ भारत की पहली सेमीकंडक्टर फैब यूनिट स्थापित करने के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की 91,000 करोड़ रुपये की परियोजना है।

वहीं, असम के मोरीगांव में टाटा द्वारा ही 27,000 करोड़ रुपये की सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्ट यूनिट और जापान की रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स और थाईलैंड के स्टार्स माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स के साथ सीजी पावर की 7,600 करोड़ रुपये की परियोजना भी शामिल है।

**नए प्रस्तावों की झड़ी-** सरकार को जो नए प्रपोजल मिले हैं, उनमें जापानी शार्प द्वारा देश का पहला डिस्प्ले फैब यूनिट प्रस्ताव शामिल है, जिसमें 40,000 करोड़ रुपये तक का निवेश हो सकता है। भारत में निवेश के लिए इजरायल की चिपमेकर कंपनी टॉवर की भी सेमीकंडक्टर की 90,000 करोड़ रुपये की योजना है।

## नवरत्न का दर्जा पाते ही रॉकेट बने इरेडा के शेयर, 32 रुपये से पहुंचे 190 रुपये के पार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इरेडा के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। इरेडा के शेयर सोमवार को 10 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 192 रुपये पर पहुंच गए हैं। इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डिवेलपमेंट एजेंसी (इरेडा) के शेयर शुक्रवार को 170.65 रुपये पर बंद हुए थे। कंपनी के शेयरों में यह तेज उछाल एक बड़े अपडेट के बाद आया है। इरेडा को डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज की तरफ से नवरत्न का दर्जा मिल गया है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 215 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 49.99 रुपये है। इरेडा के शेयरों का दाम आईपीओ में 32 रुपये था। कंपनी का आईपीओ 21 नवंबर 2023 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था और यह 23 नवंबर तक ओपन रहा। इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डिवेलपमेंट एजेंसी (इरेडा) के शेयर 29 नवंबर 2023 को 50 रुपये के दाम पर बाजार में लिस्ट हुए थे। लिस्टिंग के बाद से कंपनी के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। इरेडा के शेयर 5 महीने में ही 190 रुपये के पार पहुंच गए हैं।

